

// हाथ से किया हुआ दान और मुख से लिया भगवान का नाम कभी व्यर्थ नहीं जाता। \\

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



मन को मना लेना ही सही है क्योंकि हर जिद खुशी नहीं होती।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 17 जून, 2025 | अषाढ़ कृष्ण पक्ष: षष्ठी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 166 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक 26 जून को

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 26 जून को मंत्रिमंडल की बैठक बुला ली है। मुख्य सचिव की तरफ से सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। बैठक में सीएम ग्रुप-सी की नई पोस्टों को लेकर भी कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इसके अलावा सभी विभागों में कर्मचारियों के ऑनलाइन ट्रांसफर को लेकर भी अपनी मंजूरी दे सकते हैं। इससे पहले सीएम सैनी ने 5 मई को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में 24 एजेंडों को रखा गया था, जिसमें से 22 को ही सीएम सैनी ने मंजूरी दी थी।

### दो चरणों में पूरी होगी जनगणना, केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली (अप्रस)।** केंद्र सरकार ने सोमवार को जनगणना के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। राजपत्र में बताया गया है कि जनगणना की प्रक्रिया दो चरणों में पूरी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि पहला चरण 1 अक्टूबर, 2026 से शुरू होगा, जिसमें जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल होंगे, जबकि दूसरा चरण 1 मार्च, 2027 से शुरू होगा। अधिसूचना में कहा गया कि केंद्रीय सरकार, जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र असाधारण, भाग 2, खंड 3 उपखंड तारीख 28 मार्च, 2019 में प्रकाशित भारत सरकार के गृह मंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय) की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 1455(अ) तारीख 26 मार्च, 2019 के अधिक्रमण में, उन बातों के सिवाय, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, यह घोषणा करती है कि भारत की जनसंख्या की जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी। इसमें आगे कहा गया कि उक्त जनगणना के लिए संदर्भ तारीख, संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख के और संघ राज्यक्षेत्र जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्यों के हिमाच्छादित असमकालिक क्षेत्रों के सिवाय, मार्च, 2027 के पहले दिन के 00.00 बजे होगी।




# सामरिक साझेदारी के लिए रोडमैप बनायेंगे भारत और साइप्रस : मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**निकोसिया 16 जून।** भारत और साइप्रस अपनी साझेदारी को सामरिक स्तर तक ले जाने के लिए अगले पांच वर्षों का रोडमैप बनायेंगे, जिसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम और साइबर तथा सुमुद्री क्षेत्र में सुरक्षा पर वार्ता भी शामिल होगी। साइप्रस की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन के लिए साइप्रस के प्रति आभार भी व्यक्त किया। दो दशक से भी लंबे अंतराल के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह आपसी संबंधों में एक नया अध्याय लिखने का अवसर है। दोनों देश साझेदारी को सामरिक दायरे तक बढाने के लिए पांच वर्षों का रोड़ मैप तैयार करेंगे। मोदी ने कहा कि अपनी साझेदारी को स्ट्रेटेजिक दिशा देने के लिए हम अगले पांच वर्षों के लिए एक ठोस रोडमैप बनायेंगे। रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूती देने के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग कार्यक्रम के तहत रक्षा उद्योग पर बल दिया जायेगा। साइबर और मैरीटाइम सिक्योरिटी पर अलग से वार्ता शुरू की जायेगी।

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के विरूद्ध भारत की लड़ाई को समर्थन देने के लिए साइप्रस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, कहा कि क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म के विरुद्ध भारत की लड़ाई में साइप्रस के सतत समर्थन के हम आभारी हैं। आतंकवाद, ड्रग और हथियारों की तस्करी की रोकथाम के लिए, हमारी एजेंसीज के बीच जल्द से जल्द सूचनाओं के आदान प्रदान का मैकेनिज्म तैयार किया जायेगा।

मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लेकर भी भारत और साइप्रस के विचार एक समान हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को समकालीन बनाने के लिए जरूरी सुधार को लेकर हमारे विचारों में समानता है। साइप्रस द्वारा सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करने के लिए हम आभारी हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के साथ संपर्क बढ़ाने पर भी हमने बात की। हम सहमत हैं कि भारत - मध्य एशिया -यूरोप आर्थिक गलियारे से क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रधानमंत्री ने उन्हें साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किये जाने को भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता करार दिया। उन्होंने कहा कि कल, जब से मैंने साइप्रस की धरती पर कदम रखा है, राष्ट्रपति जी और यहाँ के लोगों ने जो अपनापन और स्नेह दिखाया, वह सीधे दिल को छू गया। मुझे साइप्रस के इतने बड़े सम्मान से अलंकृत किया गया। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और साइप्रस की अटूट मित्रता की मोहर है। इसके लिए मैं एक बार फिर आभार व्यक्त करता हूँ।



**मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक अलंकरण**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को यहां साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने राष्ट्रपति महल में प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया और द्विपक्षीय बैठक के बाद एक संक्षिप्त समारोह में साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'दि ग्रांड क्रॉस ऑफ दि ऑर्डर ऑफ मकारियोस-3' से अलंकृत किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि यह किसी नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है और वह भारत के नागरिकों की ओर से पूरी विनम्रता से इस सम्मान को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने भारत एवं साइप्रस के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर भी बल दिया।

# सोनिया गांधी की हालत स्थिर, डॉक्टरों की टीम रख रही स्वास्थ्य पर कड़ी नजर

अस्पताल ने दी अपडेट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर हैं। उन्हें रविवार देर रात पेट की समस्या के कारण दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल के बयान के अनुसार, 78 वर्षीय पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को वर्तमान में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में निगरानी में रखा गया है। अस्पताल ने कहा कि 78 वर्षीय पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष वर्तमान में अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में निगरानी में हैं।

सर गंगा राम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी को रविवार रात 9 बजे सर गंगा राम अस्पताल में पेट से संबंधित समस्या के लिए सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। सोनिया गांधी को इस महीने दूसरी बार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले, 7 जून को शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) अस्पताल में उनका एमआरआई किया गया था। उस दौरान राज्यसभा सांसद ने बेचैनी की शिकायत की थी और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया था। आईजीएमसी के एक डॉक्टर के अनुसार, सोनिया गांधी का ब्लड प्रेशर थोड़ा अधिक था, लेकिन उनकी हालत सामान्य और स्थिर थी।



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने कहा कि सोनिया गांधी को मामूली स्वास्थ्य समस्याओं के कारण नियमित जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया था। पार्टी के एक नेता ने कहा कि सोनिया गांधी की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपनी ऊना यात्रा को छोटा कर दिया और शिमला चले गए।


## पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं: एफएटीएफ

**नई दिल्ली।** एंटी टेररिज्म बॉडी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमला में आतंक फैलाने वालों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता। इसमें टेरर फंडिंग की गई है। एफएटीएफ का यह बयान पहलगाम हमले के 55 दिन बाद आया। एंटी टेररिज्म बॉडी ने कहा कि आतंकी हमले लोगों को मारते हैं, उन्हें अंपग बनाते हैं और दुनियाभर में डर फैलाते हैं।

एफएटीएफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान के लगातार आतंकवाद को समर्थन देने और मल्टीपल फंड्स को हथियारों की खरीद में इस्तेमाल करने की बात को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, ऐसी गतिविधियों की वजह से पाकिस्तान को एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डाला जा सकता है। एफएटीएफ की एशिया-पैसिफिक ग्रुप (एपीजी) की बैठक 25 अगस्त को होनी है। इसके बाद एफएटीएफ के वर्किंग ग्रुप की बैठक 20 अक्टूबर को होगी।

## लुधियाना पश्चिम जीत के बाद रॉकेट की रफ्तार से होगी पंजाब की तरक्की : सिसोदिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना/चंडीगढ़, 16 जून।** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए प्रचार अपने अंतिम चरण में है। मंगलवार शाम को चुनावी प्रचार का सिलसिला पूरी तरह थम जाएगा और वीरवार की सुबह से वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पार्टी के पंजाब मामलों के प्रभारी और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता मनीष सिसोदिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं की चुनाव प्रचार के दौरान मेहनत और समर्पण की तारीफ की यह देखकर बहुत खुशी हुई पार्टी का संगठन पूरी ताकत के साथ मैदान पर डटा हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से आए आप नेता और कार्यकर्ता भीषण गर्मी के बावजूद दिन-रात पार्टी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं और लोगों के बीच आप सरकार के कामों को पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लुधियाना पश्चिम का माहौल देखकर यह साफ है कि जनता विकास चाहती है, इसलिए सिर्फ आम आदमी पार्टी पर ही अपना विश्वास जता रही है।

मनीष सिसोदिया ने लुधियाना की आर्थिक और औद्योगिक पहचान पर जोर देते हुए हुए कहा कि लुधियाना को पंजाब की आर्थिक राजधानी कहा जाता है। इसे पंजाब का मैनचेस्टर भी कहा जाता रहा है। यहां के व्यापार और उद्योगों ने हमेशा पंजाब की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाई है। आप सरकार भी लुधियाना के उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए नई औद्योगिक नीतियों, बेहतर संरचनात्मक ढ़ांचा और प्रशासनिक सहूलियतों के माध्यम से एक उद्योग अनूकूल माहौल प्रदान कर रही है। सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं में बेहतर कनेक्टिविटी, शहरों के बीच बेहतर पहुंच और निवेश के लिए आकर्षक वातावरण शामिल है। आप सरकार का लक्ष्य केवल लुधियाना ही नहीं बल्कि पूरे पंजाब को उद्योग, शिक्षा और रोज़गार के केंद्र के रूप में विकसित करना है।

पंचकूला में अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक

# अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मान रहा है हरियाणा : नायब सैनी

निकायों का बजट 5666 करोड़ तक पहुंचाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 16 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महापौर अपने-अपने शहरों के प्रथम नागरिक होने के साथ-साथ वहां के विकास और प्रगति के प्रत्यक्ष सारथी भी हैं। मुख्यमंत्री सैनी सोमवार को पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मानते हैं। सरकार का विजन है कि शहर 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' का संगम बनें। हमें शहरों को केवल इमारतों और सडक़ों का ढांचा नहीं बनाना, बल्कि उन्हें जीवंत, संवेदनशील और आत्मनिर्भर भी बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की लगभग 900 मिलियन आबादी शहरों में निवास करेगी। यह सिर्फ संख्या नहीं है, बल्कि एक बड़ी संभावना है। नए अवसरों, नए इन्फ्रास्ट्रक्चर और नई जीवनशैली की। हमें इस परिवर्तन को सुनियोजित शहरीकरण, डिजिटल एकीकरण और पर्यावरण संरक्षण के साथ अपनाना है।




मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा में शहरी स्थानीय निकायों को विकास कार्यों के लिए 2014-15 में 1,693 करोड़ रुपये की राशि दी गई थी, जिसे 2025-26 में बढ़ाकर 5,666 करोड़ रुपये कर दिया गया है। चार मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण बनाए गए हैं और फरीदाबाद व करनाल को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत फरीदाबाद में 930 करोड़ रुपये की लागत से 45 परियोजनाएं तथा करनाल में 927 करोड़ रुपये की लागत से 122 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक 2,147 अवैध कॉलोनियों को नियमित किया गया है और नई अधिकृत कॉलोनियों में एक हजार करोड़ रुपये से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 375 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लक्ष्य में से 9 शहरों में 50 बसें चलाई जा चुकी हैं। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 2026 तक 450 बसें खरीदी जाएंगी। उन्होंने सभी महापौरों से आह्वान किया कि वे अपने शहर को ब्रांड बनाएं, उसे विशिष्ट पहचान दें और इस मिशन में भागीदार बनें। उन्होंने विश्वास जताया कि परिषद की यह बैठक सार्थक चर्चा और नए संकल्पों के साथ समाप्त होगी तथा सभी प्रतिनिधि अपने-अपने शहरों में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनेंगे। इस बैठक में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा, ऑल इंडिया मेयर काउंसिल की अध्यक्ष श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, ऑल इंडिया मेयर काउंसिल के ऑर्गेनाइजिंग जनरल सेक्रेटरी एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री उमाशंकर, ऑल इंडिया मेयर काउंसिल की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता, पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल तथा विभिन्न राज्यों के मेयर उपस्थित रहे।

घोषणा | मुख्यमंत्री सुक्खू ने दो बड़े निर्णय लेकर कर दिया व्यवस्था परिवर्तन

# राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने वाले विद्यार्थियों की अटेंडेंस नहीं होगी शॉर्ट

### सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी टाइम में डॉक्टरों से एमआर के मिलने पर लगाई रोक

अर्थ प्रकाश/ संदीप उपाध्याय

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज ऊना जिले के दौरे पर दो बड़े निर्णय लेकर व्यवस्था परिवर्तन कर दिया है। मुख्यमंत्री के दो बड़े निर्णय साबित करते हैं कि वह जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर सख्त निर्णय के साथ पूरी व्यवस्था में परिवर्तन कर देते हैं। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने वाले विद्यार्थियों की अटेंडेंस शॉर्ट नहीं होगी। अटेंडेंस पूरी करने के लिए रिलेक्सेशन की शक्तियां हेडमास्टर और प्रिंसिपल को मिलेंगी। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने स्कूल शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को अधिसूचना जारी करने के दिये निर्देश हैं। ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने मुख्यमंत्री के संज्ञान में विद्यार्थियों की समस्या लाई और मुख्यमंत्री ने निर्णय लिया। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए जाने पर अटेंडेंस में गैरहाजिरी लगती थी जिससे उन्हें परेशानी होती थी।



मुख्यमंत्री ने इसी तरह निर्णय लिया कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव नहीं मिल सकेंगे। टी टाइम के दौरान एमआर की डॉक्टरों से मुलाकात पर रोक लगा दी है। यह व्यवस्था शिमला के चमियाणा अस्पताल से हुई शुरूआत। एमआर व डॉक्टरों की मुलाकात से मरीजों को होने वाली दिक्कतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने बड़ा निर्णय लिया है। सरकारी आदेश के बावजूद एमआर से मिले डॉक्टर तो जवाबदेही तय होगी। ड्यूटी टाइम के बाद एमआर से मिल सकते हैं डॉक्टर, सभी अस्पतालों में धीरे-धीरे नई व्यवस्था लागू हो जाएगी।

### रोजगार पाने के लिए नही देने पड़ेंगे एजेंटों को पैसे: सीएम

राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को विदेशों में नौकरी के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। इस दिशा में विदेश मंत्रालय से आज हिमाचल प्रदेश इलैक्ट्रिोनिक्स विकास निगम (एचपीएसइडीसी) को भर्ती एजेंट लाइसेंस प्राप्त हो गया है। इसके अनुसार निगम को आधिकारिक तौर पर भर्ती करने की गतिविधियां शुरू करने की अनुमति मिल गई है। यह प्रमाण पत्र निगम को विदेशी नियोक्ताओं के लिए भारतीय श्रमिकों की भर्ती करने के लिए अधिकृत किया गया है मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अब भारत के उन अग्रणी राज्यों में शुमार हो गया है जो निजी लाइसेंस धारकों के माध्यम से नहीं बल्कि सरकारी स्तर पर श्रमिकों को विदेश में रोजगार प्रदान करेगा। अब युवाओं को विदेश में रोजगार पाने के लिए एजेंटों को पैसे नहीं देने पड़ेंगे। इससे विदेश में रोजगार के इच्छुक लोगों को गुमराह होने से बचाया जा सकेगा और उन्हें रोजगार के उचित अवसर प्रदान किए जाएंगे। इससे अब निगम अन्तरराष्ट्रीय रोजगार नियुक्तियों को नियंत्रित करने वाले नियमों की अनुपालना सुनिश्चित कर सकेगा। भर्ती एजेंट लाइसेंस निगम की विश्वसनीयता और कानूनी स्थिति को और अधिक सुदृढ़ करेगा। राज्य के लोगों को विदेशों में नौकरी करने के अवसर उपलब्ध होंगे।




लुधियाना पश्चिम में 'आप' हुई मज़बूत, कांग्रेस और अकाली दल के सैकड़ों लोग 'आप' में शामिल

# मान सरकार के जन-हितैषी कार्यों ने जीता लोगों का भरोसा, हर रोज़ स्थानीय लोग पार्टी में हो रहे हैं शामिल: अरोड़ा

**लुधियाना पश्चिम में संजीव अरोड़ा की जीत पक्की, विपक्षी पार्टियां सिर्फ दूसरे स्थान के लिए लड़ रही हैं: बैंस**

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



**लुधियाना, 16 जून।** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में आम आदमी पार्टी का काफिला लगातार बढ़ता जा रहा है। दूसरी ओर कांग्रेस और अकाली दल को बड़ा झटका लगा है। सोमवार को इन पारंपरिक पार्टियों से जुड़े 100 से अधिक लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। अकाली दल की पूर्व कौंसिलर सुखविंदर कौर अपने साथियों निर्मल सिंह, हरकीरत सिंह, गुरलाल सिंह, दिलबाग सिंह, सरबजोत सिंह, जवनप्रीत सिंह, अंशप्रीत सिंह, हरमनदीप सिंह, सतवीर सिंह, गुरबचन सिंह, शतरी सिंह, करन, अमनदीप सिंह, जस्सा, प्रिंसजोत, रमनदीप, हैरी, प्रभजोत, अभिजोत, हर्षदीप, रोशन, सत्यम कुक्कड़, अनमोल, अमनप्रीत सिंह, बलदेव सिंह, निशान सिंह, विजय कुमार, सुखजिंदर सिंह के साथ आप में शामिल हो गईं। इसके अलावा, आप छोड़ कर गए वार्ड नंबर 62 से विशाल बत्रा ने भी घर वापसी की। उनके साथ रोहित, निरंजन, राहुल, अनु सरीन, करन चंडेला, रवि कौशल, मंजीत, निशांत भंडारी, विक्की धालीवाल, नीरज कुमार, सचिन बत्रा, वैभव कुमार, सवदीप मिगलानी, जसवंत सिंह बटोला, रघुबीर, रवि कौशल, नरेश खड़ा, विक्रमजीत जस्सल, अमरजीत जस्सल, सोनू कुमार, बलदेव सिंह, कुलवंत सिंह, गुरप्रीत लक्की, विक्की लाहौट, राकेश कुमार, शूरवीर सिंह, रविंदर कुमार, राजीव जैन, तजिंदर आहूजा, शम्मी हंसा भी आप में शामिल हुए।

अन्य नेताओं में डेनियल खुखर, अनीता शाह, डॉ. गुलशन पीटर, निधि भंडारी, लूक जेम्स (अश्वनी), नथी राम, पास्टर विनोद कुमार, पास्टर विक्टर जेम्स, सिलवेस्टर शाह, कपिल कुमार, विपिन, पास्टर प्रीति जेम्स, विलियम मसीह, उदय टंडन, रिंकू कुमार ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। 'आप' पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस और 'आप' पंजाब के महासचिव डॉ. सनी आहलूवालिया एवं हरचंद सिंह बरसट की मौजूदगी में सभी लोगों को पार्टी में शामिल कराया और उनका स्वागत किया।

आप में शामिल होने वाले सभी लोगों ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के कार्यों और आम आदमी पार्टी की जन-समर्थक नीतियों से बेहद प्रभावित होकर हमने पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। पिछले तीन साल से हमारे घरों के बिजली बिल जीरो आ रहे हैं, जिसके कारण हमें काफी आर्थिक राहत मिली है। वहीं सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की हालत में सुधार होने से भी हमारा आर्थिक दबाव काफी कम हुआ है। सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए अमन अरोड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नितियों और आप सरकार के पिछले तीन सालों के कार्यकाल से प्रभावित होकर रोज सैंकड़ों लोग रोज पार्टी में शामिल हो रहे हैं और पंजाब में पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रहे हैं।

हरजोत बैंस ने कहा कि लुधियाना पश्चिम के लोग आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को जिताने का मन बना लिया है। हमारी कोशिश जीत के अंतर को बढ़ाने के लिए है। आप उम्मीदवार की जीत को लेकर किसी के भी मन में कोई संशय नहीं है। उनका बड़े मार्जिन से जीतना तय है। कांग्रेस और भाजपा दूसरे नंबर के लिए लड़ रहे हैं।

## लुधियाना उपचुनावः वाल्मीकि समाज के धर्मगुरुओं ने 'आप' उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को दिया समर्थन



**चंडीगढ़।** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा समर्थन मिला है। वाल्मीकि समाज के प्रमुख धर्मगुरु बाबा जसपाल नाथ जी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 'आप' उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को समर्थन देने की घोषणा की। इस अवसर पर 'आप' विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने कहा कि पिछली सरकारों ने दलित समाज की अनदेखी की, जबकि आप सरकार ने उन्हें सम्मान और सशक्तिकरण दिया। उन्होंने बताया कि श्री बाल्मीकि तीर्थ मंदिर के विकास के लिए मान सरकार ने करोड़ों रुपये जारी किए हैं। ग्यासपुरा ने कहा कि लाल लकीर के भीतर रहने वाले परिवारों को मालिकाना हक, सरकारी स्कूलों में शिक्षक बहाली, एससी वर्ग के लिए एडवोकेट जनरल कार्यालय में आरक्षण और 68 करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर आप सरकार ने दलित समाज के लिए ठोस कार्य किए हैं। बाबा जसपाल नाथ जी ने कहा कि संजीव अरोड़ा गरीबों के लिए ईमानदारी से काम करते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल द्वारा श्री बाल्मीकि तीर्थ स्थल के लिए 35 करोड़ के आठ प्रोजेक्टों की घोषणा से समाज में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने दलित समाज से अपील की कि वे बिना किसी संशय के आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को वोट दें, क्योंकि आप ही दलित बच्चों को शिक्षा और सम्मान दिला सकती है।

## लुधियाना पश्चिम में कांग्रेस और भाजपा को बड़ा झटका, सैकड़ों नेता 'आप' में शामिल



**लुधियाना।** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव से पहले कांग्रेस और भाजपा को एक और बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। सोमवार को सैकड़ों कांग्रेसी नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। शामिल होने वाले नेताओं में दीप संधू, भोला, जस्सा, गोली, मोनी, गुरप्रीत सिंह, विजय पाल, मुकेश, बंटी गुज्जर, हैप्पी गुज्जर, आदित्य, सुलेख चंद, राहुल, शिव, शिवम, अजय, अश्विनी, साहिल, अभिषेक, अनिल, सुरिंदर, मीनू, अक्षय, गगन, सचिन, आकाश, जतिन, अंश, रोहित, गुरनाइक, रॉबिन, सैम और जतिंदरपाल सिंह बेदी शामिल हैं। दूसरी ओर, भाजपा में भी बड़ी फूट देखने को मिली जहां भाजपा नेता जतिंदरपाल सिंह बेदी, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रोहित मान, उपाध्यक्ष प्रिंस बागान और अमित कुमार आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इसके अलावा सुमित सूद, काकू सूद, सुनील, शम्मी, करम, संजीव कुमार चावला, विशाल, पवन, मनदीप, आशु, अरुण, साहिल, रोहन, करण, विपिन कुमार, जसवंत कौर और मधु बाला भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध ने आप नेता डॉ. सन्नी आहलूवालिया, हरचंद सिंह बरसट की मौजूदगी में सभी लोगों को आप में शामिल किया और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री तरुणप्रीत सौंध ने कहा कि इन सभी लोगों का आप में शामिल होना यह साबित करता है कि लोग मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार के जनहितैषी कार्यों से खुश हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि लुधियाना पश्चिम के लोग आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा को रिकॉर्ड मतों से जिताकर विधानसभा भेजेंगे।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 107वें दिन 102 नशा तस्कर गिरफ़्तार; 688 ग्राम हैरोइन व 26 हज़ार रुपये की ड्रग मनी बरामद

**नशा छुड़वाने के प्रयासों के तहत 55 व्यक्तियों को इलाज के लिए किया गया रजामंद**

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 16 जून।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर राज्य से नशों का पूरी तरह खात्मा करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'युद्ध नशों विरुद्ध'' के 107वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 102 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया और उनके कब्जे से 688 ग्राम हैरोइन, 105 किलो भुक्की, 2164 नशे की गोलियाँ तथा 26,910 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। इस प्रकार अभियान के मात्र 107 दिनों में कुल गिरफ़्तार किए गए तस्करों की संख्या 17,749 तक पहुँच चुकी है। यह ऑपरेशन डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों के तहत राज्य के सभी 28 जिलों में एक साथ चलाया गया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पीज़ को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाया जाए। इसके साथ ही नशों के विरुद्ध इस जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में एक 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी गठित की गई है। ऑपरेशन की जानकारी देते हुए स्पेशल डीजीपी (कानून और व्यवस्था) अरपित शुक्ला ने बताया कि 95 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1400 से अधिक पुलिसकर्मियों की भागीदारी वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 479 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्य भर में 76 एफआईआर दर्ज की गईं। स्पेशल डीजीपी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नशों के खात्मे के लिए लागू की गई तीन-स्तरीय रणनीति – प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट), पुनर्वास (डी-एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन) – के अंतर्गत पंजाब पुलिस ने आज 55 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास इलाज के लिए प्रेरित किया है।

## लुधियाना पश्चिमी उपचुनाव: पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने डीसी व पुलिस आयुक्त को मतदान से 72, 48 और 24 घंटे पहले अतिरिक्त सतर्कता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**गर्मी के मद्देनजर मतदाताओं की सुविधा के लिए समूचे प्रबंध करने के निर्देश**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 जून।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सिबिन सी ने सोमवार को 64-लुधियाना पश्चिमी विधानसभा सीट पर उपचुनाव की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक की। इस बैठक में उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु जैन, पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा और रिटर्निंग अधिकारी रूपिंदर पाल सिंह शामिल थे। उपचुनाव प्रक्रिया के इस अंतिम चरण के दौरान, सीईओ ने जिला अधिकारियों को बढ़ी हुई सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान, सिबिन सी ने जिला अधिकारियों को मतदान से 72, 48 और 24 घंटे पहले से लेकर चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक सतर्कता और बढ़ाने का आदेश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि 17 जून को शाम 6 बजे चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्वाचन क्षेत्र के बाहर के मतदाता और नेता इलाका छोड़ दें। उन्होंने शराब, नकदी, ड्रग्स और अन्य सामग्री की अवैध तस्करी या वितरण को रोकने के लिए 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी को मजबूत करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने आगे कहा कि यदि मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी या किसी अन्य प्रकार की सामग्री के वितरण की कोई शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गर्मी के मद्देनजर मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, छबील, प्रतीक्षा क्षेत्र, शौचालय और शेड सहित मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी प्रावधान किए जाएं।

उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोविड -19 सलाह का पालन करने के लिए भी प्रेरित करने की सलाह दी। सिबिन सी ने वास्तविक समय की निगरानी के लिए मतदान केंद्रों की 100% लाइव वेबकास्टिंग, साथ ही मतदान केंद्रों, स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल और चिकित्सा सुविधाओं के बारे में भी पूरी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता के किसी भी उल्लंघन पर चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार तुरंत कार्रवाई की जाए। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस आयुक्त ने सीईओ को सूचित किया कि उपचुनाव के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, और चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।

## 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सफाई इंस्पेक्टर विजिलेंस ब्यूरो ने किया रंगे हाथों काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 जून।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी अपनी मुहिम के तहत नगर काउंसिल जलालाबाद, जिला फाजिल्का में तैनात सैनिटेशन इंस्पेक्टर गुरबिंदर सिंह को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जलालाबाद के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त इंस्पेक्टर ने शहर में उसके द्वारा किए गए सफाई कार्यों के बिल पास करने के बदले उससे 20,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी, लेकिन अनुरोध करने पर वह 15,000 रुपये लेने के लिए राज़ी हो गया।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी को शिकायतकर्ता से 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। इस संबंध में नगर काउंसिल के उक्त कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत विजिलेंस ब्यूरो के थाना फिरोज़पुर रेंज में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को कल अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की आगे की जांच जारी है।

## पंजाब सरकार ने आरसी व डीएल के बैकलॉग संबंधी लिया बड़ा फैसला; क्षेत्रीय अधिकारियों को दिए गए पंजीकरण अधिकार

**फैसले से आम जनता को मिलेगी बड़ी राहत; निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर नागरिक ले सकेंगे लाभ: भुल्लर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 जून।** पंजाब सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पंजीकरण प्रमाणपत्रों (आरसी) और ड्राइविंग लाइसेंसों (डीएल) के पंजीकरण और नवीनीकरण के अधिकार क्षेत्रीय अधिकारियों को सौंप दिए हैं। इस कदम का उद्देश्य आरसी और डीएल पंजीकरण तथा नवीनीकरण के वर्षों से लंबित बैकलॉग कार्य को पूरा करना है और आम जनता को बड़ी राहत प्रदान करना है।

पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के नागरिक एक निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर इस राहत का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अब आवेदक अपने पुराने वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस को ऑनलाइन करवा सकते हैं और संबंधित दस्तावेजों का नवीनीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुराने आरसी और डीएल के नवीनीकरण से संबंधित दस्तावेजों की स्वीकृति और उनका ऑनलाइन न होना एक बड़ी बाधा बना हुआ था।

मंत्री ने बताया कि पंजाब के सभी पंजीकरण अधिकारियों और लाइसेंसिंग अधिकारियों को एक लिखित पत्र के माध्यम से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं और बैकलॉग को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जो दस्तावेज केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें राज्य परिवहन आयुक्त के कार्यालय द्वारा 24 मई, 2024 को जारी पत्र की शर्तों के अनुसार निपटाने के लिए कहा गया है।

स. भुल्लर ने बताया कि आरसी और डीएल के बैकलॉग के संबंध में एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट से सत्यापित हलफनामा लिया जाएगा। इस हलफनामे में बैकलॉग के माध्यम से ऑनलाइन कराने, अवधि, श्रेणी, मैनुअल जारी करने वाले प्राधिकरण, कर भुगतान और कोई बकाया न होने तथा सभी जानकारी के सही होने संबंधी प्रविष्टि करनी होगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि आरसी के बैकलॉग को ऑनलाइन करते समय, जिस वाहन पर पंजीकरण नंबर लगा है, उसका मोटर वाहन निरीक्षक द्वारा चेसिस और इंजन नंबर के पूरे विवरण के साथ भौतिक जांच रिपोर्ट भी अपलोड करना अनिवार्य होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आरसी बैकलॉग करते समय विभिन्न व्यक्तियों के वाहन हस्तांतरण रिकॉर्ड भी अपलोड किए जाएं, ताकि पिछले मालिकों का रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखा जा सके।

स. भुल्लर ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस के बैकलॉग के संबंध में, आवेदन मूल प्राधिकरण के माध्यम से किया जा सकेगा। डीलिंग स्टाफ कार्यालय रिकॉर्ड से पहले और बाद में जारी किए गए लाइसेंस की प्रमाणित/सत्यापित प्रति को सारथी सॉफ्टवेयर में अपलोड करेगा, जिसके बाद लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा उसे अनुमोदित किया जाएगा।

## पंजाब कैबिनेट सब-कमेटी ने की 12 कर्मचारी यूनियनों से बैठकें, जायज़ माँगों पर शीघ्र कार्रवाई का दिया भरोसा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 जून।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता वाली कैबिनेट सब-कमेटी ने आज यहाँ लगभग एक दर्जन कर्मचारी यूनियनों के साथ व्यापक विचार-विमर्श करते हुए उनकी माँगों व मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर कमेटी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जायज़ मुद्दों के समाधान हेतु समयबद्ध ढंग से आवश्यक कार्रवाइयाँ तेज़ की जाएँ।

पंजाब सिविल सचिवालय स्थित वित्त मंत्री के कार्यालय में लगभग चार घंटे तक चली बैठकों में कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा, कुलदीप सिंह धालीवाल और डॉ. रवजोत सिंह द्वारा विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों से सार्थक संवाद किया गया। बैठकों में भाग लेने वाली यूनियनों में कंप्यूटर अध्यापक संघर्ष कमेटी, सेंटर ऑफ ट्रेड यूनियन; सर्व शिक्षा अभियान/मिड-डे मील दफ्तरी कर्मचारी यूनियन, पीएस टैट पास डीपीई यूनियन, बेरोजगार पीएस टैट आर्ट एंड क्राफ्ट संघर्ष यूनियन, डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट, आदर्श स्कूल टीचिंग व नॉन-टीचिंग कर्मचारी यूनियन, पावरकॉम ट्रांसको आउटसोर्स वर्कर यूनियन, मानभत्ता वर्कर साझा मोर्चा, पंजाब स्टेट मिनिस्ट्रियल सर्विस यूनियन, जॉइंट एक्शन कमेटी ऑफ वेट्स फॉर पे पैरिटी तथा पंजाब रोडवेज स्टेट ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन शामिल थीं।

बैठकों के दौरान कैबिनेट सब-कमेटी ने यूनियन नेताओं द्वारा सौंपे गए माँग पत्रों में उठाए गए बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने संबंधित विभागों को कर्मचारियों की जायज़ माँगों के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही तेज़ करने के निर्देश दिए।

बैठकों में भाग लेने वाले यूनियन प्रतिनिधियों में कंप्यूटर अध्यापक संघर्ष कमेटी से जोली सिंगला, कुलदीप सिंह, कुलविंदर सिंह; सेंटर ऑफ ट्रेड यूनियंस से देव राज वर्मा, मख्खन सिंह, जसमेर कौर; सर्व शिक्षा अभियान/मिड-डे मील दफ्तर कर्मचारी यूनियन से रजिंदर सिंह, परवीन शर्मा, जगमोहन सिंह; पीएस टैट पास डीपीई यूनियन से रमनप्रीत सिंह, मलकीअत सिंह, हरदीप सिंह; बेरोजगार पीएस टैट आर्ट एंड क्राफ्ट संघर्ष यूनियन से राकेश कुमार, हरबंस सिंह, किरणदीप कौर; डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट से विक्रम देव सिंह, महिंदर कुमार, डॉ. टीना; आदर्श स्कूल टीचिंग व नॉन-टीचिंग यूनियन से जसबीर सिंह, अमरजोत जोशी, सुखदीप कौर; पावरकॉम ट्रांसको आउटसोर्स वर्कर यूनियन से हरविंदर शर्मा, मनदीप सिंह, मनदीप कौर; मानभत्ता वर्कर साझा मोर्चा से ममता शर्मा, मनदीप कौर, शकुंतला शर्मा; पंजाब स्टेट मिनिस्ट्रियल सर्विस यूनियन से गुरनाम सिंह विरक, तरसेम सिंह, अनुज कुमार; जॉइंट एक्शन कमेटी ऑफ वेट्स फॉर पे पैरिटी से डॉ. जतिंदर सिंह, डॉ. पुनीत, डॉ. जसलीन कौर तथा पंजाब रोडवेज स्टेट ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन से हरमिंदर सिंह व उनके साथी शामिल थे।


DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES

DRAW TIME: 06:00 PM ONWARDS — DRAW DATE:16/06/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 10 GOLD MONDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 10/- Per Ticket

1st Prize Amount (10)Rs.10,000/-,Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.500/-, Total Prize Amount Rs.10500/- each)
9338

2nd Prize Amount (10)Rs.2000/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.200/-, Total Prize Amount Rs.2200/- each)
9632

3rd Prize Amount (100)Rs.500/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs.550/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0634 | 2176 | 3442 | 4146 | 4224 | 4969 | 6594 | 7948 | 8976 | 9875 |

4th Prize Amount (100)Rs.200/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.20/-, Total Prize Amount Rs.220/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0513 | 0829 | 1559 | 2951 | 3055 | 3449 | 5940 | 7489 | 7951 | 8873 |

5th Prize Amount (2000)Rs.100/-, Common to all series (On last 4 digits )
(Seller Prize Amount Rs.10/-, Total Prize Amount Rs.110/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0016 | 0017 | 0033 | 0173 | 0177 | 0182 | 0188 | 0239 | 0276 | 0297 |
| 0298 | 0445 | 0506 | 0579 | 0679 | 0693 | 0703 | 0782 | 0863 | 0910 |
| 0912 | 0916 | 0942 | 0949 | 0991 | 1048 | 1105 | 1162 | 1164 | 1191 |
| 1271 | 1294 | 1380 | 1475 | 1476 | 1485 | 1508 | 1532 | 1544 | 1552 |
| 1613 | 1629 | 1644 | 1699 | 1721 | 1731 | 1757 | 1765 | 1774 | 1792 |
| 1821 | 1897 | 1904 | 1909 | 1917 | 1947 | 2019 | 2091 | 2100 | 2129 |
| 2143 | 2193 | 2243 | 2277 | 2295 | 2350 | 2380 | 2395 | 2429 | 2458 |
| 2546 | 2549 | 2571 | 2658 | 2774 | 2794 | 2834 | 2864 | 2938 | 2953 |
| 3000 | 3062 | 3083 | 3161 | 3254 | 3380 | 3476 | 3504 | 3576 | 3747 |
| 3750 | 3779 | 3849 | 4113 | 4123 | 4207 | 4229 | 4236 | 4392 | 4421 |
| 4432 | 4496 | 4506 | 4523 | 4576 | 4625 | 4727 | 4764 | 4840 | 4848 |
| 4877 | 4939 | 5001 | 5015 | 5043 | 5063 | 5126 | 5242 | 5282 | 5321 |
| 5338 | 5378 | 5462 | 5466 | 5468 | 5585 | 5606 | 5645 | 5720 | 5731 |
| 5786 | 5825 | 5854 | 5859 | 5913 | 5948 | 6014 | 6020 | 6066 | 6074 |
| 6130 | 6173 | 6216 | 6254 | 6295 | 6310 | 6392 | 6428 | 6499 | 6554 |
| 6879 | 6912 | 6980 | 7068 | 7103 | 7127 | 7179 | 7181 | 7193 | 7355 |
| 7358 | 7361 | 7371 | 7493 | 7497 | 7512 | 7620 | 7659 | 7670 | 7815 |
| 7822 | 7849 | 7912 | 7950 | 8133 | 8144 | 8390 | 8450 | 8489 | 8505 |
| 8568 | 8663 | 8691 | 8754 | 8774 | 8861 | 8922 | 9023 | 9052 | 9053 |
| 9062 | 9077 | 9139 | 9191 | 9241 | 9276 | 9609 | 9641 | 9863 | 9918 |

Issued by DIRECTORATE OF PUNJAB STATE LOTTERIES
Kindly check the final result with Official Gazette Notification


## युद्धोन्मादी अमेरिका और इजराइल के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 16 जून।** अमेरिका और इजराइल की युद्धोन्मादी नीतियों के खिलाफ रविवार को क्रांतिकारी केंद्र पंजाब और पेंडू मजदूर यूनियन ने शहीद नछत्तर सिंह मेमोरियल हॉल से विरोध प्रदर्शन शुरू किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी नेता कंवलजीत खन्ना ने कहा कि अमेरिका-इजराइल गठबंधन ने फिलिस्तीन को तबाह कर दिया है और अब ईरान पर हमलों के जरिए पूरे मध्य पूर्व को युद्ध में झोंका जा रहा है।

मजदूर नेता अवतार सिंह रसूलपुर ने गाजा में राहत ले जा रहे बुद्धिजीवियों की गिरफ्तारी और अमेरिका में अप्रवासियों पर हो रहे अत्याचारों की निंदा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ये नीतियां उसके पतन का कारण बनेंगी।

प्रदर्शनकारियों ने तहसील रोड पर रैली निकालते हुए अमेरिका, डोनाल्ड ट्रंप और नेतन्याहू के खिलाफ जोरदार नारे लगाए और फिलिस्तीन की आजादी का समर्थन किया।

इस मौके पर किसान नेता जगतार सिंह देहरका, हरजिंदर कौर, सुखवंत कौर गलाब, मजदूर नेता जसविंदर सिंह भामल, मदन सिंह, जसवंत कलेर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाकियू राजेवाल ने दुकानदारों को टैक्स फ्री व्यापार नीति के खिलाफ किया जागरूक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 16 जून।** भारतीय किसान यूनियन (राजेवाल) ने केंद्र सरकार की टैक्स मुक्त व्यापार नीति के खिलाफ अभियान चलाते हुए दुकानदारों को जागरूक किया। भाकियू के जिलाध्यक्ष किरपाल सिंह स्याऊ, राज्य सचिव परम बैदवान, तेजिंदर सिंह पूनिया व अन्य नेताओं ने शहर में पर्चे बांटते हुए बताया कि केंद्र सरकार अमेरिका और अन्य शक्तिशाली देशों के साथ टैक्स फ्री व्यापार समझौता कर रही है, जिससे देश के किसान, दुकानदार और छोटे व्यापारी खत्म हो सकते हैं।

नेताओं ने कहा कि जैसे 2021 में संयुक्त किसान आंदोलन के जरिए काले कृषि कानूनों को रद्द कराया गया, वैसे ही अब सभी वर्गों को एकजुट होकर इस टैक्स फ्री नीति के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के इस फैसले में पंजाब सरकार भी सहयोग कर रही है। किसान आंदोलन को दबाने के लिए राज्य की सीमाएं सील कर दी गई और विरोध को बदनाम करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में जीत सिंह मानकपुर, सरपंच मनजीत सिंह तंगोरी, हरबंस सिंह मोटे माजरा, अमरीक सिंह कराला और संगठन के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

किसान नेताओं ने जनता से अपील की कि वे सरकार की नीतियों के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के लिए तैयार रहें।

## सलेमपुरा टिब्बा की रहने वाली सरबजीत कौर उर्फ सरबी 10 ग्राम हीरोइन सप्लाई करते गिरफ्तार किया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं 15 जून।** सिधवां बेट पुलिस थाना में एक महिला को 10 ग्राम हेरोइन की सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सिधवां बेट के सलेमपुरा टिब्बा की रहने वाली सरबजीत कौर उर्फ सरबी के रूप में हुई है।



पुलिस द्वारा पकड़ी गई महिला तस्कर से पूछताछ की जा रही है, उसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस कर्मचारी करमजीत सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान सिधवां बेट से सतलुज दरिया की तरफ जाते समय एक महिला को ड्रेन पुली पर देखा गया। पुलिस की गाड़ी देखकर महिला घबरा गई। महिला पुलिस कर्मी द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।पूछताछ में सरबजीत ने खुलासा किया कि उसके पति पर नशा तस्करी के दो मामले दर्ज हैं। महिला तस्कर ने बताया कि पति के जेल जाने के बाद उसने खुद नशा तस्करी का काम शुरू कर दिया। वर्तमान में उसका पति जमानत पर बाहर है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ थाना सिधवां बेट में मामला दर्ज कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# डिजीटल पहल के अंतर्गत सारे देश में योजनाओं का डिजीटलीकरण किया जा रहा : अनिल विज

## हरियाणा में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने का पूरा प्रयास, लोगों को सुगम रूप से परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हो

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अंबाला, 16 जून।** हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने आज कहा कि डिजीटल पहल के अंतर्गत सारे देश में योजनाओं का डिजीटलीकरण किया जा रहा है क्योंकि यदि हम तकनीक के साथ नहीं चलेंगे तो दुनिया में पिछड जाएगें। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हरियाणा में परिवहन क्षेत्र को तकनीक/डिजीटलीकरण के सहारे आगे बढाया जा रहा है और भ्रष्टाचार पर नकेल कसने का पूरा प्रयास किया जा रहा है ताकि लोगों को सुगम रूप से परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। श्री विज ने कहा कि सडक दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हरियाणा में फोर-ई अर्थात शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और पर्यावरण एवं आपातकाल पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है।

श्री विज आज यहां चण्डीगढ में केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा आयोजित की जा रही दो दिवसीय परिवहन क्षेत्रीय कार्यशाला के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर केन्द्रीय मंत्रालय सहित 12 राज्यों के प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में केन्द्रीय मंत्रालय व एनआईसी सहित हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, लदाख, दिल्ली तथा चण्डीगढ के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

**परिवहन प्रणाली को नियंत्रित करने व पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक पर पूर्णत: उतरना होगा:** परिवहन मंत्री श्री विज ने हाल ही में भारत–पाकिस्तान के युद्ध तथा वर्तमान में ईरान व इजराइल युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि आज के युग में युद्ध भी तकनीक के आधार पर लडा जाता है। इसका बेहतरीन नमूना हाल ही में भारत की ब्रहमोस मिसाइल का है जिसने पाकिस्तान में जाकर सटीक निशाने लगाए है। इसी प्रकार, ईरान में इजराइल ने तकनीक का सहारा लेते हुए ईरान के न्यूक्लियर वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। इसी तरह, परिवहन प्रणाली को नियंत्रित करने व पारदर्शी बनाने के लिए तकनीक पर पूर्णत: उतरना होगा ताकि हमें यह पता रहे कि कौन सी गाडी किस प्रदेश में किस जगह पर किसी स्पीड से जा रही है।

**प्रधानमंत्री वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश की श्रेणी में लाना चाहते हैं:** श्री विज ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन की बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश की श्रेणी में लाना चाहते हैं और इस लक्ष्य को पाने के लिए हमें तकनीक का सहारा जरूरी है। इसी प्रकार, श्री विज ने कहा कि ई–परिवहन प्रणाली को ओर अधिक पुख्ता बनाने के लिए हमें आगे बढना होगा और इस दिशा में हम अपने अनुभवों व विचारों को सांझा करके इस प्रणाली में सुधार ला सकते हैं।

**हमें भारतवर्ष को 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना होगा:** परिवहन मंत्री ने आए हुए राज्यों के प्रतिभागियों में लोगों की सेवा करने की दिशा में कार्य करने के उदेश्य के तहत उदाहरण देते हुए कहा कि आज हमने दिया जलाकर इस कार्यशाला का शुभारंभ किया है और यह हमारी परंपरा रही है। मैं इस बात से यह समझता हूं कि यह दिया मुझे अंधेरे से रोशनी में ले जाओ का प्रतीक है। इसलिए आने वाली पीढियों के लिए संसार में उजाला करने हेतू आखिरी सांस तक दिया की बाती की जलना होगा और भारतवर्ष को 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना होगा। आज के युग में डाटा के बारे में जिक्र करते हुए श्री विज ने कहा कि आज हर चीज का डाटा उपलब्ध है और हम सडक पर आने वाली प्रत्येक गाडी को अपने आनलाईन डाटा के सिस्टम के साथ जोडेंगे। इसके लिए केन्द्रीय मंत्रालय ने कई साफटवेयर व ऐप भी बनाई है जिनको अक्षरक्ष: संचालित करना है ताकि परिवहन के क्षेत्र से जुडे प्रत्येक व्यक्ति का जीवन सुगम हो।

**हमें तकनीक का सहारा लेकर सडक दुर्घटनाओं में कमी लानी है:** इसी प्रकार, श्री विज ने दुर्घटनाओं के बारे में बात करते हुए कहा कि हमें तकनीक का सहारा लेकर सडक दुर्घटनाओं में कमी लानी है ताकि लोगों की कीमती जान को बचाया जा सकें। उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण वाहन यातायात में अभूतपूर्व वृद्धि के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भी चिंताजनक वृद्धि हुई है। इससे न केवल परिवारों की आजीविका पर असर पडता है बल्कि इनसे दुख और पीड़ा के साथ–साथ आर्थिक नुकसान भी होता है। इसलिए सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री विज ने कहा कि देशभर में एक जनवरी, 2023 से 31 मार्च, 2025 तक 10 लाख से अधिक सडक दुर्घटनाएं घटित हुई हैं जबकि हरियाणा में इस अवधि के दौरान 23 हजार से अधिक सडक दुर्घटनाएं घटित हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार राज्य सड़क सुरक्षा प्रयासों को बढ़ावा देने और ӄ4म्ӄ् पर कार्य कर रही है षिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग, पर्यावरण एवं आपातकाल के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि परिवहन के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए षिक्षा एक जरूरी घटक है जबकि प्रर्वतन दायित्व निर्वाह के लिए आवष्यक है। इसी प्रकार, इंजीनियरिंग गाडियों, सडकों इत्यादि से जुडे इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए आवष्यक है तथा पर्यावरण एवं आपातकाल को ध्यान में रखते हुए में आगे बढना है।

**हमें सिस्टम को पुख्ता करने के लिए तकनीक का सहारा लेना होगा ताकि मानव हस्तक्षेप को खत्म किया जा सकें:** पिछले दिनों अखिल भारतीय परिवहन मंत्रियों की कान्फ्रेंस का जिक्र करते हुए श्री विज ने कहा कि इस कान्फ्रेंस के दौरान परिवहन क्षेत्र में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए कई कदम उठाने का निर्णय लिया गया हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए हमें सिस्टम को पुख्ता करने के लिए तकनीक का सहारा लेना होगा ताकि मानव हस्तक्षेप को खत्म किया जा सकें। उन्होंने अपने गृह मंत्री रहते हुए कार्यकाल में डायल 112 के क्रियान्वयन का जिक्र करते हुए कहा कि उनके गृह मंत्री के कार्यकाल के दौरान डायल 112 को क्रियान्वित किया गया और लगभग आठ मिनट में डायल 112 की गाडी दुर्घटना स्थल पर पहुंच जाती थी क्योंकि हमारी पहली डयूटी लोगों की जान बचाना है। इस कार्यषाला में इस प्रकार से कई बेहतरीन सुझाव आ सकते है।

**हरियाणा सरकार ई–ट्रांसपोर्ट मिशन मोड परियोजना के अंतर्गत विभिन्न पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध:** उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ई–ट्रांसपोर्ट मिशन मोड परियोजना के अंतर्गत विभिन्न पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन में केन्द्रीय मंत्रालय के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत हाल के वर्षों में नई सुविधाओं को शामिल किया गया है, जिसमें आधार प्रमाणित ऑनलाइन सेवाएँ, पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा, स्वचालित परीक्षण स्टेशन, ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, ई–विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट, संजया पोर्टल और सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस योजना शामिल हैं, जिन्हें हरियाणा में लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (प्क्ज्त) के अंतर्गत हम व्यापक ड्राइविंग प्रशिक्षण प्रदान करके, जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को ब?वा देना चाहते हैं ताकि यातायात संबंधी दुर्घटनाओं को कम किया जा सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### रेत से भरी ट्रालियों को पकड़ा, 2 लाख का ठोका जुर्माना



**इन्द्री (अप्रस/सीमा देवी)।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है। इसी कड़ी में खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम द्वारा चैकिंग के दौरान इंद्री के पास 6 मीट्रिक टन रेत से भरी ट्रैक्टर–ट्राली को पकड़ा गया। चालक राजेंद्र पुत्र बचना सिंह निवासी गांव चंद्राह के पास ट्रैक्टर–ट्राली में भरे रेत का बिल नहीं पाया गया। इसी कारण वाहन को जब्त कर एनफोर्समेंट ब्यूरो के थाने में पहुंचाया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि राजेंद्र पर 2 लाख 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक महीने के भीतर जुर्माने की राशि अदा न करने पर वाहन को जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### न्यूरोथेरेपी से सभी शारिरिक समस्याओं का निदान: खुरानिया



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** होली पथ विशेष स्कूल में न्यूरोथेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा राज्य के न्यूरोथेरापी को–आर्डिनेटर दीपक वोहरा न्यूरोथेरेपिस्ट व उनकी टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों की जांच व थेरेपी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम बहादुर खुरानिया प्रधान इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम को संचालित किया। स्कूल के कैंप में दीपक वोहरा ने न्यूरोथेरेपी के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि न्यूरोथेरेपी एक प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है जो बिना दवाई व बिना किसी मशीन के थेरेपी दी जाती है। न्यूरोथेरेपी से सभी शारिरिक समस्याओं का निदान किया जाता है व संपूर्ण समस्या के उपचार के परिणाम सफल रहे हैं। जांच कैंप व न्यूरोथेरेपी देने व कैथल में थेरेपी होली पथ स्कूल में भी शुरू करने की योजना भी बनाई गई। होली पथ विशेष स्कूल में आज के मुख्य अतिथि ने 11000 अनुदान व समय समय पर सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया यह स्कूल वर्ष 2014 से दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथ ने संस्थान के कार्यों की प्रसंशा की। कार्यक्रम में सहायक नीरज, पंकज बिन्दलिश, डॉ. बीरबल रेड क्रॉस सोसायटी, संस्थान के प्रधान प्रमोद, सचिव गुरुदेव, उपप्रधान सुनील मिल, कैशियर कुसुम रानी, संजय, नसीब, दिनेश, योगेश, पंकज नारंग, अर्चना, निशा, अशोक, आशु, रामपाल, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सीएम सैनी ने बैठक में लगाई फटकार

# प्रोजेक्टों की ड्राइंग में देरी करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

सौ करोड़ रुपये से अधिक की निविदा राशि वाली योजनाओं की बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिंचाई और जल संसाधन विभाग के अंतर्गत पांच प्रमुख परियोजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं, जिनमें से प्रत्येक में 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ाना, सिंचाई दक्षता में सुधार करना शामिल है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परियोजनाओं की इंजीनियरिंग ड्राइंग में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। ड्राइंग के अनुमोदन में देरी के चलते परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब होता है। उन्होंने ड्राइंग के अनुमोदन में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने परियोजनाओं में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि दादूपुर से हमीदा हेड तक नई समानांतर लाइन चैनल (पीएलसी) और डब्ल्यूजेसी का आधुनिकीकरण 274.87 करोड़ रुपये के साथ किया जा रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य गैर-मानसून अवधि के दौरान हथिनीकुंड बैराज से होने वाले रिसाव के नुकसान को कम करना है। अब तक 64.5 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। परियोजना को मार्च, 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डब्ल्यूजेसी ब्रांच (75.25 किमी) तक ऑग्मेंटेशन नहर का पुनर्निर्माण 383 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना का 81 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और जून, 2025 तक पूरा होने की संभावना है। इसी प्रकार पीडी ब्रांच (मुनक से खुबडु हेड) की लाइनिंग और रीमॉडलिंग का कार्य 197.80 करोड़ रुपए से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत 145.25 किलोमीटर में कंक्रीट लाइनिंग का कार्य शामिल है।

हरियाणा सरकार इन मेगा-प्रोजेक्ट्स के समय पर क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है, जो राज्य की जल सुरक्षा और कृषि स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। चुनौतियों पर काबू पाने और तेजी से काम पूरा करने के लिए निरंतर निगरानी, अंतर-विभागीय समन्वय और हितधारक जुड़ाव को प्राथमिकता दी जा रही है।

## 95 लाख की धोखाधड़ी करने वाले पिता–पुत्र गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 16 जून।** शहर थाना पुलिस ने व्यापार में हिस्सेदारी के नाम पर 95 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले पिता-पुत्र को शनिवार शाम मॉडल टाउन से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान महावीर कॉलोनी निवासी राजकुमार गैरा व उनके बेटे देव गैरा के रूप में हुई है, जो फिलहाल मॉडल टाउन में रह रहे थे।

थाना शहर प्रभारी सब-इंस्पेक्टर कुलदीप ने बताया कि यह कार्रवाई लाजपत कॉलोनी निवासी अविनाश नरूला उर्फ आशु की शिकायत पर की गई, जिसके आधार पर 13 जून को मामला दर्ज किया गया था।

अविनाश नरूला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाई 2023 में राजकुमार गैरा ने उसकी महावीर कॉलोनी स्थित फैक्टरी 50,000 रुपये मासिक किराये पर ली थी। अगस्त 2023 में राजकुमार अपने बेटे देव गैरा के साथ उसके ऑफिस में आया और पूंजी की कमी का हवाला देते हुए व्यापार में हिस्सेदारी की पेशकश की।

आरोपियों ने अविनाश को भरोसे में लेकर हिस्सेदारी की डीड तैयार कराने का आश्वासन दिया और सितंबर 2023 से दिसंबर 2023 के बीच उससे किस्तों में कुल 95 लाख रुपये ले लिए। कुछ राशि से सामान की खरीद की गई, लेकिन डीड की बात टालते रहे और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया।

शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह उनसे मिलने गया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने एक लेनदारों की फर्जी सूची भी दी, जिसमें 1.62 करोड़ रुपये की राशि दर्शाई गई थी, लेकिन जब शिकायतकर्ता ने संबंधित ग्राहकों से संपर्क किया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि वे पहले ही भुगतान कर चुके हैं।

सब-इंस्पेक्टर कुलदीप के अनुसार पूछताछ में दोनों आरोपियों ने साजिश के तहत ठगी की बात स्वीकार की है। पुलिस ने उनके कब्जे से ठगी की राशि में से 15,000 रुपये बरामद किए हैं। रविवार को उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## उपमंडल पिहोवा के विकास में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी : डीडी शर्मा

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 16 जून।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि उपमंडल पिहोवा के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। आमजन को सभी प्रकार की सुविधाएं पंहुचाना ही हमारी प्राथमिकता है। जय भगवान शर्मा डीडी सोमवार को उपमंडल पिहोवा के कान्फ्रेंस हॉल में पिहोवा व इस्माईलाबाद नगरपालिका के चेयरमैन व पार्षदों की एक बैठक लेकर विकास कार्यों पर समीक्षा कर रहे थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में उपमंडल पिहोवा में कई विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा स्वयं हर प्रकार के विकास कार्यों पर निगरानी रखते हैं तथा फीडबैक लेते हैं। प्रत्येक नगरवासी को सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। बैठक में डीडी शर्मा ने पार्षदों द्वारा रखी गई उनके क्षेत्र की समस्याएं सुनी तथा उन समस्याओं के समाधान भी किए । इसके अतिरिक्त उन्होंने विकास कार्यों की नई नीतियां लागू करने के लिए सभी से सुझाव भी मांगे। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनके विभाग से सम्बंधित जनहित के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। और विकास कार्यो पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी पार्षदों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से सम्बंधित कई प्रकार की मांगे रखी गईं।जय भगवान शर्मा डीडी ने सभी लोगों से आहवान किया कि वे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम पिहोवा कपिल कुमार, नगरपालिका प्रधान पिहोवा आशीष चक्रपाणि, नगरपालिका प्रधान इस्माईलाबाद मेघा बंसल, सचिव मोहन लाल, सहित पार्षद अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्व. बोहती देवी की श्रद्धांजलि सभा में भेंट किए व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र

**कैथल (अप्रस)।** बोहती देवी धर्मपत्री स्व. रामकुमार गर्ग का स्वर्गवास गत 30 मई को हो गया था। उन्होंने अपनी सारी जिंदगी खूब धार्मिक, सामाजिक कार्य किए। उनकी श्रद्धांजलि सभा वृंदावन गार्डन पर संपूर्ण हुई जिसमें उनके परिवारजन ने 6 जरूरतमंद एवं लाचार साथियों को व्हील चेयर एवं 6 लोगों को श्रवण यंत्र प्रदान किए। उन्होंने अपने जीवन में समय-समय पर धर्मशाला, गौशाला, यज्ञशाला में दान दिया एवं जरूरतमंद लोगों की जरूरत को पूरा करने में भरपूर सहयोग दिया जिससे उनके यह सेवा भाव संस्कार बनकर उनके पुत्र, पुत्री, पौत्र, पौत्री में भी दिखाई देने लगे। उनके पुत्र रामलाल गर्ग नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल

## हुड्डा लोकसभा व विधानसभा में उठाएंगे एचएयू के छात्रों की आवाज : सुल्तान जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 16 जून।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने गत दिवस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों पर कि गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि छात्रों की मांगें जायज है, सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन अविलंब संशोधित नियमों को रद्द करें। इसके साथ दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस छात्रों के साथ है और हुड्डा देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा व विधानसभा में छात्रों की आवाज को बुलंद करेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रताड़ित छात्रों के हर आंदोलन में कांग्रेस साथ है। नई अनाज मंडी में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला ने एचएयू हिसार व कौल में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि यहां गरीब परिवारों के बच्चे हैं अपना सब कुछ छोड़ कर पढने के लिए आए हैं। पूरे देश से आकर वो अपना भविष्य इस यूनिवर्सिटी में तलाश रहे हैं। उन पर इस तरीके से लाठीचार्ज करना निंदनीय है। छात्र अपने हक की आवाज उठते है उन पर इस तरह से हमला करने का क्या मतलब है. जिस तरह से छात्रों के सिरों के लाठियां मारी गई है वह बिल्कुल गलत है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि छात्र कोई नाजायज मांग नहीं मांग रहे थे ये तो सिर्फ अपनी स्कॉलरशिप मांग रहे है हरियाणा के एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में छात्रवृत्ति कटौती के विरोध में छात्रों का धरना जायज है।

## नशे पर रोक लगाने के लिए एसडीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 16 जून।** कलायत में नगर पालिका अधिकारी अब भीष्ण गर्मी के बीच अधिकारियों को पार्षदों के साथ फिल्ड में उतरकर नशा रोकने के लिए अभियान गतिमान करने होंगे। शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए एसडीएम अजय हुड्डा ने ठोस रूप रेखा तय की है। इसके तहत सोमवार को उप मंडल मुख्यालय पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें प्रशासनिक अधिकारी ने क्रमवार सभी विभागों को अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने के निर्देश देते हुए होमवर्क दिया। एसडीएम ने कहा कि राष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के माध्यम से नशा पर प्रतिबंध लगाने के लिए इकाईयों का गठन किया गया है। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में नशा मुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से लागू करना है। उन्होंने नगर पालिका सचिव को निर्देश दिए कि वे शहर के सभी वार्डों में पार्षदों के साथ मिलकर नशा मुक्ति अभियान चलाएं। घर-घर जाकर लोगों को नशा बुराई के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी दें। एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को स्कूलों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके अनुसार छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लक्ष्य से नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता व जागृति पर आधारित गतिविधियां हों। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सीनियर मेडिकल ऑफिसर सभी मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण करें। इस दौरान नशीली दवाओं की बिक्री की सख्ती से जांच करें। अवैध रूप से बेची जा रही दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में देरी न करें। बैठक में विशेष रूप से डीसी प्रीति द्वारा हाल में किए गए दौरे के मद्देनजर नगर पालिका को ड्रेनों की सफाई अभियान तेज करने को कहा गया। ताकि बरसात के समय में बाढ़ के हालात पैदा न हो। इसके साथ ही गंदगी के कारण बीमारियां सिर न उठा पाएं।एसडीएम ने यह भी तय किया गया कि सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की। कलायत क्षेत्र में पिछले कुछ माह से लगातार नशा मुक्ति को लेकर अलग-अलग स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं।

## भाजपा नेता रविभूषण गर्ग के संयोजन में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# ज्ञान, न्याय, सेवा, व्यापार और उद्योग एक साथ राष्ट्र की नींव को कर रहे मजबूत : मंत्री पंवार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 16 जून।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रोफेसर, डॉक्टर, वकील, व्यापारी और उद्योगपति भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम योगदान दे सकते हैं। ये वर्ग ज्ञान, न्याय, सेवा, व्यापार और उद्योग के माध्यम से राष्ट्र की नींव को मजबूत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पिछले 11 साल में देश ने विकास में लंबी छलांग लगाई है। इसी का नतीजा है कि देश आज दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। विकास की इसी गति से देश तय अवधि तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने अनुसार विकसित राष्ट्र होगा। कृष्ण लाल पंवार सोमवार को कमेटी चौक स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित प्रोफेशन मीट में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा वरिष्ठ नेता बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सह-संयोजक रविभूषण गर्ग ने की। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। अपने संबोधन में मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-विकसित हरियाणा की और तेजी से अग्रसर है। यह सम्मेलन, केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विकसित भारत-विकसित हरियाणा के निर्माण की एक झलक है। ये सभी वर्ग ज्ञान, न्याय, सेवा, व्यापार और उद्योग एक साथ मिलकर राष्ट्र की नींव को और अधिक मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र को मजबूत बना रहे हैं। प्रोफेसर्स से अपील है कि वे स्किल और स्टार्टअप कल्चर को बढ़ाएं। इसी प्रकार से डॉक्टर जन स्वास्थ्य के मिशन में भागीदारी निभा रहे हैं। वकील समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में योगदान देते हैं। व्यापारी स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों से जोड़ें और उद्योगपति नवाचार, स्टार्टअप और ग्रामीण उद्योगों को प्रोत्साहित करें।

### हर गांव में लाइब्रेरी, महिला सांस्कृतिक केंद्र व इंडोर जिम खोलेंगे

मीडिया से बातचीत में पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश ने पिछले 11 साल में अभूतपूर्व विकास किया है। हरियाणा में हर गांव में लाइब्रेरी, महिला सांस्कृतिक केंद्र व इंडोर जिम खोले जाएंगे। एक लाख 75 हजार युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरी प्रदान की गई है। हर घर में स्वच्छ जल प्रदान किया गया है। आज 95 प्रतिशत गांवों में जगमग योजना के तहत 24 घंटे बिजली प्रदान की जा रही है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज विपक्ष अपना संगठन तक नहीं बना सके हैं। प्रदेश में अपराध को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यक्रम के संयोजक रवि भूषण गर्ग, जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी ने मंत्री का अभिनंदन किया। मंच संचालन भाजपा नेता सुरेश संधू ने किया। इस अवसर पर जिला भाजपा प्रभारी अमरपाल राणा, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, महिला मोर्चा अध्यक्षा सुनीता चौधरी, जसवंत पठानिया, राजपाल तंवर, सुभाष हजवाना, प्रवीण प्रजापति, शैली मुंजाल, जोगेंद्र ढुल सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नीतीश ने भूपतिपुर से पुनपुन तक एलिवेटेड पथांश का किया लोकार्पण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटना, 16 जून।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज भूपतिपुर से पुनपुन तक एलिवेटेड पथांश का लोकार्पण किया और कहा कि इससे गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी।

श्री कुमार ने सोमवार को यहां भूपतिपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना के तहत 1105 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-22 तक एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का लोकार्पण किया। सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे और सिपारा से महुली की दूरी महज पांच से छह मिनट में पूरी हो जाएगी।



मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी। साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह एलिवेटेड सड़क काफी उपयोगी होगी। इस सड़क के शुरू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहनेवाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी एवं आवागमन में समय की बचत होगी।

श्री कुमार को अधिकारियों ने बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर आकर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बचे हुये कार्य को दो माह में पूर्ण करें।

निरीक्षण के दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, पूर्व मंत्री श्याम रजक, पूर्व विधायक सतीश कुमार एवं अरुण मांझी समेत अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ. चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम. सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# इंग्लैंड दौरे पर एमर्जिंग मुंबई टीम की अगुवाई करेंगे सूर्यांश शेडगे

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन

**मुंबई, 16 जून।** मुंबई क्रिकेट संघ ने सोमवार को ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को इंग्लैंड के एक महीने के दौरे के लिए एमर्जिंग मुंबई टीम का कप्तान बनाने की घोषणा की।

मुंबई की एमर्जिंग टीम का इंग्लैंड दौरा 28 जून से शुरू हो रहा है। इस दौरे पर मुंबई के वे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं, जो आगे चलकर मुंबई क्रिकेट के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट का बड़ा नाम बन सकते हैं। इन खिलाड़ियों में मुशीर खान, अंगकृष रघुवंशी और हिमांशु सिंह के नाम शामिल हैं।

इंग्लैंड दौरे पर जा रहे कई खिलाड़ियों को पहले से ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अनुभव है। वे मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में खेल चुके हैं। यह दौरा उनकी प्रतिभा को और निखारने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

मुंबई एमर्जिंग टीम इंग्लैंड दौरे पर नॉटिंघमशायर, कंबाइंड नेशनल काउंटियों (चैलेंजर्स), वॉर्सेस्टरशायर और ग्लूस्टरशायर जैसी प्रतिष्ठित टीमों के खिलाफ पांच दो दिवसीय मैच और चार एक दिवसीय मैच खेलेगी।

एमसीए सचिव अभय हडप ने इस दौरे को युवा क्रिकेटरों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने कहा, इस दौरे का उद्देश्य खिलाड़ियों के विकास में तेजी लाने के साथ-साथ उनके तकनीकी और सामरिक कौशल को बढ़ाना, मानसिक दृढ़ता का निर्माण करना, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और भविष्य की वरिष्ठ प्रतिभाओं की पहचान करना है।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक शिमला में सम्पन्न

**शिमला (अप्रस)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की तीन दिवसीय राष्ट्रीय बैठक 13 से 15 जून तक शिमला (हिमाचल प्रदेश) में सम्पन्न हुई। बैठक में देशभर से लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शिक्षा, राष्ट्रहित व शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में पूर्व डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. सतीश रेड्डी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने ÷ऑपरेशन सिंदूर÷ के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की सफलता को रेखांकित करते हुए बताया कि भारत की स्वदेशी मिसाइलें और रक्षा प्रणालियाँ अब वैश्विक चर्चा का विषय बन चुकी हैं। उन्होंने 'मेक इन इंडिया से मेक फॉर द वर्ल्ड' की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला। बैठक की अध्यक्षता प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनिधियों को ÷राष्ट्र प्रथम÷ के संकल्प के साथ कार्य करना चाहिए। संगठन मंत्री महेंद्र कपूर ने बैठक का निर्देशन किया जबकि संचालन महामंत्री प्रो. गीता भट्ट द्वारा किया गया। बैठक में चंडीगढ़ इकाई की ओर से प्रांत अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र शास्त्री, महामंत्री आचार्य संजय रुहेला, महिला सह प्रमुख सुधा मेहता और वरिष्ठ सदस्य सत्यप्रकाश शास्त्री ने भाग लिया। महामंत्री आचार्य संजय रुहेला ने चंडीगढ़ के शिक्षकों की प्रमुख समस्याएं बैठक में उठाईं, जिनमें शामिल थीं, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 2015 में नियुक्त शिक्षकों के रुके हुए वित्तीय लाभ, आकस्मिक अवकाश 8 से बढ़ाकर 15 करने की मांग, मेडिकल लीव शुरू करवाने की आवश्यकता, कॉन्ट्रैक्ट टीचर्स को नियमित करने की नीति बनाना, समय पर पदोन्नति और रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि 'राष्ट्र हित में शिक्षा, शिक्षा हित में शिक्षक और शिक्षक हित में समाज' –इस ध्येय मंत्र को केंद्र में रखते हुए ही सभी कार्य किए जाएँगे।


PSPCL पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः पीएसईबी मुख्यालय, द मॉल पटियाला 147001

कॉर्पोरेट पहचान संख्या U40109PP20SGCO33813

**निविदा पूछताछ संख्या 02/2025-26 (डीपी सेल संगरूर)**

एएसई/डीपी सेल, पीएसपीसीएल, संगरूर (पंजाब) के कार्यालय के लिए एक वर्ष के लिए एक नंबर वाहन (महिंद्रा बोलेरो/टीयूवी-300/जाइलो या समकक्ष वाहन) किराए पर लेना (वाहन 5 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए)।

ईएमडीः निविदा मूल्य का 02%, न्यूनतम 12500/- रुपये, डीडी के रूप में एओ/नकद, पीएसपीसीएल, पटियाला के पक्ष में।

निविदा दस्तावेज की बिक्री की अंतिम तिथि और समयः 02.07.2025, दोपहर 12:00 बजे

निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समयः 03.07.2025, सुबह 10:00 बजे

निविदा खोलनाः 03.07.2025, दोपहर 12:00 बजे।

निविदा दस्तावेज की कीमतः 1180/- रुपये

विस्तृत विवरण/विनिर्देश/नियम और शर्तें पीएसपीसीएल वेबसाइट (www.pspcl.in) से डाउनलोड की जा सकती हैं। यदि कोई सुधार है, तो उसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा, इसलिए किसी भी अपडेट के लिए वेबसाइट को नियमित रूप से देखा जा सकता है।

सी 423/25



**उत्तर रेलवे**

**नोटिस**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप द्वारा आनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट (फिजीशियन–01, स्त्री रोग विशेषज्ञ–01) की अनुबंध के आधार नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो अतिरिक्त मंडल रेलवे अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप में आनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट के रूप में रेलवे के लाभार्थियों को पेशेवर सेवाएं प्रदान करने के लिए और काम करने के इच्छुक हैं।

**आनरेरी विजिटिंग विशेषज्ञ की नियुक्तिः**

**1. योग्यताः**

P.G डिग्री धारक विशेषज्ञ को डिग्री प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है।

व

P.G डिप्लोमा धारक विशेषज्ञ को डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव होना आवश्यक है।

**2. आयु प्रोफ़ाइल** –30 वर्ष से 64 वर्ष

**3. पारिश्रमिक**–

| HVS Speciality | Working Hours/Period | Renumeration |
|---|---|---|
| HVS Physician | 02 Hrs a day for 06 days/week | Rs:52000/- per month |
| HVS Obs& Gynae | 02 Hrs a day for 06 days/week | Rs:52000/- per month |

4. उम्मीदवार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप के कार्यालय से आवेदन फार्म और नियम & शर्त 11:00 बजे से 13:00 बजे के बीच, किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त कर सकते है। या यह हमारी वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

5. सील बंद आवेदन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अतिरिक्त मंडल अस्पताल, जगाधरी वर्कशॉप के कार्यालय में अंतिम तिथि 02.07.2025 में 12:00 बजे तक ही जमा कर पाएंगे और सील किए गए आवेदन 02.07.2025 को 12:30 बजे खोले जाएंगे।

कार्यालय अधीक्षक

1781/2025 वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी/जगाधरी वर्कशॉप

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल/मेड / Rate Contract दिनांक – 10.06.2025 के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित खुली ई–निविंदा भारतीय रेल पोर्टल www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** कार्य क्षेत्र के अनुसार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली चिकित्सालय में एक वर्ष के लिए दैनिक आधार पर दवाओं के स्थानीय खरीद की आपूर्ति के लिए फर्मो, स्टाकिस्टो एवं खुदरा विक्रेताओं के पंजीकरण का दर अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में) : ₹30,00,000.00, अमानत राशि (₹ में) : ₹ 60,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्यः** निशुल्क, **कार्य समापन की अवधि** : 12 माह। फर्म आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के नजदीक स्थित होनी चाहिए।, **ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक।, **ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 10.07.2025 को 15.30 बजे तक। **ई–निविदा प्रपत्र जमा करने की अवधिः** निविदा खुलने की तिथि से 30 दिन पूर्व (11.06.25 से 10.07.25), ई– निविदा सूचना और नियम एवं शर्ते वेबसाइट सं. http://www.ireps.gov.in और www.mcf.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

**प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**निविदा संख्या** :- Re-CAMC-SBFM-25-26-120

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिये निविदा सूचना संख्या **Re-CAMC-SBFM-25-26-120** नियत तिथिः–**04.07.2025** जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मो को आमंत्रित की जाती है– यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नामः** खुली निविदा के माध्यम से 02 वर्षो के लिए शीट मेटल शॉप में स्थापित स्पेयर पार्ट्स सहित 01 नग सीएनसी स्ट्रेच बेंडिंग और फॉर्मिंग मशीन (एसबीएफएम) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।, **कार्य की अनुमानित लागत ₹ में : ₹1,06,80,430.00** (₹ एक करोड़ छह लाख अस्सी हजार चार सौ तीस रूपये मात्र), **धरोहर राशिः** ₹ 2.03,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** ₹.5,000.00, **कार्य समापन की अवधि :** दो वर्ष (24 माह), **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 04.07.2025 को 15:30** बजे। विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**कार्य प्रबन्धक/एम0 एण्ड पी0, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली**

**निविदा संख्या :** CAMC-Chiller-2025-049, **नियत तिथिः** 04.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक–।।।/एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिये निविदा सूचना संख्या CAMC-Chiller-2025-049, नियत तिथि 04.07.2025 जारी की जाती है। यह खुली ई–निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मो को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा दो पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नामः** 02 नग चिलर्स के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) (निर्माता –मेसर्स किर्लोस्कर चिलर्स, जो एफडब्ल्यूपी के सहायक क्षेत्र में स्थापिंत है)।", **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में : ₹85,63,472.40** (₹ पचासी लाख तिरेसठ हजार चार सौ बहत्तर रुपये और चालीस पैसे मात्र) 18% जीएसटी सहित।, **धरोहर राशि : ₹1,71,300.00** (₹ एक लाख इकहत्तर हजार तीन सौ रुपये) मात्र।, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ 5000.00** (₹ पाँच हजार मात्र), **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 04.07.2025 को 15:30** बजे।, विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य परियोजना प्रबंधक– ।।। /एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**बिहार सरकार**

**न्यायालय, जिला दण्डाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, मधुबनी**

**:–आम सूचना:–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार राज्य में पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू होने के उपरांत उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों द्वारा जांच/छापेमारी के क्रम में अवैध रूप से शराब (विभिन्न प्रकार के) को ढ़ोने में प्रयुक्त वाहन अथवा शराब का पान कर वाहन का संचालन करने के क्रम में वाहन को जब्त किया गया है। इन वाहनों के अधिग्रहण के प्रस्ताव के आधार पर बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 के तहत् अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संचालित किया गया है। अधिनियम की धारा 58(3) के तहत् वाहन मालिक को नोटिस निर्गत किया गया है, परंतु वे निर्धारित पता पर नहीं पाये गये। नोटिस वापस कर दिया गया। । बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 की धारा 56 (घ) के तहत् जब्त वाहन अधिग्रहण योग्य हैं, परन्तु बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12क के अंतर्गत विहित प्रपत्र–IV में आवेदन समर्पित कर वाहन मालिक वाहन को शास्ति के आधार पर वाहन को मुक्त करा सकते हैं। अतः बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) नियमावली, 2022 के नियम 12क के तहत संबंधित व्यक्तियों को वाहन शास्ति के आधार पर मुक्त करने हेतु समय दिया जाना आवश्यक है। अस्तु बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद अधिनियम, 2016 की धारा 58(3) के तहत् यह आम सूचना प्रकाशित कर सूचित किया जाता है कि यदि इस जब्त वाहन में किन्हीं व्यक्ति/संस्था का हित निहित हो तो आम सूचना प्रकाशन के तिथि से 15 दिवस तक समय 11:00 बजे पूर्वाहन में समाहर्त्ता–सह–जिला दंडाधिकारी, मधुबनी के न्यायालय में वाहन के वैध कागजात सहित विहित प्रपत्र–IV में आवेदन समर्पित कर विभाग द्वारा निर्धारित शस्ति का भुगतान कर वाहन को मुक्त करा सकते हैं अथवा अपने वाहन को शस्ति के आधार पर मुक्त कराने मे अभिरूची नहीं है तो 15 दिनो के अन्दर लिखित में जबाव समर्पित करें कि क्यों न उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा–58 के अन्तर्गत प्रश्नगत वाहन को राज्यसात कर लिया जाय। यदि निर्धारित अवधि तक संबंधित व्यक्ति/संस्था द्वारा विहित प्रपत्र में आवेदन समर्पित/कारण–पृच्छा समर्पित नहीं किया जाता है तो इन वाहनों को बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 की धारा 58(2) के तहत् अधिग्रहित कर, बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 की धारा 58(5) के तहत् बिक्री कराते हुए, प्राप्त राशि को सरकारी खजाने में जमा करा दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | वाद संख्या | वाहन का प्राकर एवं रजिस्ट्रेशन नम्बर | चेचिस नम्बर | इंजन नम्बर | वाहन मालिक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 83/25 | TRUCK HR69C-9911 | MAT704008 G3E12935 | B592303061E63 522906 | सुनिल कुमार, पे0–रणवीर सिंह, सा–ढेरपाना वार्ड नं0–12, जिला–रोहतक,राज्य–हरियाणा |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी

PR. No. 005992 (District) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरिती श्री परवीन कुमार पुत्र श्री जसवंत सिंह के नाम से सेक्टर 45–ए, चंडीगढ़ में श्रेणी–केंद्रीय–I (एचआईजी–II) के आवास इकाई संख्या 487–1 (प्रथम तल) के संबंध में बिक्री विलेख के आधार पर श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री गौरव शर्मा के नाम पर स्वामित्व अधिकार का उत्परिवर्तन हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 45–ए, चंडीगढ़ में श्रेणी–केंद्रीय–I (एचआईजी–II) के आवास इकाई संख्या 487–1 (प्रथम तल) आवंटी/हस्तांतरिती श्री परवीन कुमार पुत्र श्री जसवंत सिंह के नाम पर है।

अब, श्री परवीन कुमार पुत्र श्री जसवंत सिंह ने उपरोक्त आवास इकाई को श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री गौरव शर्मा को बिक्री विलेख के माध्यम से बेच दिया है, जिसे 19 मई 2025 को चंडीगढ़ उप–पंजीयक के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत किया गया है। श्रीमती नीतू शर्मा पत्नी श्री गौरव शर्मा ने बिक्री विलेख के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को अपने नाम पर स्थानांतरित करने के लिए इस कार्यालय से अनुरोध किया है।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, अन्यथा ऐसा न होने पर उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(ओं) के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरिती श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री प्रकाश राम के नाम से चंडीगढ़ सेक्टर 38(डब्ल्यू) में ईडब्ल्यूएस (एक कमरे का फ्लैट) श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 4844–तीसरी मंजिल के संबंध में श्रीमती संतोष गुलाटी पत्नी श्री जे सी गुलाटी के नाम पर बिक्री विलेख के आधार पर स्वामित्व अधिकार का म्यूटेशन/हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि चंडीगढ़ सेक्टर 38(डब्ल्यू) में ईडब्ल्यूएस (एक कमरे का फ्लैट) श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 4844–सी तीसरी मंजिल आवंटी/हस्तांतरिती श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री प्रकाश राम के नाम पर है।

अब, श्री कुलदीप सिंह पुत्र श्री प्रकाश राम ने उपरोक्त आवास इकाई को श्रीमती संतोष गुलाटी पत्नी श्री जे सी गुलाटी को बिक्री पत्र के माध्यम से बेच दिया है। यह बिक्री पत्र चंडीगढ़ के उप–पंजीयक कार्यालय में 03.01.2019 को निष्पादित और पंजीकृत किया गया है। श्रीमती संतोष गुलाटी पत्नी श्री जे सी गुलाटी ने बिक्री पत्र के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को अपने नाम पर स्थानांतरित करने के लिए इस कार्यालय से अनुरोध किया है।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, अन्यथा ऐसा न होने पर उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(ओं) के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषयः** चंडीगढ़ के सेक्टर–39–बी में एमआईजी श्रेणी के आवासीय इकाई संख्या 1728/2 (द्वितीय तल) के संबंध में श्री रशपाल सिंह पुत्र श्री पियारा सिंह के नाम पर आवंटी/हस्तांतरिती श्रीमती परमजीत कौर उर्फ परमजीत कौर पत्नी श्री पियारा सिंह के नाम से हस्तान्तरण विलेख के आधार पर हस्तान्तरितकर्ता का म्यूटेशन/हस्तान्तरण।

**(मां से बेटे को)**

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि एमआईजी श्रेणी सेक्टर–39–बी, चंडीगढ़ के आवास इकाई संख्या 1728/2 (द्वितीय तल) श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री पियारा सिंह के नाम पर है। श्री राशपाल सिंह पुत्र श्री पियारा सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने नाम से हस्तांतरण विलेख के आधार पर उक्त आवासीय इकाई के संबंध में स्वामित्व अधिकार के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है, जिसे 15/04/2025 को उप–पंजीयक चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत किया गया था।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, अन्यथा ऐसा न होने पर उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(ओं) के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़ 0172-2511141

**सार्वजनिक नोटिस**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (आवंटन, प्रबंधन और टेनमेंट की बिक्री) विनियम 1979 के तहत अपने नाम पर आवासीय इकाई के उपहार/बिक्री/खरीद के लिए अनुमति के लिए आवेदन किया हैः

| क्र. सं. | क्रेता का नाम | विक्रेता का नाम | डी.यू. संख्या | श्रेणी | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राहुल पुत्र श्री लेख राज | श्रीमती सुमित्रा नागर पत्नी श्री चमन लाल नागर | 39/2 | एमआईजी (एफ) | 41-ए, चंडीगढ़ |
| 2 . | श्री राकेश मोहन भल्ला पुत्र श्री सुरिंदर मोहन भल्ला और श्रीमती रंजना भल्ला पत्नी श्री राकेश मोहन भल्ला | श्री गोपालनारायण पुत्र श्री बैज नाथ; श्री निखिल नारायण पुत्र श्री गोपाल नारायण | 2917-1 | एलआईजी/ ईडब्ल्यूएस | 47-सी, चंडीगढ़ |
| 3. | श्री देविन्दर मिड्ढा पुत्र श्री हंसराज मिड्ढा | श्रीमती गीता शर्मा पत्नी श्री भूपिंदर शर्मा | 2341-1 | ईडब्ल्यूएस | 45-सी, चंडीगढ़ |
| 4. | श्री विकास सिंह पुत्र श्री सतबीर सिंह एवं; श्रीमती सोनिया रानी पत्नी श्री विकास सिंह | श्रीमती मीना कुमारी पत्नी श्री सलीम मोहम्मद; श्री सलीम मोहम्मद पुत्र श्री मोहम्मद बूटा | 1487-1 | एलआईजी | 29-बी, चंडीगढ़ |

यदि किसी को उपरोक्त आवासीय इकाइयों के संबंध में बिक्री/खरीद के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर लिखित रूप में आपत्ति, यदि कोई हो, दस्तावेजी साक्ष्य के साथ, यदि कोई हो, नीचे हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।


सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़।

AP-2032



**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़





**सार्वजनिक नोटिस**

**विषयः** चंडीगढ़ के सेक्टर 52 में आवासीय इकाई संख्या 3006 श्रेणी–एलआईजी के संबंध में श्री शुभम कौशल उर्फ शुभम पुत्र स्वर्गीय श्री बलविंदर सिंह उर्फ बलविंदर सिंह (25 प्रतिशत शेयर वाले) के नाम पर सह–आवंटी/हस्तांतरिती श्रीमती सरबती देवी पत्नी स्वर्गीय श्री बीरबल सिंह (25 प्रतिशत शेयर वाले) के नाम से पंजीकृत वसीयत के आधार पर स्वामित्व के 25 प्रतिशत हिस्से का म्यूटेशन/हस्तांतरण।

सर्वसाधारण जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 52, चंडीगढ़ में एलआईजी श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 3006 के रूप में ज्ञात संपत्ति श्रीमती सरबती देवी पत्नी स्वर्गीय श्री बीरबल सिंह (25 प्रतिशत शेयर) के नाम पर है।


श्री शुभम कौशल उर्फ शुभम पुत्र स्वर्गीय श्री बलविंदर सिंह उर्फ बलविंदर सिंह (जिनके पास 25 प्रतिशत शेयर हैं) ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड से ऊपर बताए गए आवासीय यूनिट के 25 प्रतिशत शेयर को अपने नाम पर स्थानांतरित करने के लिए संपर्क किया है, जिसके अनुसार श्रीमती सरबती देवी उर्फ सरस्वती पत्नी स्वर्गीय श्री बीरबल सिंह (जिनके पास 25 प्रतिशत शेयर हैं) की मृत्यु 02.10.2021 को चंडीगढ़ में हो गई और उन्होंने अपने पीछे 10.11.2027 की एक पंजीकृत वसीयत छोड़ी है, जो उनके पक्ष में यूटी चंडीगढ़ में पंजीकृत है और यह उनके द्वारा पूर्ण होशोहवास में बनाई गई मृतक की अंतिम वसीयत है, जो मृतक की मृत्यु तक न तो निरस्त हुई है और न ही रद्द हुई है।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, अन्यथा ऐसा न होने पर उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(ओं) के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़





**सार्वजनिक नोटिस**

**विषयः** पंजीकृत वसीयत के आधार पर श्रीमती परमिंदर कौर पत्नी अजमेर सिंह के नाम पर एचआईजी (एल) श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 649–2 के संबंध में आवंटी/ट्रांसफी श्री अजमेर सिंह पुत्र श्री करतार सिंह के नाम से म्यूटेशन/स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती परमिंदर कौर पत्नी अजमेर सिंह ने अपने आवंटी/हस्तांतरिती श्री अजमेर सिंह पुत्र श्री करतार सिंह की मृत्यु के बाद चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड को सेक्टर 38–ए, चंडीगढ़ में एचआईजी (एल), श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 649–2 को उनके नाम पर हस्तांतरित करने के लिए आवेदन किया है।

श्री अजमेर सिंह पुत्र श्री करतार सिंह की मृत्यु दिनांक 09.03.2025 को चंडीगढ़ में हो गई थी और वे अपने पीछे एक वसीयत छोड़ गए थे, जो दिनांक 02.06.2022 को उप–रजिस्ट्रार चंडीगढ़ के पास उनके पक्ष में पंजीकृत हुई थी। उन्होंने आगे कहा है कि मृतक आवंटी/हस्तांतरिती की वसीयत उनके द्वारा निष्पादित अंतिम वसीयत है, जो मृतक की मृत्यु तक न तो निरस्त हुई है और न ही निरस्त हुई है।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, अन्यथा ऐसा न होने पर उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(ओं) के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरिती श्री यशपाल पुत्र श्री बिसंभर राम के नाम से, उनकी सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी धारक श्रीमती सुमित्रा सिंह पत्नी श्री यू के सिंह के नाम से चंडीगढ़ सेक्टर 38–(पश्चिम) में एक रूम फ्लैट्स (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के आवासीय इकाई संख्या 4837–बी के द्वितीय तल के संबंध में बिक्री विलेख के आधार पर श्री उज्ज्वल कुमार सिंह पुत्र श्री कमला कांत सिंह के नाम पर स्वामित्व अधिकार का म्यूटेशन/हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 38–(पश्चिम) चंडीगढ़ में वन रूम फ्लैट्स (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी की आवासीय इकाई संख्या 4837–बी (द्वितीय तल) आवंटी/हस्तांतरिती श्री यशपाल पुत्र श्री बिसाम्बर राम के नाम पर है।

अब, श्री यशपाल पुत्र श्री बिसंभर राम ने अपने जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी धारक श्रीमती सुमित्रा सिंह पत्नी श्री यू के सिंह ने उपरोक्त आवास इकाई को श्री उज्ज्वल कुमार सिंह पुत्र श्री कमला कांत सिंह को बिक्री विलेख के माध्यम से बेच दिया है, जिसे 27.03.2025 को उप–पंजीयक चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत किया गया है। श्री उज्ज्वल कुमार सिंह पुत्र श्री कमला कांत सिंह ने बिक्री विलेख के आधार पर उपरोक्त आवास इकाई को अपने नाम पर स्थानांतरित करने के लिए इस कार्यालय से अनुरोध किया है।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, अन्यथा ऐसा न होने पर उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(ओं) के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

**सार्वजनिक नोटिस**

**सचिव, सीएचबी के समक्ष संपदा अधिकारी, यूटी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

**विषयः** सेक्टर–38(डब्ल्यू) चंडीगढ़ में श्रेणी–एचआईजी(यू) के आवासीय इकाई संख्या 5772–ए (प्रथम तल) के संबंध में श्री पंकज गुप्ता पुत्र श्री जय कुमार गुप्ता (50 प्रतिशत शेयर वाले) के नाम पर आवंटी/हस्तांतरिती श्रीमती प्रगति गोयल पुत्री श्री जय कुमार गुप्ता, पत्नी श्री आलोक गोयल (50 प्रतिशत शेयर वाले) के नाम से स्थानांतरण विलेख के आधार पर हस्तान्तरितकर्ता के 50 प्रतिशत शेयर का म्यूटेशन/हस्तांतरण।

**(बहन से भाई को)**

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि आवासीय इकाई संख्या 5772–ए (प्रथम तल) सेक्टर 38(डब्ल्यू) चंडीगढ़ में श्रेणी–एचआईजी(यू) श्री पंकज गुप्ता पुत्र श्री जय कुमार गुप्ता और श्रीमती प्रगति गोयल पत्नी श्री आलोक गोयल के नाम पर है।

श्री पंकज गुप्ता पुत्र श्री जय कुमार गुप्ता (जिनके पास 50 प्रतिशत शेयर है) ने अपने नाम पर स्थानांतरण विलेख के आधार पर उक्त आवासीय इकाई के संबंध में स्वामित्व अधिकार के 50 प्रतिशत हिस्से के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है, जिसे 16.05.2025 को उप–पंजीयक चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित और पंजीकृत किया गया था।

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में उक्त संपत्ति के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, अन्यथा ऐसा न होने पर उक्त आवास इकाई का स्वामित्व उपरोक्त दावेदार(ओं) के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

# सावधान ! पंचकूला के नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा जोखिम में

**जिले में साइबर अपराध में चिंताजनक उछाल, चार महीनों में ही 72 मामले दर्ज**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 16 जून।** सावधान! पंचकूला के नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा जोखिम में है। वजह है वित्तीय धोखाधड़ी, डिजिटल गिरफ्तारी और डेटा उल्लंघनों तक के मामलों में यकायक हुई बढ़ोतरी। ऐसे में जिले में साइबर अपराध में चिंताजनक उछाल देखने को मिल रहा है। साल 2024 में दर्ज मामलों की संख्या पिछले दो सालों की तुलना में छह गुना से भी ज्यादा है। पंचकूला पुलिस के आधिकारिक डेटा में वृद्धि का संकेत मिलता है, जिससे नागरिकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। 2022 में शहर में 26 साइबर अपराध मामले दर्ज किए गए। 2023 में यह संख्या बढ़कर 87 हो गई। 2024 में यह वृद्धि तेजी से जारी रही, जिसमें 169 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल की तुलना में 94 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आने वाले समय में क्या



होने वाला है, इसका एक परेशान करने वाला संकेत यह है कि अकेले 2025 के पहले चार महीनों में ही 72 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जो दर्शाता है कि अगर यह प्रवृत्ति जारी रही तो शहर साल के अंत तक 200 मामलों को पार कर सकता है। इन मामलों की स्थिति जांच और न्यायिक प्रणालियों पर बढ़ते दबाव को भी उजागर करती है।

2022 में 3 मामले अदालत में विचाराधीन थे और 23 मामले जांच के अधीन थे। 2023 तक, 11 मामले अदालतों में पहुंच गए जबकि 66 की जांच की जा रही थी और 10 मामले अनुवर्ती कार्रवाई के अधीन थे। 2024 में स्थिति और भी गंभीर हो गई। तब 35 मामले विचाराधीन थे, 21 मामले जांच के अधीन थे, और 110 मामले कार्रवाई के अधीन थे। अतिरिक्त 3 को मामले की कार्रवाई निर्दिष्ट नहीं के तहत चिह्नित किया गया। 2025 तक, 70 मामले जांच के अधीन हैं और 1 मामला अदालत में है। इस पर जांच चल रही है और 1 अदालत में विचाराधीन है। 2025 में अब तक 18 मामलों के मासिक औसत के आधार पर, अधिकारियों का अनुमान है कि वर्ष के अंत तक कुल संख्या लगभग 216 तक पहुंच सकती है।

2022 में दर्ज की गई संख्या से आठ गुना अधिक। ये आंकड़े एक आरटीआई जवाब में दिए गए थे। साइबर अपराध विशेषज्ञ और कानून प्रवर्तन अधिकारी व्यापक प्रतिक्रिया की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हैं।

### पंचकूला में सबसे आम साइबर अपराध

एक साइबर पुलिस अधिकारी के मुताबिक डिजिटल गिरफ्तारी के मामले और वित्तीय धोखाधड़ी पंचकूला में सबसे आम साइबर अपराध के मामलों में से कुछ हैं। पंचकूला में बहुत सारे पेंशनभोगी और बुजुर्ग आबादी है, जिनमें से कई के बच्चे विदेश में बसे हुए हैं, वे ऑनलाइन स्कैमर्स के पसंदीदा लक्ष्यों में से एक हैं। मामलों की संख्या में वृद्धि पर पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता का कहना है कि जैसे-जैसे तकनीक रोज़मर्रा की जिंदगी में शामिल होती जा रही है, वैसे-वैसे इसकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता भी बढ़नी चाहिए। डिजिटल साक्षरता और वित्तीय समावेशन की गति बढ़ने के साथ, साइबर सुरक्षा और स्वच्छता में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बहुत से लोग तकनीक के जानकार नहीं हैं, इसलिए वे इस जाल में फंस जाते हैं।

### लोगों को ठगने का यह अपनाया पैंतरा

अधिकारी ने कहा कि हाल ही में एक सरकारी वेबसाइट के लिंक को कॉपी करके उसमें बदलाव किया गया और लोगों को ठगा गया। इसलिए हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमें मिलते-जुलते लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। अगर यकीन न हो तो केवाईसी के लिए लिंक पर क्लिक न करें। गर्मी आते ही साइबर अपराधी बिल भुगतान न करने के लिए कहते हैं और मार्च में वे पूछते हैं कि क्या आपने अपना आईटी रिटर्न दाखिल किया है। वहीं डिजिटल गिरफ्तारी, जिसके लिए पुलिस या कोई अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां नहीं पूछती हैं और निवेश से संबंधित धोखाधड़ी सबसे खतरनाक है क्योंकि इसमें बहुत बड़ी रकम शामिल होती है,' उन्होंने साझा किया।

### अब साइबर अपराध की शिकायत पर रिकवरी

डीसीपी ने कहा कि गिरफ्तारी और रिकवरी में सुधार हुआ है। अब साइबर अपराध की शिकायत के आधार पर भी रिकवरी की जाती है। रिकवरी के लिए एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य नहीं है। इसके अलावा, हम मोबाइल फोन नंबर ब्लॉक कर रहे हैं, जिनका इस्तेमाल साइबर अपराध कॉल करने के लिए किया जाता है। असामान्य पिन कार्ड प्रविष्टियों वाली पीओएस मशीनों का समय-समय पर सत्यापन किया जाता है।



**चंडीगढ़।** एससी एसटी वेलफेयर फैडरेशन पंजाब हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में सोमवार 16 जून को सैक्टर 24 स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में प्रोफेसर यशवंत रॉय की 40वीं पुण्यतिथि पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## श्री जिनेशमुनि जी महाराज के स्वास्थ्य का हाल जानने पहुंचे राज्यपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 जून।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने जपयोगी तपयोगी परम श्रद्धेय पूज्य गुरुदेव श्री जिनेशमुनि जी महाराज का मोहाली के हसरत मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में जाकर स्वास्थ्य का हाल जाना। श्री जिनेशमुनि जी पिछले 3-4 दिन से अस्वस्थ्य महसूस कर रहे थे, जिसके बाद उनको मोहाली से खरड़ से अस्पताल में दाखिल करवाया। प्रशासक गुलाब चन्द कटारिया चंडीगढ़ की एयरपोर्ट से गुरूदेव की साता पूछने पहले हॉस्पिटल पधारे। वह लगभग 20 मिनट गुरूजी के सानिध्य में रहे एवं मंगल पाठ श्रवण कर फिर राजभवन पधारे। इस



पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मोहाली स्थित हसरत मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में गुरुदेव श्री जिनेशमुनि जी महाराज के स्वास्थ्य का हाल जाना।

अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमल जैन, हॉस्पिटल के मालिक डॉक्टर, मोहाली श्री संघ से प्रधान अशोक जैन, सुरेश जैन, गोपाल, आर.के.जैन आनन्द जैन, रायकोट के बाबाजी भूषण कुमार गर्ग, नीरज वर्मा, मुबारिकपुर से विपन शर्मा (हैप्पी) एवं डॉक्टर कपूर जो गुरूजी की देखरेख कर रहे हैं, सभी की उपस्थिति रही।

▲ अधिकतम 30 डिग्री से.
डिग्री से. 27 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.20 बजे
सूर्यास्त 7.28 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 101,660.00 |
| सेंसेक्स | 81,796.15 |
| अमेरिका | 86.02 |
| कैनेडियन | 63.42 |
| आस्ट्रेलिया | 55.11 |

## यू.टी. चंडीगढ़ में ट्रैफिक चालान के निपटान के लिए विशेष लोक अदालत

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चंडीगढ़ के आदेशों के अनुसार, ट्रैफिक चालान मामलों के निपटान के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेटों द्वारा 1 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक (सभी कार्य दिवसों पर) अपने-अपने न्यायालयों में विशेष लोक अदालतें आयोजित की जाएंगी। यह 12 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अतिरिक्त होगी। आम जनता को अपने लंबित ट्रैफिक चालान मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दें : बंडारु दत्तात्रेय

**मेयर कुलभूषण गोयल ऑल इंडिया मेयर काउंसिल के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 16 जून।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने ऑल इंडिया मेयर कॉन्फ्रेंस में भाग लेने आए देशभर के मेयर्स के साथ मुलाकात की। पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल द्वारा चौखी ढाणी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया



गया। कुलभूषण गोयल ने राज्यपाल का स्वागत किया। राज्यपाल को कुलभूषण गोयल की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। राज्यपाल ने दो दिवसीय आल इंडिया मेयर काउंसिल की बैठक में हरियाणा की कमान पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल को सौंपे जाने पर प्रशंसा व्यक्त की। राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत अच्छा अवसर है जब एक साथ मिलकर देश भर के मेयर अपने शहरों के विकास के लिए चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने शहरों में विकास की गति को तेज करने पर अधिक ध्यान देने को कहा। कुलभूषण गोयल ने राज्यपाल को बताया कि देशभर से लगभग 55 मेयर पंचकूला में भाग लेने आए और काफी अच्छी चर्चा हुई। इस अवसर राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा, विधायक शक्तिरानी शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कुलभूषण गोयल को अब नई जिम्मेदारी

बैठक में हरियाणा इकाई का गठन करने पर चर्चा हुई, तो करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने प्रस्ताव रखा कि कुलभूषण गोयल को प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी मेयरों ने समर्थन कर दिया। आल इंडिया मेयर काउंसिल की अध्यक्ष माधुरी अतुल पटेल, महासचिव उमाशंकर गुप्ता सहित अन्य ने कुलभूषण गोयल को बधाई दी। कुलभूषण गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि हरियाणा के मेयरों के मुद्दों को सरकार से उठाएंगे। हरियाणा में वैसे मेयरों को अधिकार एवं बजट की कोई कमी नहीं है। विकास की गति को पूरी तेज से आगे ले जा रहे हैं। कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा, फरीदाबाद की मेयर प्रवीण जोशी, करनाल की मेयर रेनू बाला गुप्ता सहित अन्य ने भी कुलभूषण गोयल को बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट कर जख्मी करने के मामले में क्रॉस मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी ईस्ट डिविजन थाना पुलिस ने मारपीट/हमला करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 29 के रहने वाले नवजोत सिंह ने पुलिस को बताया कि वह 10 जून को सैक्टर 29 स्थित पार्क में घूम रहा था। इसी दौरान 5/6 आरोपी आए। उन्होंने पीड़ित को धमकाया और थप्पड़ मारे। मामले की जानकारी पीड़ित ने अपने दोस्त को दी। जैसे ही उसका दोस्त निशांत आया आरोपियों ने आयरन रॉड,पंच,आयरन वायर से हमला कर दिया।और वह जख्मी हो गया। जिसे तुरंत सैक्टर 32 के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां उसका इलाज चल रहा है।वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी सैफ,अमन,और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**केस नंबर दो:** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी निशांत, रोहित, हिमांशु और अन्य ने 10 जून को सैक्टर 30 स्थित मोबाइल शॉप के पास हमला कर दिया। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर चंडीगढ़ कांग्रेस ने 6 सदस्य की समिति बनाई: लकी

**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेन्द्र सिंह)।** संयुक्त संसदीय समिति द्वारा लाया गया माननीय संविधान (एक सौ उनतीसवीं वीं संसोधन) विधेयक 2024 और संघ संसोधन विधेयक 2024 के अंतर्गत ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' को लेकर एक महत्वपूर्ण सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें एक देश एक चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों से विचार एवं सुझाव लिये गये। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एच एस लक्की जी द्वारा छः सदस्ययी कमेटी बनायी गई, जिसमें जतिन्दर भाटिया, अच्छे लाल गौड़, हाज़ी जाहीद परवेज़ खान, हरमेल केसरी, राजदीप सिद्धू और गुरदर्शन शामिल है। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के तरफ से इन सभी सदस्यों को बैठन में उपस्थित होने के लिये भेजा गया था। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने एक मत से ''एक देश एक चुनाव'' बिल का विरोध किया और सभी सदस्यों ने कहा की इस बिल की देश को कोई आवश्यकता नहीं है और इसे तुरंत निरस्त करने की मांग की गई । क्योंकि इस बिल में बहुत खामियां पायी गई हैं। संयुक्त संसदीय समिति द्वारा पूछे गये सभी बिन्दुवार सवालों के जवाब लिखित में एक दस्तावेज सौपा गया।

## शिवालिक विहार व आसपास की सोसायटियों के लोगों ने एक्सईएन दफ्तर के बाहर किया रोष प्रदर्शन

**बिजली की समस्या का समाधान नहीं होने पर हाईवे किया जाएगा जाम: स्थानीय निवासी**

**लोगों की एक्सीयन पावरकॉम के साथ भी हुई तीखी बहस**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 16 जून।** पटियाला रोड पर वार्ड नंबर 27 में पड़ती शिवालिक विहार व आसपास की सोसायटीयों के लोग बिजली के अघोषित कटों से बेहद परेशान हो चुके है। क्योंकि पिछले चार दिनों से दिन में दो से तीन घंटे और रात में चार से पांच घंटे बिजली गुल रहती है। जिस कारण लोगों कि दिन रात कि नींद उडी हुई है। ऊपर से आलम यह है के बिजली खराब होने पर पॉवरकाम के अधिकारी व कर्मचारी फोन भी नही उठा रहे है। जिसके बाद लोगों के पास पार्षद ही एक विकल्प





बचता है और मजबूरन लोगों को पार्षद के घर धरना देना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 27 की पार्षद रेनू नेहरू के घर बीती रात सोसायटी के लोगों द्वारा जमावडा कर दिया बिजली दरुस्त करने पर अड़ गए। लेकिन बिजली विभाग का काम उनके वश का नही था तो उन्होंने सोमवार को लोगों को इकठा किया और पावरकॉम विभाग के एक्सीयन के दफ्तर पहुंच गए और वहां बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान पार्षद व उनके साथ गए लोगों की एक्सीयन पावरकॉम के साथ भी तीखी बहस हो गई। जिसके पावरकॉम के एक्सीयन ने जेई की डियूटी लगाते हुए दुपिहर तक समस्या का हल करने का अस्वाशन दिया। लेकिन जब दुपिहर तक भी बिजली विभाग के वार्ड नंबर 27 में बिजली की समस्या हल करने नही पहुंचे तो गर्मी से तड़पे हुए लोगों ने पटियाला हाइवे जाम करने की चेतावनी दे डाली। रोष प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया की गर्मी का तापमान बहुत ज्यादा बढ़ गया है और पिछले चार दिनों से रोजाना कई कई घंटों के कट लग रहे है। दिन हो या रात उनको सोने का टाइम भी नही मिल रहा है। दिन में काम पर जाना पड़ता है और रात को लाइट नही आती जिस कारण उनकी नींद भी पूरी नही हो रही है। लोगों ने बताया फ्री बिजली के चक्कर में बिजली मिल नही रही है। हम पैसे देने को तैयार हैं लेकिन हमें बिजली की सप्लाई पूरी दी जाए। इस दौरान लोगों ने बताया के उनकी सोसायटी में पांच ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं जिन्हे अपग्रेड करने की जरूरत है। क्योंकि बिजली का लोड बढ़ गया है और सप्लाई पूरी नही हो रही। बिजली का लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर के फ्यूज बार बार उड़ रहे हैं और फ्यूज लगाने के लिए बिजली विभाग के पास कर्मचारी नही है। जो हैं वह समय पर आते ही नही। लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सोमवार शाम तक उनकी सोसायटी में ट्रांसफार्मर बदल कर सप्लाई ठीक ना की गई तो मजबूरन उन्हें मंगलवार को पटियाला हाइवे जाम करना पड़ेगा।

लोग अपनी समस्या लेकर हमारे पास आए थे, हमने उन्हें समझाया है के बिजली की खप्त बढ़ने के कारण ऐसा हो रहा है। यदि सप्लाई को ठीक रखना है तो लोगों को भी इसमें सहयोग करना पड़ेगा। बाकी हमारी टीम पूरी ईमानदारी से काम कर रही है।

**सुरिंदर सिंह बैंस, एक्सीयन पॉवरकॉम विभाग जीरकपुर।**

## रावाधस (रजि.) ने मनाया 24वाँ स्थापना दिवस, संगम कुमार वाल्मीकि बने मुख्य संचालक



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 16 जून।** राष्ट्रीय वाल्मीकि धर्म समाज (रावाधस) रजि. ने अम्बेडकर भवन, सेक्टर 37 चंडीगढ़ में अपना 24वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर दिलबाग टांक आदिवासी ने संगठन की कमान संगम कुमार वाल्मीकि को सौंपते हुए उन्हें केंद्रीय संगठन का मुख्य संचालक नियुक्त किया। उन्होंने संगम कुमार को संगठन का भविष्य बताते हुए समाज के उत्थान और सशक्तिकरण की आशा जताई। कार्यक्रम में कबीर जयंती भी मनाई गई। इस अवसर पर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व चंडीगढ़ से आए भजन गायक हैप्पी भील और अन्य गणमान्य अतिथियों ने सामाजिक जागरूकता व एकता पर विचार साझा किए। मुख्य अतिथियों में आधास धर्म गुरु डॉ. मुकेश अनार्य, दिल्ली नगर निगम मजदूर फेडरेशन के अध्यक्ष रणधीर गागट, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पूजा उज्जैन वाल, पंजाब प्रदेश अध्यक्ष अमित रंधावा, महिला प्रमुख प्रप्रीत कौर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबा बलबीर सिंह गुमटाला, हरियाणा यूथ प्रधान सनी वैध, राष्ट्रीय महिला प्रधान संतोष टांक सहित कई समाजसेवक शामिल हुए। वीर दिलबाग टांक ने अपने संबोधन में संत कबीर के विचारों को आज के समाज के लिए प्रासंगिक बताते हुए कहा कि कबीर ने जाति, धर्म, भाषा से ऊपर उठकर मानवता को केंद्र में रखा। उन्होंने कुरीतियों, अंधविश्वास और भेदभाव का विरोध कर समरस समाज की स्थापना का संदेश दिया।

## आग लगने से पांच झुग्गियां जलकर राख, जानी नुकसान से बचाव

**ए एस आई जसविंदर पाल ने अपनी तरफ से दिया खाने पीने का सामान**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 16 जून।** बीती रात बनूड़ के वार्ड नंबर 13 में स्थित श्मशानघाट के पास प्रवासियों की पांच झुग्गियों में आग लग गई। इस आग के कारण झुग्गियों में रखा खाद्यान्न व अन्य सामान जलकर राख हो गया, लेकिन जानी नुकसान होने से बचाव हो गया। मामले संबंधित जानकारी देते हुए प्रवासी मजदूरों ने बताया कि वे पिछले चार वर्षो से अपने परिवारों के साथ यहां झुग्गियों में रह रहे हैं और अपना खुद का व्यवसाय



चलाकर अपने परिवार का गुजारा कर रहे हैं। आज रात करीब 2 बजे उनकी एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई, जिसका पता चलते ही उन्होंने अन्य झोपड़ियों से सो रहे सभी परिवारों को बाहर निकाला और इस आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जिन्होंने बड़ी मुश्किल से काबू पाया गया, लेकिन तब तक इन झुग्गियां में रखा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। उन्होंने बताया कि अगर समय रहते इस आग का पता न चलता, तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। आग लगने की घटना का पता चलते ही ड्यूटी ऑफिसर एएसआई जसविंदर पाल पुलिस पार्टी सहित मौके पर पहुंची और आग लगने की घटना का जायजा लिया। प्रवासी मजदूरों का खाने-पीने का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था, इसलिए एएसआई जसविंदर पाल ने अपनी जेब से खाने-पीने का सामान खरीदकर पांचों प्रभावित परिवारों को दिया। प्रभावित परिवारों ने बताया कि इस आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया और उन्होंने एएसआई जसविंदर पाल का धन्यवाद किया।

## नंबरदार कुलबीर सिंह खासपुर बनूड़ नंबरदार यूनियन के अध्यक्ष नियुक्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 16 जून ।** पंजाब नंबरदार यूनियन रजि. नंबर 643 की मीटिंग मुख्य संपादक राम सिंह मिर्जापुर, मुख्य संरक्षक सतनाम सिंह गिल लांडरां और जिला अध्यक्ष गुरजीत सिंह गिल के नेतृत्व में हुई। इसमें बनूड़ क्षेत्र के नंबरदारों ने भाग लिया और नंबरदारों को आ रही समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। इस मीटिंग के दौरान नंबरदार कुलबीर सिंह खासपुर को नंबरदार यूनियन की बनूड़ इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा नंबरदार सतनाम सिंह सत्ता खलौर को कोषाध्यक्ष, जगतार सिंह बासमा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुखवंत सिंह नंगल को उपाध्यक्ष, पाल सिंह कुराली को महासचिव, उधम सिंह



छड़बड को प्रेस सचिव चुना गया। इस मौके बलदेव सिंह खानपुर, खेम चंद कलौली, जीत सिंह, सुरिंदर सिंह, नंबरदार करतार सिंह नडियाली और क्षेत्र के अन्य नंबरदार मौजूद थे। इस नवनियुक्त बनूड़ इकाई के नंबरदारों ने सभी पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि वे नंबरदारों और क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए मेहनत करेंगे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सिरोपा देकर सम्मानित भी किया गया।

## फ्लैट में घुसकर युवकों पर जानलेवा हमला, आधा दर्जन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज







अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 16 जून।** गाजीपुर रोड पर शर्लेन ऐवन्यू सोसायटी के फ्लैट में जबरन घुसकर हिसार से आए 8 से 10 युवकों ने एक प्रॉपर्टी डीलर व उसके साथियों पर कातिलाना हमला कर दिया। हमलावर दो गाडियों हरियाणा नंबर वरना व टैंपरेरी नंबर स्कार्पियों गाड़ी में आए थे। सभी ने सफेद रंग के गमछे से अपने मुंह ढके हुए थे। हमलावर सोसायटी के गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस ने इस मामले में घायल हेमंत धईया निवासी हिसार के बयान पर कर्ण सौरान सहित करीब आधा दर्जन अज्ञात पर बीएनएस की धारा 109, 115(2), 126(2), 331(6), 351(2), 191(3), 190 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता हेमंत के अनुसार उसने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाकी आरोपियों की पहचान भी कर ली है, जिनमें यस जटाणा, अभिमन्यू बिश्नोई, अमन देडु, ईशान गुवन, दिव्यांश गोदारा और आशीष गुज्जर शामिल थे।

हेमंत धईया ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उसने मोतिया सिटी जीरकपुर में शर्लेन सोसायटी में कराये पर फ्लेट लिया हुआ है। वह प्रॉपर्टी का काम करता है और मूल रुप से हिसार का रहने वाला है। उसके कुछ दोस्त अर्जुन, तुषार और अंकित (सभी निवासी हिसार) उसके फ्लैट में आए थे। उन्होंने हिमाचल घूमने जाना था। अर्जुन की कर्ण सौरान से फोन पर किसी बात को लेकर बहस हुई थी। कर्ण सौरान पर पहले भी छह से सात मामले दर्ज है और वह एक मामले में फरार चल रहा है। शनिवार रात को करीब 2 बजे कर्ण सौरान अपने 8 से 10 साथियों के साथ उसके फ्लैट पर पहुंचा। उसने तीन बार डोर बेल बजाई। हेमंत ने समय देखकर साथी से कहा कि उसने कोई ऑनलाइन ऑर्डर नहीं दिया इस समय कौन आ सकता है। उसने जब डोर से झांक कर देखा तो बाहर मुंह ढके 8 से 10 युवक खड़े थे। उसे भनक लग गई कि वह सभी अर्जुन को मारने के लिए आए हैं, उसने पिछले दरवाजे से अर्जुन को भगा दिया। इसी बीच हमलावरों ने दरवाजा तोड़ दिया और तुषार, अंकित व उस पर नारियल काटने वाले दातर से हमला कर दिया। हमलावरों के पास एक बैग था जिसमें से उन्होंने दो पिस्टल निकाले और अंकित व तुषार के सिर पर उसके बट से वार कर दिए। एक हमलावर ने उसके सिर पर दातर से वार किया। वह बचने के लिए भागा और तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। उसकी कमर की पसलियां टूट गई और टांग फ्रैक्चर हो गई।

कुछ देर बाद वहां एंबुलैंस आई और उन्हें डेराबस्सी सिविल अस्पताल ले गए, जहां उनके सिर पर टांके लगाए गए। उसके बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जीएमसीएच-32 रैफर कर दिया। उनके परिवार को मामले की जानकारी मिलने के बाद वह घायलों को हिसार ले गए। जीरकपुर पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज करने उपरांत हमलावरों के खिलाफ इरादा कत्ल का मामला दर्ज कर लिया।

सम्पादकीय

# जी-7 में भारत को स्थाई सदस्यता मिलना अब जरूरी

दुनिया के ताकतवर सात देशों के समूह जी-7 में भारत की स्थायी सदस्यता की जरूरत अब प्रमुखता से सामने आ रही है। कनाडा में जी-7 की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शामिल होकर इस बात को रेखांकित किया है कि इन सात देशों के बीच भारत की मौजूदगी का अभिप्राय क्या है। भारत इस समय विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब इसकी मांग हो रही है कि भारत को इसकी स्थायी सदस्यता मिले। मालूम हो, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा जी-7 के स्थायी देश हैं। इस बार यह बैठक कनाडा में हो रही है और उसके खास आमंत्रण पर भारत इसमें शामिल हो रहा है। बदलते दौर में भारत ने वैश्विक परिदृश्य पर अपनी जो छाप छोड़ी है, वह भविष्य की तस्वीर को बदलने वाली है। भविष्य भारत के साथ हो सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले जितनी भी बैठकें हुई हैं, उनमें भारत को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता रहा है।

इस सम्मेलन की उपयोगिता इस तरह से साबित होती है कि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने जहां ट्रिप्स छूट को लेकर पीएम मोदी के साथ हुई अपनी चर्चाओं का उल्लेख किया वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारत जैसे दवा उत्पादकों को कच्चे माल की आपूर्ति का आह्वान दुनिया के बाकी देशों से किया। दरअसल, स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक राय होना अब आवश्यक हो गया है। यही बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कही है। इस सम्मेलन के कई अन्य मायनों में अहम यह भी है कि अमेरिका समेत दुनिया के अन्य विकसित देशों ने चीन को घेरने का रोडमैप तैयार कर लिया है। जी-7 की बैठक में विश्व भर में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को सीमित करने के लिए सबसे ज्यादा चर्चा हुई। इस बैठक में जी-7 के सभी देश इस बात पर राजी थे कि पश्चिमी देशों को चीन के बारे में कुछ सोचना चाहिए और उसका काउंटर तैयार करना चाहिए।

**अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, ब्रिटेन और कनाडा ने चीन पर प्रतिबंध लगाए थे। इसमें प्रमुख रूप से यात्रा-प्रतिबंध और संपत्ति फ्रीज करना शामिल है। इसके अतिरिक्त इन देशों ने चीन में वीगर मुसलमानों के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए। चीन पर यह भी आरोप लगे हैं कि वह वीगर मुस्लिम महिलाओं की नसबंदी कर रहा है। वीगर बच्चों को उनके परिवारों से अलग किया जा रहा है। चीन पर लगे इन आरोपों का अभी तक कोई जवाब दुनिया को नहीं मिला है कि आखिर कोरोना संक्रमण कैसे पैदा हुआ**

गौरतलब है कि बीते वर्षों में चीन ने अपनी विस्तारवादी नीति के तहत उन देशों पर शिकंजा कसा है जोकि गरीब हैं। भारत के चारों तरफ ऐसे देशों को चीन ने अपने कर्ज के जाल में फंसाया है। यह बात वैश्विक समाज जानता है। अब चीन को कड़ी टक्कर देने के लिए जी-7 नेताओं ने रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत निम्न और मध्यम आय वाले देशों का समर्थन करने की योजना अपनाई गई है। यहां जी-7 देश इन्हें बेहतर बुनियादी ढांचा खड़ा करने में मदद करेंगे। दरअसल, चीन की बेल्ट एंड रोड परियोजना ने कई देशों में ट्रेनों, सडक़ों और बंदरगाहों को सुधारने के लिए आर्थिक मदद की है। इस बात को लेकर चीन की निंदा भी होती रही है कि उसने कुछ देशों को कर्ज में दबाने के बाद उन पर हुकूमत जमाने की कोशिश की है। चीन ने श्रीलंका में एक द्वीप को 99 साल के लिए पट्टे पर लेकर वहां सैन्य गतिविधियां शुरू की हैं, जिससे हिंद महासागर में भारत के लिए नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

दरअसल, अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, ब्रिटेन और कनाडा ने चीन पर प्रतिबंध लगाए थे। इसमें प्रमुख रूप से यात्रा-प्रतिबंध और संपत्ति फ्रीज करना शामिल है। इसके अतिरिक्त इन देशों ने चीन में वीगर मुसलमानों के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए। चीन पर यह भी आरोप लगे हैं कि वह वीगर मुस्लिम महिलाओं की नसबंदी कर रहा है। वीगर बच्चों को उनके परिवारों से अलग किया जा रहा है। चीन पर लगे इन आरोपों का अभी तक कोई जवाब दुनिया को नहीं मिला है कि आखिर कोरोना संक्रमण कैसे पैदा हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शुरुआत में इस मामले को लेकर चीन का बचाव किया था, लेकिन बाद में पश्चिमी देशों के कड़े रुख के बाद चीन पर दबाव आया। दरअसल, यह चीन की हेकड़ी का ही नमूना है कि वह दुनिया को महामारी देकर भी खुद को पाक-साफ बताता रहा है। महज अपने हितों की रखवाली और परवाह करने वाले चीन ने अब जी-7 देशों को भी अगर आंखें दिखाई हैं तो यह उसकी मूढ़ता का परिचायक है। जी-7 समूह को अपने खिलाफ गुटबाजी के तौर पर देखते हुए चीन ने धमकी दी है कि वह दौर काफी पहले खत्म हो चुका है, जब कुछ देशों के छोटे समूह दुनिया की तकदीर का फैसला करते थे। हालांकि यह चीन की गलतफहमी हो सकती है, क्योंकि चुनौतियों के बीच भारत विश्व पटल पर अपनी जगह बनाने में सफल रहा है और अब उसकी मौजूदगी के व्यापक मायने हैं।

# अन्नदाता की खुशहाली के लिए गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका



केन्द्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देष की खुषहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हांलाकि मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिववार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है। इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता। किसान का भला चंद मिनी किट वितरण से नहीं हो सकता। दरअसल अन्नदाता और खेती किसानी का भला किसान के खेत को ही प्रयोगशाला बनाने से संभव होगा तो किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा दिलाने से संभव होगा। कैसी बिड़म्बना है कि छोटी से छोटी वस्तु का उत्पादन कर्ता अपनी वस्तु को बेचने का दाम खुद तय करता है वहीं दूसरी और अन्नदाता जो अपने खून पसीने से सबका पेट ही नहीं भरता बल्कि इससे भी अधिक यह कि देश की अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रमुख कारक भी है। इस सबके बावजूद किसान को अपनी उपज ओने पोने भावों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उसकी मेहनत का फल बिचौलियों को चला जाता है। टमाटर इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है जो कभी अन्नदाता को रुलाता है तो कभी आमजन को पर कभी भी किसी मण्डी के आड़तियें को रुलाते नहीं देखा होगा। यहां तक देखने को मिलता है कि अन्नदाता को लागत तो दूर मण्डी में ले जाने तक के खर्च की राषि भी नहीं मिल पाती है। टमाटर तो एक उदाहरण मात्र है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले 11 साल में किसानों के हित में बड़े और लाभकारी निर्णय किये गये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाएं और फसल की बुवाई से पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा निश्चित रुप से सराहनीय पहल है। हालिया 15 दिन का विकसित कृषि संकल्प अभियान को भी निश्चित रुप से सराहनीय पहल माना जा सकता है। इस सबके बीच सवाल यह भी उठता है कि देष में बहुत से प्रगतिशील और अपने बल बूते पर खेती के क्षेत्र में नवाचारों को फलीभूत कर रहे हैं उनको प्रोत्साहित करने के प्रयास भी होने चाहिए। हांलाकि कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से लगातार ऐसे कर्मयोगी किसानों को आगे लाने, प्रोत्साहित करने और उनके प्रयोग को अन्य किसानों के सामने के समग्र प्रयास डॉ. महेन्द्र मधुप जैसे कर्मयोगी द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। डॉ. मधुप 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर, देश-विदेश में उनकी पहचान को विस्तारित करने में जुटे हैं, इसे सकारात्मक पहल माना जा सकता है। देश का मीडिया भी इसे लेकर गंभीर है और यही कारण है कि प्रमुख मीडिया ग्रुप किसानों से संबंधित जानकारियों का समावेश करते हुए नियतकालीन परिषिष्ठ प्रकाशित कर रहे हैं। डॉ. मधुप जैसे ही खेती किसानी के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी को भी आगे आना चाहिए और जो तथाकथित किसान हितेशी बने हुए हैं उन्हें भी ऐसे कर्मयोगी किसानों के नवाचारों को प्रमुखता देनी चाहिए।

कोरोना काल का उदाहरण हमारे सामने हैं। जब समूचे विश्व में सब कुछ बंद हो गया तो सबसे बड़ा सहारा कृषि क्षेत्र ही बनकर आया। किसानों की मेहनत से भरे अन्न धन इस संकट के समय में बड़ा सहारा बने। सरकारें अपने नागरिकों को आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकी। आज भी देश दुनिया में खाद्य संकट से जूझने में अन्नदाता की मेहनत ही काम आ रही है। कर्जमाफी की यहां इसलिए चर्चा करना जरुरी हो जाता है कि कर्जमाफी की राषि जितनी राशि के कृषि इनपुट यानी कि खाद-बीज कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करा दी जाए तो इस राशि का वास्तव में खेती किसानी क्षेत्र में उत्पादकता के रुप में उपयोग हो सकेगा। कर्ज माफी को इसतरह से समझना होगा कि किसान भी यह समझने लगा है कि चुनाव आने पर कर्ज तो माफ होना ही है ऐसे में कर्ज चुकाना ही क्यों। दूसरा यह कि सरकार की कर्ज माफी का बोझ तो उठाना ही पड़ता है पर फिर भी वह ना तो किसानों को ही संतुष्ट कर पाती है और ना ही यह राशि किसानों के काम आ पाती है। ऐसे में सरकार को ब्याज अनुदान या इस तरह के अनुदान पर होने वाले व्यय को किसानों को इनुपट के रुप में उपलब्ध कराने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इससे एक तो इनपुट खेती में ही काम आयेगा और इनपुट की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया तो खेती किसानी में उत्पादकता बढेगी और इसका लाभ देषको ही प्राप्त होगा। देश में अन्नधन के भण्डार भरेंगे। आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार के 15 दिवसीय संवाद को अच्छी पहल माना जा सकता है और इस तरह के अभियान खरीफ और रवी दोनों ही फसलों की बुवाई से पहले चलाया जाएं तो निश्चित रुप से देश को लाभ होगा। इसके साथ ही इस तरह के अभियान के दौरान खेती क्षेत्र की अनुदान राशि के एक बड़े हिस्से को इनपुट वितरण के रुप में उपयोग होगा तो यह किसानों के लिए वास्तविक लाभकारी होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठनों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र के नवाचारी किसानों को प्रोत्साहित, सम्मानित और उनके अनुभवों को साझा करने के समन्वित प्रयास किये जाने चाहिए। यहां तक कि कृषक भ्रमण कार्यक्रमों में स्थानीय नवाचारी किसानों के खेत को बतौर प्रयोगशाला भ्रमण कराया जाना चाहिए ताकि एक दूसरे के अनुभवों को साझा करने के साथ ही नवाचारी किसानों को भी प्रोत्साहन मिल सकेगा।

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### अभियुक्तों से मनचदां की रोंगटे खड़े करने वाली हत्या का रहस्य खुला

**चंडीगढ़।** आकाशवाणी केंद्र पटियाला के कार्यवाहक निर्देशक मोहन लाल मनचंदा ने अपहरण व हत्या के सिलसिले में अम्बाला पुलिस ने चार व्यक्तियों को गिरफ्तार करके इस गुत्थी को पूर्णतः सुलझा लेने का दावा किया है।

पुलिस के एक प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गये व्यक्तियों से की गई पूछताछ के दौरान पता चला है कि श्री मनचंदा के अपहरण व हत्या में पांच व्यक्ति शामिल हैं, जबकि इस साजिश के पीछे दिमाग अमरीक सिंह कौली का ही चलता था।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मनचंदा का अपहरण करने का कार्यक्रम उस समय से था जब वे जालंधर दूरदर्शन में वरिष्ठतम अधिकारी के तौर पर कार्यरत थे। खाड़कू गुट कई दिनों तक उनके कार्यकलापों पर नजर टिकाए रहा व आखिर पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला के निकट उन्हें बस से उतरते ही उठा लिया गया। इस काम में स्कूटर नंबर एचआर 01 - - ए- 8286 और एक नकली नंबर लगी सफेद मारुति कार इस्तेमाल की गई। सफेद मारूति 12 मई को अम्बाला शहर के बलदेव नगर से और स्कूटर लालडू थाने के तहत गांव जरोट से मार्च माह के पहले सप्ताह छीना गया था।

इस अपराध में पहले गुरदयाल सिंह कौली व गुरमेल सिंह नामक दो खाड़कुओं के अलावा दो और जाने-माने खाड़कू शामिल थे, जबकि सुखविंदर सिंह सुक्खा उनको रास्ते में मिला। जैसे ही मनचंदा बस से उतरे, गुरदयाल सिंह कौली ने उनसे पूछा, बाऊ जी तुहाडा की नाम है। और जैसे ही मनचंदा ने कहा ''मेरा नाम एम.एल मनचंदा है।'' उन्हें पिस्तौल की नोंक पर जबरदस्ती सफेद मारूति में डाल दिया गया। सुखविंदर सिंह सुक्खा उन्हें गुरद्वारा बहादुरगढ़ के निकट मिला। गुरदयाल सिंह मारुति कार का चालक बना हुआ था। जबकि अन्य दो उग्रवादी स्कूटर पर सवार थे। उन्होंने राजपुरा के गांव खैरपुर जट्टा में मनचंदा को दो दिन व दो रात तक रखा। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हत्या कांड व अपहरण की ये गुत्थी गुरमेल सिंह व सुखविंदर सिंह सुक्खा से पूछताछ करने के बाद सुलझी।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1609-नीदरलैंड, इंगलैंड और फ्रांस ने 12 वर्षो के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

1674-शाहजी भोंसले की पत्नी तथा छत्रपति शिवाजी की माता जीजाबाई का निधन।

1756-नवाब सिराजुद्दौला ने 50 हजार सैनिकों के साथ कलकत्ता पर आक्रमण किया।

1799-नेपोलियन बोनापार्ट ने इटली को अपने साम्राज्य में शामिल किया।

1858-1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का निधन।

1885-स्टैचू ऑफ लिबर्टी न्यूयार्क के बंदरगाह पहुंचा।

1928-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, कवि, साहित्यकार तथा उड़ीसा के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता गोपबंधु दास का निधन।

1942-उत्तराखंड के राजनीतिज्ञ तथा पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का जन्म।

1973-भारत के सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस का जन्म।

1981-हिन्दी चलचित्र अभिनेत्री अमृता राव का जन्म।

1991-राजीव गांधी को मरणोपरांत भारत रत्न दिया गया।

1994-उत्तरी कोरिया अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को अपने देश में बने रहने देने को सहमत।

1999-लेकेव जुमा द. अफ़्रीका के उपराष्ट्रपति नियुक्त! कारगिल में चल रहे युद्ध के मद्देनजर आई.एस.आई. द्वारा कारगिल जेहाद फ़ंड की स्थापना।

2001-नेपाल शाही परिवार हत्या प्रकरण में डॉक्टर ने कहा कि दीपेन्द्र के खून में शराब का अंश नहीं था।

2002-कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पुनः खोला गया।

2003-फ़्रांस में 165 ईरानी आतंकवादी गिरफ़्तार।

2004-मंगल पर पृथ्वी की चट्टानों से मिलते-जुलते पत्थर मिले। बगदाद में सेना की भर्ती केन्द्र पर विस्फोट में 42 मरे तथा 127 घायल।

2008-देश में विकसित हल्के लड़ाकू विमान 'तेज़स' का बंगलौर में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।

2012-साइना नेहवाल तीसरी बार इंडोनेशिया ओपन चैंपियन बनीं।

2015-भारत के 28वें पूर्व मुख्य न्यायाधीश मदन मोहन पुंछी का निधन।

2017-पुर्तगाल में जंगल की आग से 64 लोगों की मौत और 204 अन्य घायल।

## बोल ब्यूटीफुल

**अभिषेक सिंघवीः** समझदारी यही कहती है कि ईरान-इजराइल के बीच भारत को किसी एक का पक्ष नहीं लेना चाहिए। ईरान भारत का पुराना मित्र है, जो कश्मीर मुद्दे से लेकर इस्लामिक देशों के संगठन तक भारत का साथ देता आया है। इजरायल हमारा महत्वपूर्ण सामरिक साझेदार है। किसी के भी पक्ष में झुकाव दुविधा को और बढ़ाएगा।



**प्रियंका चतुर्वेदीः** मुंबई लोकल ट्रेन हादसा, विमान दुर्घटना के बाद रविवार को पुणे के पास एक पुल बह गया। ऐसा लगता है कि भारत में लोगों की जिंदगी बहुत सस्ती हो गई है। उन लोगों के लिए दिल दुखता है जो खुशी के कुछ पल मनाने के लिए गए, लेनि अंत में उनके हिस्से केवल त्रासदी आई।



# चंडीगढ़ में बिजली और पानी की संकटपूर्ण स्थिति, जनता त्रस्त: प्रेमलता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** चिलचिलाती गर्मी में जब जनता को बिजली और पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, तब चंडीगढ़ की जनता इन दोनों मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। दिनांक 1 फरवरी 2025 को, विपक्षी दलों और जनता के तीव्र विरोध के बावजूद, चंडीगढ़ प्रशासन ने केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए सदैव लाभकारी रहे बिजली विभाग को निजी कंपनी को हस्तांतरित कर दिया। आश्चर्यजनक रूप से, चंडीगढ़ की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इस निर्णय का कोई विरोध नहीं किया।

निजी कंपनी सीपीडीएल जिसके तकनीकी कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर से लेकर निदेशक तक, विभिन्न राज्यों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर निर्भर है, वह भी चंडीगढ़ की जनता को बिजली संकट से मुक्ति नहीं दिला सके। अघोषित बिजली कटौती, कम वोल्टेज, और वोल्टेज में उतार-चढ़ाव ने प्रत्येक नागरिक को परेशान कर रखा है। विशेष रूप से बीमार व्यक्तियों, वृद्धजनों और बच्चों की तकलीफें और अधिक बढ़ गई हैं। कभी दोपहर में लंबे समय तक बिजली कटौती, तो कभी रात में अंधेरा–इस भीषण गर्मी में जनता न तो चैन से सो पा रही है और न ही राहत महसूस कर पा रही है।

हाल ही में हुई मुख्य सचिव की बैठक में कंपनी ने दावा किया था कि उसने बुनियादी ढांचे को उन्नत कर लिया है, किंतु पुराने ट्रांसफार्मरों को बदलने का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है। यह स्पष्ट रूप से जनता के साथ छल है। मुख्य सचिव को तत्काल इस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इसका एमओयू रद्द करना चाहिए।

बिजली संकट के साथ-साथ, चंडीगढ़ के निवासियों को जलापूर्ति की कमी और दूषित पानी की समस्या ने भी जकड़ लिया है। कई सेक्टरों और मणिमाजरा क्षेत्र में लोग दूषित जलापूर्ति से परेशान हैं। इस भयावह स्थिति में चंडीगढ़ प्रशासन आखिर कब तक चुप्पी साधे रहेगा? ऐसी परिस्थितियों में शहर में किसी भी समय महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है।

# भाजपा सरकार से स्पष्ट प्रश्न है–जब हादसे सिलसिलेवार हो रहे हैं, तो जवाबदेही तय क्यों नहीं की जा रही: दीपा दुबे

क्या जनजीवन की सुरक्षा इस भाजपा की केंद्र सरकार की प्राथमिकता में नहीं है

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** आज पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपा दुबे ने कहा की उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति अब केवल चिंता का विषय नहीं, बल्कि एक गंभीर प्रशासनिक विफलता का संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि बीते कुछ सप्ताहों में पाँचवीं दुर्घटना और आज 7 निर्दोष लोगों की मृत्यु, यह किसी भी जिम्मेदार शासन के लिए आत्मचिंतन का विषय होना चाहिए।

दुबे ने कहा कि मैं सभी दिवंगत यात्रियों व पायलट को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि शोकाकुल परिवारों को यह पीड़ा सहने की शक्ति प्राप्त हो।

लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी भीषण घटनाओं के बावजूद न कोई निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच की गई, न सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा हुई।

अंत में दीपा दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार से स्पष्ट प्रश्न है – जब हादसे सिलसिलेवार हो रहे हैं, तो जवाबदेही तय क्यों नहीं की जा रही? क्या देश के नागरिकों की जनजीवन की सुरक्षा इस भाजपा सरकार की प्राथमिकता में नहीं है?

# आरडब्ल्यूए ने सेक्टर 35 में लगाई ठंडे मीठे पानी व चने की छबील

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 जून।** सेक्टर 35 के आरडब्ल्यूए ने पार्षद प्रेम लता के साथ मिल कर अपने सेक्टर के ग्रीन बेल्ट पार्क में छबील का आयोजन किया। हर साल यहाँ की आरडब्ल्यूए इस कार्यक्रम का आयोजन करती रही है । छबील में शरबत के साथ साथ चने का प्रशाद भी बांटा गया । इस कार्यक्रम की शुरुआत अरदास के साथ की गई । सभी सेक्टर वासियों ने मिल कर सेवा करी वह इस कार्यक्रम को सफल बनाया। आरडब्ल्यूए प्रधान अमरजीत सिंह ने कहा कि हमारी आरडब्ल्यूए यह कार्यक्रम हर साल आपसी भाईचारा बनाके रखने के लिए आयोजन करती है। हमारी आरडब्ल्यूए का काम शहर वासियों की सेवा करना और सेक्टर वासियों को आपस में जोड़ कर रखने का है। पार्षद प्रेम लता के साथ सेक्टर 35 आरडब्ल्यूए के प्रधान अमरजीत सिविया, हरजिंदर सिंह, अवतार सिंह, सेवा सिंह, सेक्टर 43 आरडब्ल्यूए प्रधान राजेश राय, गुरसेवक सिंह, शेर इंदर सिंह, रणधीर व कई सेक्टर 35 के निवासी उपस्थित रहे।

### नीट यूजी 25 में आकाश इंस्टिट्यूट के चंडीगढ़ के छात्र छाए

# जनव बंसल ने हासिल की एआईआर 89 जबकि अधिराज सिंह पनाग का एआईआर 103



अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

**चंडीगढ़।** अग्रणी संस्थाआकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के 15 छात्रों ने चंडीगढ़ से नीट यूजी 25 परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीर्ष रैंक हासिल की है। यह सफलता छात्रों की प्रतिबद्धता, अनुशासित अध्ययन और संस्थान द्वारा प्रदान किए गए उच्च स्तरीय मार्गदर्शन का परिणाम है। परीक्षा के परिणाम शनिवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। बता दें कि सीरी ब्यूटीफुल के जनव बंसल ने ऑल इंडिया रैंक 89, अधिराज सिंह पनाग ने एआईआर 103 लेकर शहरवासियों को गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय रैंक धारकों में आरव गोयल (एआईआर), युवराज घई (एआईआर), अमीषी मंगल (एआईआर 1833), पारस कम्बोज (एआईआर 2945), इशिता शर्मा (एआईआर 3229), देवांश (एआईआर 4450) और प्रीतम सिंह (एआईआर 6774) शामिल हैं। एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान द्वारा दी गई मजबूत अकादमिक नींव, अवधारणात्मक स्पष्टता और नियमित अभ्यास को दिया। विशेषज्ञ शिक्षकों और व्यक्तिगत मार्गदर्शन ने सफलता में अहम भूमिका निभाई।

अर्थ प्रकाश को जानकारी देते हुए डॉ.सुरेन्द्र चौहान, रीजनल डायरेक्ट, ने कहा कि छात्रों के नीट यूजी 25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संस्थान को गर्व है। यह छात्रों के अथक प्रयासों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के समर्पण से संभव हों सका है।

# ऊना को विकास की बड़ी सौगात, मुख्यमंत्री ने किए 25.79 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

शिक्षा और अधोसंरचना क्षेत्र को मिली नई रफ्तार, बेटियों के लिए बनेगा नया छात्रावास

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 16 जून।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को ऊना विधानसभा क्षेत्र को 25.79 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और बुनियादी ढांचे को मजबूती देने वाले विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले 8.79 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (बाल) पाठशाला ऊना के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस भवन से छात्रों को बेहतर शिक्षण सुविधाएं मिलेंगी और विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ होगा।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने 12 करोड़ रुपये की लागत से तैयार राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना के अत्याधुनिक शैक्षणिक ब्लॉक का लोकार्पण किया। यह ब्लॉक स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशालाओं और प्रशासनिक इकाइयों से सुसज्जित है और यहां उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले 'न्यू गर्ल्स हॉस्टल' की आधारशिला भी रखी।

यह छात्रावास विशेष रूप से दूर-दराज़ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास सुविधा प्रदान करेगा, जिससे बेटियों की उच्च शिक्षा तक पहुंच और अधिक सुलभ होगी। मुख्यमंत्री ने कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया।

**ये रहे मौके पर मौजूद**

इस अवसर पर गगरेट विधायक राकेश कालिया, चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन बबलू, कुटलैहड़ विधायक विवेक शर्मा, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, ऊना के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा, राज्य एसी आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा व अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र सोहड़, कांग्रेस नेता अविनाश कपिला, संजीव कंवर, बाबा अमर जोत बेदी, उर्मिला शर्मा, सीमा सोहड़, शिव सैनी, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव, उपनिदेशक उच्च शिक्षा अनिल कुमार एवं माध्यमिक शिक्षा सोम लाल, डिग्री कॉलेज ऊना की प्रिंसिपल डॉ. मीता शर्मा, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊना के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कौंडल सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## डाईट सोलन में योग पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 16 जून।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस के संदर्भ में आयुष विभाग द्वारा ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सोलन में योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता ज़िला आयुष अधिकारी डॉ. निशा वर्मा ने की।

डॉ. निशा वर्मा ने सभी को अष्टांग योग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग के आठ अंग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारण, ध्यान और समाधि के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि योग हमारे शरीर, मन व आत्मा को ईश्वर से जोड़ता है तथा योग को नियमित अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। इस अवसर पर आयुष विभाग सोलन के डॉ. मन्जेश शर्मा ने सभी को कपालभाति, अनुलोम-विलोम व ध्यान प्रणायाम का अभ्यास कराया। ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सोलन के उप प्रधानाचार्य, विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी व प्रशिशु इस अवसर पर उपस्थित थे।

## नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, 2.37 करोड़ की संपत्ति जब्त

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 16 जून।** सोलन जिला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करते हुए दो प्रमुख मामलों में 10 आरोपियों और उनके सहयोगियों की 2.37 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की है। यह जानकारी सोलन के एसपी गौरव सिंह ने अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। जब्त संपत्तियों में आलीशान मकान, लक्जरी गाड़ियां, कैश डिपॉजिट, फिक्स्ड डिपॉजिट और अन्य संपत्तियां शामिल हैं।

पहला मामला 27 अप्रैल 2025 का है, जब पुलिस थाना कंडाघाट के गौड़ा क्षेत्र में विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने तीन आरोपियों–प्रकाश ठाकुर (55), राजेश पांडे (41) और रविंद्र (56)–के कब्जे से 1.310 किलोग्राम चरस बरामद की थी। जांच के दौरान प्रकाश ठाकुर के घर से अतिरिक्त 520 ग्राम चरस मिली, जिससे कुल बरामदगी 1.830 किलोग्राम हो गई। जांच में खुलासा हुआ कि प्रकाश ठाकुर इस नेटवर्क का मुख्य सरगना है, जो अपने घर पर चरस का उत्पादन कर शिमला, सोलन और सिरमौर में तस्करों को आपूर्ति करता था। वित्तीय जांच में इन तीनों आरोपियों और उनके सहयोगियों के नाम पर 2.09 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, जिसमें मकान, लक्जरी वाहन, कमर्शियल वाहन और जेसीबी मशीन शामिल हैं।

दूसरा मामला 17 मार्च 2025 का है, जब धर्मपुर पुलिस ने दो आरोपियों–गौरव और चेतन–को 11 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया। वित्तीय जांच में पता चला कि दोनों लंबे समय से स्थानीय तस्करों को चिट्टा की आपूर्ति कर रहे थे और उनकी 28 लाख रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की गई।

एसपी गौरव सिंह ने बताया कि सोलन पुलिस ने 2024 से नशा तस्करों की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की थी। अब तक आठ मामलों में 28 आरोपियों की करीब आठ करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। इनमें एक मामले में 37 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली चरस और छह मामले चिट्टा तस्करी से संबंधित थे। जब्त संपत्तियों में होटल, प्लॉट, लक्जरी गाड़ियां और बैंक जमा राशि शामिल हैं, जिनमें से अधिकांश बाहरी राज्यों से जब्त की गईं।

पिछले दो वर्षों में सोलन पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है, जिसमें 184 मामले दर्ज कर 393 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 136 बाहरी राज्यों के तस्कर शामिल हैं, जिनमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों से 130 बड़े सप्लायर और नौ नाइजीरियन नागरिक शामिल हैं। पुलिस ने 57 अंतरराज्यीय नशा तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त किया, जिससे हजारों युवाओं को नशे की आपूर्ति रोकने में सफलता मिली।

आदतन नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने PIT NDPS Act 1988 के तहत निवारक हिरासत की कार्रवाई भी शुरू की है। अब तक 15 आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रस्ताव भेजे गए हैं, जिनमें से पांच को तीन महीने की हिरासत में जेल भेजा गया है।

एसपी गौरव सिंह ने कहा कि सोलन पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही है और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## भारतीय सेना अग्निवीर परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई तक, एडमिट कार्ड वेबसाइट पर उपलब्ध

अर्थ प्रकाश/गोविन्द ठाकुर

**नेरचौक, 16 जून।** सेना भर्ती कार्यालय, मंडी के भर्ती निदेशक कर्नल डी.एस. सामंत ने बताया है कि अग्निवीर पदों हेतु ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 जून से 10 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अपने परीक्षा केंद्र पर समय से पूर्व पहुंचना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को उच्च गुणवत्ता में प्रिंट किया गया एडमिट कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। परीक्षा केंद्र का नाम, स्थान तथा रिपोर्टिंग समय एडमिट कार्ड में स्पष्ट रूप से अंकित रहेगा। अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर अपने यूजर आईडी से लॉगिन करें। लॉगिन के पश्चात होम स्क्रीन के बाईं ओर Download CEE Admit Card विकल्प पर क्लिक करें।

नवीन विंडो में अपना जे.आई.ए . रोल नंबर और जन्मतिथि भरने के बाद एडमिट कार्ड डाउनलोड किया जा सकता है। यह छुट्टे रोल नंबर अभ्यर्थी की भुगतान रसीद पर अंकित होता है। यदि रसीद गुम हो गई हो, तो वेबसाइट पर History of Application सेक्शन से पुनः डाउनलोड किया जा सकता है।

**दस्तावेज लाना अनिवार्य**

निदेशक ने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे परीक्षा के दिन अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी छायाप्रति अवश्य साथ लाएं। दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया के लिए ये अनिवार्य है, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## दिव्यांग बच्चों को ऑर्थोसिस और ट्रेडमिल वितरित कार्यक्रम सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा।



**कुल्लू, 16 जून।** आज जिला मुख्यालय स्थितआश बाल विकास केंद्र, अखाड़ा बाज़ार में एनएचपीसी के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को ऑर्थोसिस (सहायक उपकरण) और दो ट्रेडमिल मशीनें वितरित की गईं। इस मानवीय और महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिले के अनेक दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया और उन्हें दैनिक जीवन में सहारा देने वाले उपकरण एवं व्यायाम हेतु उपयोगी संसाधन प्रदान किए गए।

इस अवसर पर एनएचपीसी पार्वती चरण-2 के जनरल मैनेजर रणजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं बच्चों को ऑर्थोसिस और ट्रेडमिल प्रदान किए और सभी बच्चों के शीघ्र स्वस्थ व स्वावलंबी जीवन की कामना की।

रणजीत सिंह ने जानकारी देते हुए कहा, "एनएचपीसी का यह कार्यक्रम हमारे कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत हम आज इन बच्चों के लिए यह सेवा कार्य कर पाए हैं। भविष्य में भी हम ऐसे कार्यों के लिए तत्पर रहेंगे। इससे पहले भी एनएचपीसी सम्फिया संस्था के साथ मिलकर दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करता रहा है। क्षेत्रीय अस्पताल में स्थापित 'बेरा मशीन' भी एनएचपीसी के एवं सतत विकास की ही एक पहल है, जिससे श्रवण जांच सेवाएं सुगम हुई हैं।'

इस दौरान एनएचपीसी पार्वती-2 के डीजीएम (फाइनेंस) कमलेश धीमान, डीजीएम (एचआर) अरविन्द कौशिक आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना की और समावेशी समाज के लिए एनएचपीसी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यक्रम के दौरान सम्फिया संस्था की निदेशक डॉ. श्रुति भरद्वाज ने एनएचपीसी का आभार जताते हुए कहा, "एनएचपीसी के इस सहयोग से हम और अधिक बेहतर तरीके से दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य कर पाएंगे। यह पहल समाज में समावेशन और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने वाला कदम है।'

बीजू हिमदल, कार्यक्रम प्रबन्धक, सम्फिया ने सभी को संस्था के विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया।

इस कार्यक्रम ने न केवल दिव्यांग बच्चों को प्रत्यक्ष लाभ मिला, बल्कि समाज को भी यह संदेश गया कि सहयोग और सद्भाव से हम सभी मिलकर एक समावेशी और सशक्त समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

## एक और होनहार ने किया डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर को गौरवान्वित

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 16 जून।** अभी हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा लिए गए (सीएपीएफ) केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए।संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा परिणाम में हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के उपमंडल गोहर के सबसे प्रतिष्ठित स्कूल डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर में पढ़ चुके होनहार विद्यार्थी हर्षित गुप्ता ने बहुत बड़ी कामयाबी हासिल कर ने सिर्फ डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर को गौरांवित किया बल्कि हर्षित गुप्ता ने पूरे प्रदेश जिला मंडी उपमंडल गोहर व नांडी क्षेत्र व परिवार को गौरवान्वित किया है। हर्षित गुप्ता ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल परिक्षा में देश भर में 213वां रैंक हासिल किया है। इस पके उपरांत उन्हें एसिस्टेंट कमांडेंट की पोस्ट पर देश सेवा के लिए पोस्टिंग दी गई है। गौरतलब है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस फोर्स राष्ट्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत सेवाएं प्रदान करते हैं। गोहर जैसे छोटे से इलाके से निकाल कर इतनी बड़ी पोस्ट पर पहुंचना सचमुच क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है हर्षित गुप्ता की नर्सरी से लेकर+2 तक की शिक्षा डी ए वी पब्लिक स्कूल गोहर में हुई है।

## कांढ़ी सरोआ की खिरमा देवी मेले से लापता, पति ने सभी जगह ढूंढा मगर नहीं मिला पत्नी का कोई सुराग

गोहर थाने में आज शिकायत की दर्ज

मोबाइल भी आ रहा बंद, मायका और ससुराल पक्ष परेशानी में

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 16 जून।** जमीं निगल गई या आसमान खा गया कुछ ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है, मंडी जिला के सरोआ क्षेत्र में। घर से परिवार संग घर के नजदीक ग्रामीण मेला देखने गई विवाहिता रहस्यमयी ढंग से गायब हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय विवाहित महिला खिरमा देवी, पत्नी रोहित कुमार, वह घर के अन्य सदस्यों के साथ ग्रामीण मेला देखने गई जहां से रहस्यमय ढंग से गायब हो गई । यह घटना 15 जून सायं 5 बजे की बताई जा रही है, जब खिरमा देवी अपने परिवार के साथ गांव में आयोजित एकदिवसीय सतकुड़ी नाग मेला देखने गई थीं।

परिजनों के अनुसार मेले के दौरान वह कुछ समय के लिए अलग हुई और इसके बाद से उसका कोई अता-पता नहीं चला। महिला का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है, जिससे परिजनों की चिंता और अधिक बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले कल हुए देवता के मेले में खिरमा देवी के माता पिता व भाई भी कलहनी से मेले के मेहमान आये हुए थे सभी ने खुशी खुशी मेला भी देखा लेकिन मेले से अचानक गायब होना सभी के लिए रहस्य बना हुआ है।

महिला के पति रोहित कुमार ने तुरंत इस घटना की जानकारी गोहर थाना को दी और एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई।

खिरमा देवी की तलाश ससुराल और मायके पक्ष के लोगों द्वारा हर संभावित स्थान पर की गई, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। दोनों परिवारों ने मिलकर महिला की गुमशुदगी की प्राथमिकी थाना गोहर में दर्ज करवाई है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और महिला की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही महिला की लोकेशन ट्रैक करने के लिए मोबाइल सर्विलांस और अन्य आवश्यक तकनीकी माध्यमों से मदद ली जा रही है।

परिजनों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि खिरमा देवी को जल्द से जल्द ढूंढा जाए और इस रहस्यमयी घटना की सच्चाई सामने लाई जाए। यदि किसी को महिला के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तुरंत रोहित कुमार से 78078-39091 पर संपर्क करें।

## राज्यपाल ने पुजारली के देव महेश्वर मंदिर में शीश नवाया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 16 जून।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज रोहड़ू उप-मण्डल के पुजारली स्थित देवता महेश्वर मंदिर में शीश नवाया। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी जानकी शुक्ला भी उपस्थित थीं। स्थानीय लोगों ने पारम्परिक रीति-रिवाज से राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत किया।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने भी राज्यपाल के साथ देवता महेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। यह मंदिर स्थानीय लोगों के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने स्थानीय लोगों की श्रद्धा और आतिथ्य सत्कार की सराहना की और आभार व्यक्त किया। उन्होंने देव परम्परा के प्रति आस्था प्रकट की। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से उन्हें हिमाचल प्रदेश की देव संस्कृति से रू-ब-रू होने का अवसर मिला है। उन्होंने देवता महेश्वर से क्षेत्र के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना की। राज्यपाल के सचिव सी.पी.वर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा और अन्य गणमान्य सहित वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## भण्डारों में स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता एवं साफ-सफाई के दृष्टिगत आवश्यक आदेश

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 16 जून।** राज्य स्तरीय शूलिनी मेला-2025 में विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तिगत स्तर पर आयोजित किए जाने वाले भण्डारों में स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता एवं साफ-सफाई के दृष्टिगत उपमण्डलाधिकारी सोलन की ओर से आवश्यक आदेश जारी किए गए हैं।

इन आदेशों के अनुसार खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 तथा स्वच्छता एवं साफ-सफाई के दृष्टिगत लागू अन्य नियमों एवं दिशा निर्देशों की अनुपालना के लिए 02 खाद्य सुरक्षा समितियां गठित की गई हैं। यह समितियां नगर निगम सोलन के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल की समग्र देखरेख में कार्य करेंगी। आदेशों के अनुसार खाद्य सुरक्षा समिति 01 में नगर निगम सोलन के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सोलन की डॉ. स्वाती तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुज शर्मा होंगे। खाद्य सुरक्षा समिति 02 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सोलन की डॉ. आंचल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोलन दीक्षा कपिल तथा नगर निगम सोलन के प्रदीप शर्मा को शामिल किया गया है।

यह समितियां खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण दिशा-निर्देश तथा स्थानीय निकाय द्वारा जारी स्वास्थ्य नियमन की अनुपालना सुनिश्चित बनाएंगी। समितियां सभी भण्डारा स्थलों पर तैयार किए जा रहे खाद्य पदार्थों तथा परोसे जाने वाले स्थान पर स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सुरक्षित प्रकार से भोजन परोसने का निरीक्षण करेंगी। समितियां भण्डारा आयोजित करने वालों एवं परोसने वालों को स्वच्छता, साफ-सफाई एवं सुरक्षित प्रकार से खाद्य सामग्री वितरित करने के सम्बन्ध में शिक्षित करेंगी। समितियां प्राधिकृत प्रयोगशालाओं के माध्यम से एकत्रित किए गए भोजन एवं जल सैंपल की गुणवत्ता जांच करवाएंगी।

आदेशों के अनुसार समितियां पर्यावरण एवं निकाय नियमों के अनुरूप सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध की अनुपालना सुनिश्चित बनाएंगी और दोषियों को चालान जारी करेंगी। समितियां खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के विषय में प्राप्त जन शिकायतों का निवारण करेंगी। यह समितियां निर्धारित नियमों की अनुपालना न करने वाले समूह एवं व्यक्तियों के विरूद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी तथा विधिक, प्रशासनिक एवं सजा के विषय में संस्तुति देंगी।

सभी भण्डारा आयोजकों को समिति के सदस्यों के साथ सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी भण्डारा आयोजकों को निर्देश दिए गए हैं कि समय-समय पर स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित बनाएं। अनुपालना न होने पर विधि सम्मत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत ज़रूरतमंद महिलाओं को मिलेगा आशियाना : डीसी

आवास के साथ बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित, पात्र महिलाएं करें आवेदन

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई, 16 जून।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना को जिला बिलासपुर में प्रभावशाली ढंग से लागू किया गया है। इस योजना का मूल उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विधवा, तलाकशुदा और एकल महिलाओं को आवासीय सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना, सामाजिक सुरक्षा देना और सम्मानपूर्वक जीवन जीने की दिशा में अग्रसर करना है।

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 3 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता देने का प्रावधान है, जिससे वे स्वयं का पक्का घर बना सकेंगी। यह सहायता दो किश्तों में प्रदान की जाएगी, ताकि निर्माण कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके।

उन्होंने बताया कि इस योजना में विधवा, तलाकशुदा और एकल महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसके अतिरिक्त प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित, 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाली महिलाएं, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय और विशेष रूप से सक्षम महिलाएं भी योजना की पात्रता में शामिल हैं। योजना की एक और विशेष बात यह है कि इसमें बिजली, पानी तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे महिलाओं को एक सुरक्षित और सुसज्जित आवास मिल सके।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए महिला का हिमाचल प्रदेश की स्थायी निवासी होना आवश्यक है तथा उसकी वार्षिक पारिवारिक आय दो लाख पचास हजार रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। महिला के नाम कम से कम दो बिस्वा भूमि का होना भी अनिवार्य है। जो महिलाएं पहले किसी अन्य सरकारी योजना के तहत आवासीय सहायता प्राप्त कर चुकी हैं, वे इस योजना के अंतर्गत पात्र नहीं मानी जाएंगी। योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता केवल एक बार दी जाएगी और लाभार्थी के आधार से लिंक बैंक खाते में सीधे भेजी जाएगी।

उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि आवेदन पत्र ग्राम पंचायत, संबंधित तहसील कार्यालय, जिला कल्याण कार्यालय अथवा पंचायती राज विभाग से प्राप्त किए जा सकते हैं इसके अतिरिक्त विभागीय वेबसाइट https://esomsa.hp.gov.in/ पर भी उपलब्ध है। सभी इच्छुक पात्र महिलाएं अपने भरे हुए आवेदन पत्र निर्धारित कार्यालय में जमा करवा सकती हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों, महिला मंडलों और सामाजिक संगठनों से आह्वान किया है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र महिला इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित न रह जाए।

उपायुक्त ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राज्य सरकार का एक संवेदनशील प्रयास है, जो महिलाओं को सम्मान, स्थायित्व और आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करता है।

जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल ने जानकारी दी कि सत्यापन के उपरांत अब तक जिले की 30 महिलाओं के मामलों को स्वीकृति के लिए निदेशालय को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया पूर्ण होते ही बजट के उपलब्धता अनुसार पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ शीघ्र ही प्रदान किया जाएगा।

## हेल्दी बेबी शो का आयोजन 22 जून को

**सोलन, 16 जून (अप्रस)।** राज्य स्तरीय माँ शूलिनी के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से हेल्दी बेबी शो का आयोजन करवाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने दी। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि हेल्दी बेबी शो स्वास्थ्य विभाग की प्रदर्शनी के समीप ठोडो मैदान में 22 जून, 2025 को किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हेल्दी बेबी शो में शून्य से 01 वर्ष, 01 से 03 वर्ष और 03 से 05 वर्ष तक के शिशुओं का पंजीकरण प्रातः 09.30 बजे से दोपहर 02.30 बजे तक होगा। शो का परिणाम दोपहर 01.00 से 02.00 बजे तक निकाला जाएगा।

उन्होंने पात्र शिशुओं के अभिभावकों से हेल्दी बेबी शो में भाग लेने का आग्रह किया।

## 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 20 जून को

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 16 जून।** मैसर्ज़ एसआईएम लि. आर.टी.एस. हमीरपुर में सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 50 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 20 जून, 2025 को उप रोज़गार कार्यालय अर्की में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी ज़िला रोज़गार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं और विशिष्ट शारीरिक मापदंड ऊंचाई 168 सेमी, भार 52-95 किलोग्राम व आयु 19-40 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. पर कैंडिडेट लॉगिन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक को अपना नाम रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता सम्बन्धी सभी अनिवार्य प्रमाण-पत्रों व दस्तावेज़ों सहित उप रोज़गार कार्यालय अर्की में 20 जून, 2025 को प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नम्बर 01792-227242 तथा मोबाईल नम्बर 70184-72132 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कैंपस इंटरव्यू में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा।

# शराब पीकर गाड़ी चलाना पड़ा महंगा, चार दिन में 96 चालान

नाइट क्लब एरिया में भी कड़ी निगरानी

अर्थ प्रकाश संवाददाता


देररात पुलिस शराब पीकर वाहन चला रहे लोगों के संबंध में नाके पर वाहनों की चेकिंग करते हुए

**पंचकूला, 16 जून।** पंचकूला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक पुलिस ने बीते चार दिनों में ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत 96 चालान काटे हैं। पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज के दिशा-निर्देशों पर पूरे जिले में विशेष नाके लगाकर जांच की जा रही है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

नाइट क्लबों के संचालन के चलते पंचकूला के सेक्टर-5 थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। रात्रि के समय बढ़ती संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में कुल 5 विशेष रात्रि नाके लगाए गए हैं, जिन पर 35 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके साथ ही क्षेत्र में सतत निगरानी रखने के लिए 1 ईआरवी (इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल), 2 पीसीआर (पुलिस कंट्रोल रूम वाहन), 1 दुर्गाशक्ति महिला सुरक्षा वाहन और 4 राइडर मोटरसाइकिल टीमें लगातार गश्त करेंगी। पुलिस का उद्देश्य न सिर्फ कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना है, बल्कि क्लब में आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को समय रहते नियंत्रित करना है।

एसीपी ट्रैफिक सुकर पाल सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालको के विरुद्ध कार्रवाई हेतु 6 विशेष ड्रिंक एंड ड्राइव के नाके लगाएं जा रहे है जिन नाकों पर एल्कोसेंसर की मदद से करीब 1600 से अधिक वाहन चालकों की जांच की गई। जांच के दौरान 96 वाहन चालक शराब के प्रभाव में पाए गए, जिनके विरुद्ध तुरंत चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई।

एसीपी ट्रैफिक सुकरपाल सिंह ने वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना केवल कानून का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह दूसरों की जान को जोखिम में डालने जैसा गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि ऐसे चालक सड़क पर न केवल खुद के लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जिम्मेदारी का परिचय दें और नशे की हालत में वाहन चलाने से परहेज करें।

## कॉलेज का छात्र पॉइंट 32 बोर पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** जीरकपुर। थाना पुलिस जीरकपुर ने एक युवक को पॉइंट 32 बोर पिस्टल और चार कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर लोहगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कॉलेज छात्र है और उसकी पहचान यादविंदर सिंह निवासी पालम विहार अमृतसर के रुप में हुई है। उसके खिलाफ थाना जीरकपुर में एएसआई गुरदीप सिंह के बयान पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को डेराबस्सी कोर्ट में ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जहां उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी को मंगलवार दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा।

एसआई गुरदीप सिंह ने बताया कि आरोपी युवक प्राइवेट कॉलेज का स्टूडेंट है और कॉलेज चुनाव को लेकर सरगर्म था। उसने टशन और अपने विरोधी ग्रुप के लोगों को डराने के लिए यह अवैध पिस्टल रखा हुआ था। उस पर लड़ाई-झगड़े के भी आरोप है। अभी तक की जांच में उसका कोई भी आपरधिक रिकार्ड सामने नहीं आया है। आरोपी को गुप्त सूचना मिलने पर गिरफ्तार किया गया है। वह लोहगढ़ में किराये पर रह रहा है।

# दुकान के ताले तोड़कर चोर ने की 60 हजार रुपए की नकदी व 8 लाख के चैक चोरी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 16 जून।** अंबाला चंडीगढ़ रोड पर पटियाला चौक के पास स्थित एक दुकान के ताले तोड़कर चोरों द्वारा दुकान में पड़ी रुपये 60000 की नगदी चोरी कर ली है। दुकान मालिक द्वारा इसकी शिकायत पुलिस को दे दी गई है।

इस मामले संबंधी जानकारी देते हुए पप्पू जनरल स्टोर के मालिक विकास कुमार ने बताया के हम रोजाना की तरह कल भी अपनी दुकान को दोनों तरफ से अच्छे तरीके से ताले लगा कर गए थे। आज सुबह जब आकर देखा तो चंडीगढ़ रोड़ की तरफ के शटर के तले लगे हुए थे जब के पीछे गली में स्थित शटर के ताले टूटे हुए थे जैसे ही दुकान के अंदर चैक किया तो गले में रखे हुए रुपये 60000 गायब थे और इस गले में रखे हुए कंपनी के चेक भी गायब हो चुके थे। विकास कुमार के अनुसार उन्होंने अपने तथा आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किया तो सुबह करीब 4:00 बजे पीछे वाली गली में एक व्यक्ति सफेद रंग की स्कूटी पर आया था और कुछ समय बाद वह उसे स्कूटी में कुछ रखकर जाता हुआ दिखाई दिया उन्होंने आशंका जताई के यह व्यक्ति ही चोर हो सकता है। विकास कुमार ने तुरंत इस चोरी संबंधी सूचना पुलिस को दे दी है और सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को माहिया करवा दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया के करीब एक वर्ष पहले भी इसी दुकान पर चोरी की घटना हुई थी जिसकी पूरी डिटेल और जिस गाड़ी में कर आए थे उसे गाड़ी का नंबर भी पुलिस को दे दिया था लेकिन पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी।

चोरी की शिकायत हमारे पास आ गई है जिसकी हम गहनता से जांच कर रहे हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जिसके आधार पर चोर की पहचान करके जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**लाभ सिंह,**
**जांच अधिकारी, थाना जीरकपुर।**



## न्यूज ब्रीफ

### पंचकूला में 5 से 6 बार लग रहे बिजली कट

**पंचकूला (अप्रस)।** शहर में बिजली कटों का दौर जारी है। बिजली विभाग की तरफ से मेंटेनेंस का हवाला देकर शिकायतों को निपटाया जा रहा है। भीषण गर्मी से जहां सेक्टरों में बिजली कट लोगों के लिए भारी मुसीबत बन चुके हैं तो दूसरी तरफ, घग्गर पार सेक्टरों में भी ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। वहां से भी शिकायतों का सिलसिला जारी है। सेक्टर 15 में बीते दो दिनों से रोजाना 5 से 6 बार बिजली कट लग रहे हैं। सेक्टर में दोपहर 4 बजे बिजली गुल होने के बाद कंट्रोल रूम सिटी डिविजन पर शिकायतें आती रहीं। इसके करीब एक घंटे बाद 5.10 बजे बिजली सप्लाई शुरू हुई। ऐसे हालात सोमवार सुबह 6 बजे से सेक्टर में सुबह के समय फिर पैदा हुए। बारी बारी बिजली कटों से लोग परेशान हो गए। हालांकि, बिजली आपूर्ति कुछ समय के लिए बहाल हुई लेकिन शाम होते ही बिजली फिर से गुल हो गई। बताया जा रहा है कि अन्य सेक्टरों में भी यही स्थिति रही और घग्गर पार सेक्टरों में भी बिजली कई कई घंटे बिजली बंद रही।

### भारत विकास परिषद की पहली प्रांतीय कार्यशाला आयोजित

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** भारत विकास परिषद, चंडीगढ़ प्रान्त ने इस वर्ष की पहली प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें में केके सूद, राष्ट्रीय पर्यावरण गतिविधि समिति सदस्य, पंकज जिंदल,महासचिव, उतर क्षेत्र 1, राकेश दत्ता, क्षेत्र गतिविधि संयोजक सेवा, निर्मल अग्रवाल, क्षेत्रीय महिला सहभागिता संयोजक, एमके विरमानी, प्रान्तीय अध्यक्ष, भुपिन्दर कुमार, कमल ग्रोवर, उपाध्यक्ष, मंजीत सिंह, प्रांतीय महासचिव, डॉ जसपिंदर कौर सूरी, वित्त सचिव ने सभी प्रतिभागियों को समाज सेवा द्वारा स्वस्थ, समर्थ एवं संस्कारित भारत निर्माण हेतु प्रेरित किया व उनकी समस्याओं का समाधान किया ताकि सभी अपने क्षेत्र में सुचारू रूप से कार्य कर सके। कार्यशाला में चंडीगढ़ प्रान्त की 36 शाखाओं से लगभग 170 दायित्वधारिओं ने भाग लिया।

### यूटीसीए बीसीसीआई के मैचों की मेजबानी करेगा

**चंडीगढ़, (अप्रस)।** चंडीगढ़, यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) अगस्त के आखिरी सप्ताह से शुरू होने वाले आगामी बीसीसीआई डोमेस्टिक सीजन 2025-26 में कुल 55 मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यूटीसीए अध्यक्ष संजय टंडन के नेतृत्व में सोमवार को सेक्टर 16 स्थित यूटीसीए कार्यालय में एपेक्स काउंसिल की समीक्षा बैठक हुई। टंडन ने पुष्टि की कि यूटीसीए सभी आवश्यक व्यवस्था के साथ सफलतापूर्वक मैचों का आयोजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### अमरावती में खुला निर्मल काया प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र

**पंचकूला (अप्रस)।** अमरावती मॉल, पंचकूला में डॉक्टर नीतू शर्मा और निरंजन शर्मा द्वारा निर्मल काया प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना की गई जिसका विधिवत उद्घाटन गांधी स्मारक प्राकृतिक चिकित्सा समिति के संयोजक डॉक्टर देवराज त्यागी (प्राकृतिक चिकित्सक) द्वारा किया गया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मुकेश अग्रवाल रहे। इनके अलावा हरिओम शर्मा, सविता त्यागी, कंचन त्यागी और दर्शन बंसल, श्रीमती मिथिलेश, सरदार रतन सिंह, रविंदर, रामकुमार, अजीत मंडल, शौकीन, रोहित, शैलेश इत्यादि भी मौजूद रहे। डॉ नीतू शर्मा ने बताया कि वह अमरावती मॉल में पिछले 5 वर्षों से योग और प्राकृतिक चिकित्सा से रोगों को ठीक कर रही हैं। इस प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली की सभी सुविधाएं जेसे स्टीम बाथ, वैज्ञानिक मालिश, शिरोधारा, पंचकर्म इत्यादि उपलब्ध हैं। उनके साथ डॉक्टर निरंजन कुमार शर्मा और अन्य कुशल प्राकृतिक चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का किया समर्थन

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने सोमवार को 卐एक राष्ट्र, एक चुनाव卐 के विचार का स्पष्ट और दृढ़ समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह न केवल समय और संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि लोकतंत्र को अधिक स्थिरता और पारदर्शिता भी प्रदान करेगा। मल्होत्रा ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से देश की विकास प्रक्रिया बार-बार बाधित होती है और प्रशासनिक मशीनरी व सुरक्षा बलों पर भी अनावश्यक दबाव पड़ता है। एक साथ चुनाव होने से नीति-निर्माण और शासन अधिक प्रभावी और लगातार चल पाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विचार देशहित में एक दूरदर्शी पहल है, जिसे सभी राजनीतिक दलों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे और देश एक बड़े बदलाव का साक्षी बनेगा।

### घर से बैंक जाने के लिए निकली युवती रास्ते से गायब

**पंचकूला, (अप्रस)।** पिंजौर की शाहपुर झुग्गी में रह रही 19 साल की युवती घर से बैंक जाने के लिए निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस अब पीड़ित परिवार के बताए बेटी के हुलिए के आधार पर उसकी तलाश में जुटी है। पिंजौर थाना पुलिस ने युवती पिंकी के अचानक लापता होने की शिकायत पर केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिता की शिकायत पर दर्ज एफआईआर के मुताबिक पिंकी घर से यह कह कर निकली वह बैंक में अपना केवाईसी अपडेट करवाने के लिए जा रही है। मगर काफी समय बाद भी जब बेटी घर नहीं लौटी तब उन्होंने सारी जगह पता किया मगर बेटी का सुराग नहीं मिला।

# पंचकूला की तरफ से आने वाले बारिश के पानी के सही भाव के लिए ड्रेन का निर्माण कार्य शुरू

पंचकूला के सेक्टर 20 और 21 की तरफ से आने वाली बरसाती ड्रेन को ठीक करने की पीरमुछल्ला निवासियों ने की थी मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जीरकपुर, 16 जून।** पंचकूला के सेक्टर 20 और 21 की तरफ से बरसाती पानी की निकासी वाली ड्रेन जो कि पीरमुछल्ला में से होते हुए आगे जाती है को ठीक करने की क्षेत्र निवासियों ने पंचकूला प्रशासन से मांग की थी। लोगों की इस मांग को अर्थ प्रकाश अखबार द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था इसके बाद पंचकूला प्रशासन की ओर से इस ड्रेन को ठीक करवाने का काम शुरू करवा दिया गया है। इस काम के शुरू होने के बाद पीरमुछल्ला क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है क्योंकि बरसात का मौसम करीब आ रहा है लोगों को डर था के अगर इस ड्रेन को बनाने का काम ना किया गया तो फिर से इस क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति पैदा हो सकती है।

बता दे की इस क्षेत्र में वर्ष 2023 में बाढ़ की स्थिति बन गई थी जिसका मुख्य कारण यही ड्रेन थी। इसी ड्रेन के रास्ते घर का पानी ओवरफ्लो होकर पीरमुछल्ला क्षेत्र में भर गया था और यहां की सभी सोसाइटियां बाढ़ की चपेट में आ गई थी। इसके विरोध में क्षेत्र निवासियों द्वारा 29 जुलाई 2023 को धरना प्रदर्शन भी किया गया था। इस धरना प्रदर्शन के बाद पंचकूला प्रशासन द्वारा ड्रेन को बनाने का काम शुरू कर दिया गया था जो कि अब बीच में ही छोड़ दिया गया है। करीब 30 फुट लंबा ड्रेन का हिस्सा अपनी पहली स्थिति में ही पड़ा हुआ था जिसे लेकर क्षेत्र निवासियों द्वारा फिर से पंचकूला प्रशासन से मांग की थी कि इस जल्द मुकम्मल कर दिया जाए।

# मारपीट व लूटपाट के आरोप में चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** पुलिस ने कुरुक्षेत्र निवासी एक बिजनेस मैन की शिकायत पर उसको घेर कर मारपीट करने, उसका मोबाईल तोड़ने व उसके चार तोले की सोने की चेन स्नेच कर ले जाने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में चार अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 126(2), 324(4), 351(2) व 3(5) के तहत केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

पुलिस को दी गई शिकायत में वैभव अरोड़ा निवासी सैक्टर 7 अर्बन एस्टेट, थाना थानेसर जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा ने बताया की वह एक बिजनेस मैन है और बीते दो दिन पहले अपनी हरियाणा नंबर वरना कार में सवार होकर डेरा बस्सी से जीरकपुर की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह डेरा बस्सी फ्लाइओवर पर चड़ा तो दो मोटरसाइकल व एक लाल कलर की एक्टिवा पर सवार चार लोगों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। जिन्हे देख कर वह घबरा गया और अपनी गाड़ी भगा ली लेकिन जैसे हो वह जीरकपुर मेट्रो मॉल के पास पहुंचा तो उन्हें मुझे घेर लिया और मेरी गाड़ी के आगे अपने व्हीकल खड़े कर दिए। जैसे ही मैं गाड़ी से नीचे उतरा तो उन्होंने मेरे साथ गाली गलोच करना शुरू कर दिया। जब मैनें उनको बिना वजह गाली गलोच करने से रोका तो एक युवक ने हाथ में पकड़ा क्रिकेट का बैट उसकी कार के साइड वाले शीशे पर मार कर शीशा तोड़ दिया। जिसके सभी हमलावरों में ऊपर हमला कर दिया और मेरा आई फोन 15 तोड़ दिया। इस दौरान मेरी चार तोले की सोने की चेन भी टूट कर नीचे गिर गई। मुझे पूरा शक है के उक्त व्यक्ति ही मेरी सोने की चार तोले की चेन उठाकर ले गए हैं। इस दौरान जब लोग इकठा होने लगे तो सारे हमलावर मुझे जान से मारने की धमकियां देते हुए अपने हथियारों के साथ मौके से फरार हो गए। जिन्हे में सामने आने पर पहचान सकता हूं। जिनकी शिकायत जीरकपुर पुलिस को दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चार हमलवारों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# एनएचपीसी ने एनएसडीएफ और भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल


युवा प्रतिभाशाली भारोत्तोलकों को सशक्त बनाने के लिए एनएचपीसी, एनएसडीएफ और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण।

**फरीदाबाद, 16 जून।** एनएचपीसी ने श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी की उपस्थिति में दिनांक 16 जून, 2025 को नई दिल्ली स्थित साई मुख्यालय में एक प्रमुख सीएसआर पहल - 'शक्ति साधना - खेल प्रतिभा के लिए भारोत्तोलकों को सशक्त बनाना' शुरू करने के लिए राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। इस पहल के तहत, एनएचपीसी देश के 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 9-13 वर्ष के युवा भारोत्तोलन प्रतिभाओं के प्रशिक्षण के लिए सहायता प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम में आवासीय प्रशिक्षण, व्यावसायिक कोचिंग, फिजियोथेरेपी और अन्य आवश्यक विशेष सुविधाएं शामिल होंगी।

इस समझौता ज्ञापन पर श्री मिरेन कुमार वर्मा, विभागाध्यक्ष, सीएसआर एवं एसडी विभाग, एनएचपीसी, श्री कामखान सिंह, अवर सचिव, एनएसडीएफ और कर्नल एन.एस.जोहल, सीईओ (टॉप्स), साई ने हस्ताक्षर किए।

## बीड़ घग्गर गांव में संकल्प से सिद्धि चौपाल कार्यक्रम आयोजित

**पंचकूला (अप्रस)।** वार्ड नंबर 16 के अंतर्गत आते बीड़ घग्गर गांव में सोमवार को अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा 卐संकल्प से सिद्धि चौपाल卐 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जसबीर जसा ने की जबकि समन्वय की जिम्मेदारी राकेश वाल्मीकि ने निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक सुना। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महामंत्री एवं तीन बार से सांसद भोला सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पटौदी से पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश जरावता, प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सोदा, और प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला पंचकूला प्रभारी श्री रामपाल पाली मंच पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन अनुसूचित जाति मोर्चा पंचकूला के कार्यकारी जिला अध्यक्ष जसबीर जसा और निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं मां चंडी मंडल के मंडल अध्यक्ष राकेश वाल्मीकि के नेतृत्व में किया गया।

## मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव ने लगाया भंडारा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** परमपूज्य महामंडलेश्वर गीता मनीषी गुरुदेव स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा परिवार ट्रस्ट पंचकूला ने समाजसेवी नरेश मित्तल (सांवरा स्वीट्स) के सहयोग से पंचकूला सैक्टर 6 सिविल अस्पताल के बाहर विशाल भंडारा लगाया। इस पुण्य कार्य मे हरियाणा मुख्यमंत्री के राजनीति सचिव तरुण भंडारी जी ने पधारकर अपने हाथों से भंडारा वितरण किया। भंडारा सुबह 11.30 बजे आरंभ किया गया। जिसमें 600 व्यक्तियों में भंडारा वितरण किया गया। ट्रस्टी परविंदर ढींगरा एवं धर्मपाल सिंगला, वृषभान गर्ग , रिम्पी गर्ग, ने हरियाणा मुख्यमंत्री के राजनीति सचिव तरूण भंडारी एवं नरेश मित्तल को पटका पहनाकर एवं ट्रस्ट का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी द्वारा तरुण भंडारी को ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे समाजिक एवं धार्मिक कार्यो की जानकारी भी दी गई। ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे इन सभी कार्यो की श्री तरुण भंडारी जी और वहां उपस्थित समाजसेवियों ने ट्रस्ट की बहुत सराहना की।

## पंचकूला और कालका अदालतों में 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत

**पंचकूला (अप्रस)।** जिला न्यायालय परिसर, सेक्टर-1, पंचकूला और उप-मंडल न्यायालय, कालका में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई दिन शनिवार को किया जाएगा। यह जानकारी सोमवार को अपर्णा भारद्वाज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पंचकूला ने दी। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के सुचारू संचालन की सुविधा के लिए और जनता का मार्गदर्शन करने के लिए, जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला के साथ-साथ मिनी सचिवालय (डीसी कार्यालय भवन) में स्थापित हेल्प डेस्क पर पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) तैनात रहेंगे। ये पीएलवी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी प्रदान करके वादियों और आगंतुकों की सहायता करेंगे और निपटान के लिए योग्य मामलों की पहचान करने में मदद करेंगे। लोक अदालत से पहले, पीएलवी और पैनल अधिवक्ता कानूनी साक्षरता शिविरों और कानूनी सहायता क्लीनिकों के माध्यम से जागरूकता गतिविधियों को अंजाम देंगे।

# पीडब्ल्यूडी यूनियन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

## बोले- हरियाणा प्रदेश में कार्यरत हजारों कर्मचारियों को भ्रम, विभाग द्वारा नौकरी से न निकाल दिया जाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 16 जून।** फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों पर कोई सुनवाई न करने पर सोमवार को हरियाणा गवर्नमेन्ट पी.डब्ल्यू.डी. मेकेनिकल वर्करज यूनियन के राज्य प्रधान ईश्वर सिंह शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मांगों का ज्ञापन सौंपा। चंडीगढ़ निवास स्थान पर 24 सुत्रीय मांग पत्र पर मुख्यमंत्री ने यूनियन पदाधिकारी को आश्वासन दिलाया कि सभी मांगों की जांच करवाई जाएगी। ईश्वर सिंह शर्मा ने बताया कि संगठन चाहता है कि मुख्यमंत्री से जायज कर्मचारियों की मांग है उन पर बातचीत हो सके। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी ,सिंचाई विभाग, भवन तथा मार्ग विभाग में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत विभागों में जो कर्मचारी लगे हुए हैं उनकी 30 जून 2025 तक स्वीकृति दी गई है। 1 जुलाई से कर्मचारियों को कोई स्वीकृति नहीं दी जा रही, जिससे पूरे हरियाणा प्रदेश में कार्यरत हजारों कर्मचारियों को भ्रम है कि विभाग द्वारा नौकरी से न निकाल दिया जाए। संगठन द्वारा अधिकारियों से बातचीत की तो पता लगा कि पद स्वीकृत नहीं है। उन्होंने बताया कि 1987 के पश्चात विभाग द्वारा जल घर तो लगाए गए हैं, उन पर कर्मचारियों की भर्ती नहीं हुई। ऐसे ही मल्टिपर्पस वर्कर टर्म अप्वाइंटि वेतन की फाइल पास नहीं की गयी। सरकार की हिदायतों के अनुसार कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी नहीं दी गई है। जबकि ये कर्मचारी पिछले जून 2022 से लगातार अपनी निरंतर सेवाएं दे रहे हैं।

राज्य अध्यक्ष ने बताया कि सरकार द्वारा इन कर्मचारियों का तीन महीने का कार्यकाल तो बढ़ाया गया लेकिन इन कर्मचारियों की पद स्वीकृति नही दी। जूलाई 2025 के पश्चात कर्मचारियों को भय है कि कहीं नौकरियां समाप्त न कर दी जाए। जन स्वास्थ्य विभाग में चौदह हजार के लगभग कर्मचारी कार्यरत हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। कुछ कर्मचारियों का ब्लाक 2020-23 का बकाया एल. टी. सी.का भुगतान नहीं किया गया। इसके लिए संगठन ने बार बार पत्र लिख कर दिया। कई महीने बीत जाने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अगर भुगतान नहीं किया तो दस जून से संगठन हरियाणा प्रदेश में सभी सांसदों व विधायकों सता पक्ष व विपक्ष को मांगों का ज्ञापन सौंपना जारी है। अगर कर्मचारियों की मुख्य मांगों के बारे में कोई सुनवाई न हुई तो आपातकालीन जून महीने में ही राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुला कर आन्दोलन की घोषणा की जाएगी। जिसकी जानकारी आज यूनियन के राज्य प्रधान ईश्वर सिहं शर्मा व राज्य महा सचिव सन्दल सिहं राणा ने प्रैस विज्ञप्ति में दी।

उन्होनें बताया कि कर्मचारियों के इ.एस.आई. कार्ड जारी नहीं किये गये हैं। जिससे ये कर्मचारी अपना ईलाज करवाने में असमर्थ हैं। कुछ कर्मचारियों का पिछले 5 माह से वेतन नहीं दिया। कर्मचारियों के पी.एफ. व इ.एस.आई. की राशि इनके वेतन से तो काट ली गई है परन्तु इनके पी.एफ व इ.एस. आई. के खाते में राशि नहीं डाली गई है। उन्होंने मांग की कि कर्मचारियों को केन्द्र के समान सभी भत्ता दिया जाए। आठवें वेतन आयोग का गठन किया जाए। फिल्ड में कार्यरत कुछ कर्मचारियों को मिलने वाली ब्लाक 2020-23 का एल.टी.सी. का आज तक भुगतान नहीं किया गया।उन्होंने बताया कि 2024-27 ब्लाक के बिल पास करने शुरु कर दिए है जबकि जन स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग में पिछले 2020-23 ब्लाक का भुगतान नही हुआ और 2018 से हरियाणा स्टाफ सलैक्शन ने भर्ती किया और विभागों में भेज दिया है। कोमन कैडर हरियाणा स्तर पर बनाया है उसे विभागीय स्तर पर बनाया जाए, जिससे उनकी पदोन्नति हो सके जिसका पत्र मुख्य मंत्री नायब सिहं सैणी को लिखित में यूनियन ने दिया।

# किसानों को फसलों का उचित दाम और सम्मान मोदी सरकार में ही मिला : मोहन लाल बड़ौली

गरीब लोगों के लिए फ्री राशन से लेकर फ्री इलाज की व्यवस्था मोदी सरकार ने की

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




**सोनीपत, 16 जून।** संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सोमवार को सोनीपत में खानपुर मंडल के गांव कांसड़ा और नेताजी सुभाष मंडल में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। बड़ौली ने सभी कार्यक्रमों में मोदी सरकार की 11 सालों की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने सोनीपत जिला कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता भी की। बैठक में उन्होंने सरकार द्वारा संचालित अभियानों और विकास कार्यों की समीक्षा की और आगामी कार्ययोजना की रूपरेखा तय की। बड़ौली ने सभी कार्यकर्ताओं से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान भी किया।

मोदी सरकार की 11 सालों की उपलब्धियां बताते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि किसानों को फसलों का उचित दाम और सम्मान मोदी सरकार ने ही दिया। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों के लिए फ्री राशन से लेकर उनके फ्री इलाज की व्यवस्था भी मोदी सरकार ने की है। मोदी सरकार हर वर्ग का कल्याण समान भाव से कल्याण करने वाली सरकार है।

### ये रहे कार्यक्रमों में मौजूद

इन कार्यक्रमों में जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन, मेयर राजीव जैन के अलावा मंडल संयोजक, मंडल अध्यक्ष, सह संयोजक समेत भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प के साथ भारत ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। इन 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को पूरी मजबूती से साकार किया है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को 2014 से पहले की कांग्रेस सरकार का शासन खूब अच्छी तरह से याद है। कांग्रेस शासन में सरकारी योजनाओं के पैसे बिचौलियों की भेंट चढ़ जाते थे। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की राजनीति ही सामने आती थी।

# वीरता और पराक्रम के प्रतीक थे महाराणा प्रताप : गजेंद्र सिंह शेखावत

हरियाणा गीता और हरि की पुण्य भूमि है : मोहन लाल बडोली

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




**राई, 15 जून।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को राई विधानसभा क्षेत्र के गांव टांडा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं राणा सांगा द्वार का विधिवत अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास में शौर्य, स्वाभिमान और पराक्रम के प्रतीक हैं, और आने वाली अनेक पीढ़ियों तक वे श्रद्धा के साथ पूजनीय बने रहेंगे।

उन्होंने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति, धर्म या क्षेत्र के नहीं होते, बल्कि वे संपूर्ण मानवता के प्रेरणास्रोत होते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें महापुरुषों की जयंती व बलिदान दिवस को स्मरणीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। देशभर में ऐतिहासिक धरोहरों जैसे किलों, महलों के संरक्षण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है, ताकि नई पीढ़ी को अपने समृद्ध अतीत से प्रेरणा मिलती रहे।

इस अवसर पर हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली ने कहा कि हरियाणा गीता और हरि की पुण्य भूमि है, जहां से सत्य और धर्म की शिक्षा मिली है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने के लिए सभी प्रकार के भेदभावों को भुलाकर एकजुटता से कार्य करें। केवल एकजुट समाज ही देश को समृद्ध और सशक्त बना सकता है।

राई हलका विधायक श्रीमती कृष्णा गहलोत ने इस ऐतिहासिक अवसर पर कहा कि टांडा गांव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा और सांगा द्वार का अनावरण पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने आश्वासन दिया कि टांडा सहित पूरे हल्के में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता के लिए उनके द्वार सदैव खुले रहेंगे।

कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें पवन खरखोदा विधायक, खरखोदा, योगेन्द्र राणा विधायक, असंध, रविंद नेगी विधायक, पटपड़गंज, दिल्ली, अशोक भारद्वाज भाजपा जिला अध्यक्ष, वीरेन्द्र सिंह चौहान अध्यक्ष, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, विक्रम ठाकुर भाजपा उपाध्यक्ष, हरियाणा शामिल रहे।

# स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने पॉलिसीबाज़ार के साथ साझेदारी कर लॉन्च किया एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स पेंशन फंड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 जून।** स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसयूडी लाइफ) ने पॉलिसीबाज़ार के साथ साझेदारी करएसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स पेंशन फंड पेश किया है। यह उच्च संभावनाओं वाला नया इक्विटी फंड एसयूडी लाइफ कीयूलिप पेंशन योजनाएसयूडी लाइफ पेंशन प्लसके लिए तैयार किया गया है। यह अभिनव फंड ग्राहकों को दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण का रणनीतिक विकल्प प्रदान करता है, जिससे वे अपने सेवानिवृत्ति के बाद की आर्थिक सुरक्षा को और अधिक मजबूत बना सकें।

एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स पेंशन फंडभारत की शीर्ष 300 कंपनियों में से चयनित 50 उच्च प्रदर्शन करने वाले शेयरों में निवेश करता है। यह फंड वित्तीय सेवाएं, उपभोक्ता वस्तुएं, पूंजीगत वस्तुएं एवं अधोसंरचना, स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, तेल, धातु एवं खनन, ऑटोमोबाइल एवं सहायक उद्योग तथा निर्माण एवं रियल एस्टेट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से निवेश करता है। प्रत्येक तिमाही में पोर्टफोलियो का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है जिससे यह बाजार के अनुकूल बना रहे।

एसयूडी लाइफ का यह फंड निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है, जो बारह वर्षों से बाज़ार में मौजूद है और इसका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है।

इस बेंचमार्क ने 30 अप्रैल 2025 तक के पाँच वर्षों में लगभग 33.29 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्शाई है, जो इसकी मूल्य सृजन की क्षमता को दर्शाता है। रणनीतिक सेक्टर आवंटन और सख्त स्टॉक चयन के साथ यह फंड निवेशकों को भारत की प्रगति में भागीदार बनने का अवसर देता है।

एसयूडी लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभय तिवारी ने कहा, ÷एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स पेंशन फंड के ज़रिए हम अपने ग्राहकों को एक मजबूत दीर्घकालिक निवेश माध्यम प्रदान कर रहे हैं। यह फंड विशेष रूप से सेवानिवृत्ति योजना के लिए डिज़ाइन किया गया है और हमें विश्वास है कि यह फंड ग्राहकों को एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य बनाने में सहायक सिद्ध होगा।यह फंड अब पॉलिसीबाज़ार के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जो दोनों संगठनों की नवाचारी और मूल्य-संचालित वित्तीय समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


### सार्वजनिक सूचना



**श्री नवीन दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी (संपदा अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए), यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष**

**विषय:** दिनांक 06-08-1992 को पंजीकृत बिक्री विलेख के आधार पर 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट 92, सेक्टर 21-ए, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण के संबंध में।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री रवि कांत आवासीय साइट संख्या 92, सेक्टर 21-ए, चंडीगढ़ के 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक मालिक/पट्टेदार हैं।

श्रीमती सरोज बाला राय, रामाश्वर दयाल राय उर्फ रामेश्वर दयाल राय द्वारा सूचित किया गया है कि श्री रवि कांत, जीपीए/एसपीए सुभाष चंद्र के माध्यम से, उपरोक्त संपत्ति के 100.00 प्रतिशत हिस्से के मालिक ने 06-08-1992 को सरोज बाला राय, रामाश्वर दयाल राय उर्फ रामेश्वर दयाल राय के पक्ष में 100.00 प्रतिशत हिस्से की सीमा तक बिक्री विलेख निष्पादित किया था और इसे उप-रजिस्ट्रार, यूटी चंडीगढ़ के कार्यालय में क्रमांक 744, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या, पृष्ठ संख्या, दिनांक 06-08-1992 पर पंजीकृत किया गया है। अब, सरोज बाला राय, रामाश्वर दयाल राय उर्फ रामेश्वर दयाल राय ने दिनांक 06-08-1992 के विक्रय विलेख के आधार पर उपरोक्त संपत्ति के 100.00 प्रतिशत हिस्से को अपने पक्ष में हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**श्री नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-2018

### सार्वजनिक सूचना



**श्री नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष**

**विषय:** स्वर्गीय हरभजन सिंह की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर आवासीय साइट संख्या 2361, सेक्टर 23-सी, चंडीगढ़ (आरपी 8392) के संबंध में 33.33% हिस्सेदारी की सीमा तक स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री हरभजन सिंह 33.33% शेयर की सीमा तक आवासीय साइट संख्या 2361, सेक्टर 23-सी, चंडीगढ़ के मालिक हैं।

मनजिंदर सिंह, हरबिंदर सिंह, बलविंदर कौर, मनप्रीत गिल, राजदीप कौर, अमनजोत कौर द्वारा सूचित किया गया है कि श्री हरभजन सिंह की मृत्यु 13.02.2005 को हो गई और उन्होंने मृतक मालिक के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है: (1) मनजिंदर सिंह - पुत्र, (2) अमनजोत कौर - पुत्री, (3) राजदीप कौर - पुत्री, (4) मनप्रीत गिल - पुत्री, (5) हरबिंदर सिंह - पुत्र, (6) बलविंदर कौर - पत्नी

अब, मनजिंदर सिंह, हरबिंदर सिंह, बलविंदर कौर, मनप्रीत गिल, राजदीप कौर, अमनजोत कौर ने आवासीय साइट 2361, सेक्टर 23-सी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वर्गीय हरभजन सिंह द्वारा धारित 33.33% शेयर की सीमा तक उनके पक्ष में, बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास मृतक के उपरोक्त वर्णित के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है। यदि किसी को उक्त संपत्ति में हिस्से के म्यूटेशन पर कोई आपत्ति है, तो उपरोक्त आवेदकों के पक्ष में, वह इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा उक्त संपत्ति में हिस्से को तदनुसार उपरोक्त लाभार्थियों के नाम पर म्यूटेशन कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी चरण में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-2017

### सार्वजनिक सूचना

**विषय:** आवंटी श्री कुंतल कुमार उर्फ कुंतल कुमार साहा पुत्र श्री रमेश चंद्र उर्फ रनेश चंद्र साहा की निर्वसीयत मृत्यु के परिणामस्वरूप निर्मित संपत्ति / प्लॉट नं. 740, सेक्टर-17, अर्बन एस्टेट, जगाधरी के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण। श्री कुंतल कुमार उर्फ कुंतल कुमार साहा पुत्र श्री रमेश चंद्र उर्फ रनेश चंद्र साहा, जो रिकॉर्ड के अनुसार उद्धृत संपत्ति के आवंटी थे, की 14.09.2020 को मृत्यु हो गई है। उनके पास कोई पंजीकृत या गैर-पंजीकृत वसीयत नहीं है, और अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं: 1) अनुराधा साहा-पत्नी, 2) ऋतुराज साहा -पुत्र, 3) ऋषिराज साहा - पुत्र। अब अनुराधा साहा पत्नी स्व. कुंतल कुमार साहा निवासी 321, लेक टाउन, ब्लॉक ए, साउथ डम डम (एम), नॉर्थ-24, परगनास, पश्चिम बंगाल ने कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते उक्त संपत्ति को अपने पक्ष में हस्तांतरित करने के लिए आवेदन करने का अनुरोध किया है और अनुराधा साहा अपने नाम पर पुनः आवंटन के लिए अनुरोध करती हैं। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त मकान के हस्तांतरण पर आपत्ति हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, जगाधरी को लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी पॉलिसी के अनुसार उक्त सपत्ति के हस्तांतरण / पुनः आवंटन की अनुमति दे सकता है। और बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है।

**अनुराधा साहा**
**संपदा अधिकारी की ओर से**

AP-2015

### सार्वजनिक सूचना

मैं, छैरो बेगम पत्नी बाबू खान निवासी अर्जुन नगर, कैथल (हरियाणा) हल्फ़ बयान करती हूं कि रजि वसीका न. 1187/1 दिनांक 01.06.2000 दर्ज मालिक प्यारा सिंह पुत्र हरी सिंह की मौत हो चुकी हैं। जिसकी मलकियत वारसान लखबीर सिंह, दिलबाग सिंह, जंगीर सिंह, सुखदेव सिंह, गुरमेल सिंह व कुलविन्द्र सिंह पुत्रान प्यारा सिंह के नाम दर्ज है। उक्त वसीका के इंतकाल का फैसला तहसील कार्यालय में होना सुनिश्चित किया जाना है। अगर किसी वारसान को एतराज हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के 7 दिन के अंदर तहसील कार्यालय, कैथल में हाजिर हो।

AP-2012

### लामडिंग मंडल में विद्युतीय कार्य

**निविदा सूचना संख्या: Sr. DEE/LMG/12 of 2025-26, दिनांक: 12-06-2025.** निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **क्र.सं.-1; निविदा सं. : EL/LM/25-26/15; कार्य का नाम :** लामडिंग मंडल में कोचिंग डिपो (गुवाहाटी, कामाख्या, न्यू गुवाहाटी, अगरतला, सिलचर) पर एलएचबी पावर कार, एसी कोच और नॉन-एसी कोच में विभिन्न संशोधन कार्य। **निविदा मूल्य: ₹.2,94,48,807/-; अग्रिम राशि: ₹.2,97,300/-; क्र.सं.-2; निविदा सं. : EL/LM/25-26/08; कार्य का नाम :** न्यू गुवाहाटी में मौजूदा विशेष प्रशिक्षण केंद्र (मैकेनिकल) और आवास भवन के नवीकरण से संबंधित विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य: ₹.17,49,105/-; अग्रिम राशि:** ₹.35,000/-; उपरोक्त सभी निविदाओं के बंद करने की तिथि और समय 04-07-2025 को 11:00 बजे और खोलने की 04-07-2025 को 11:30 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 04-07-2025 के 11:00 बजे तक उपलब्ध होगी।

**सीनियर डीईई, लामडिंग**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


AP-2013

### सार्वजनिक सूचना

मैं, तैयब सैफी पुत्र शहाबुद्दीन संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। आवासीय प्लॉट नंबर 197 का भाग, 50 वर्ग गज का क्षेत्र, खसरा नंबर 87 का हिस्सा, सुधीर एन्क्लेव, गांव हकीकतपुर उर्फ खुदाबास, परगना और तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद, यूपी में स्थित है। मैंने सोनीपत में कहीं भी सेल डीड नंबर 34267, वॉल्यूम नंबर 22210, पेज नंबर 71-94 दिनांक 21.09.2012 को खो दिया है। सोनीपत में एक डीडीआर नंबर 132390712501337/2025 भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी लिमिट या ओडी लिमिट नहीं ली है। अगर किसी को इस संपत्ति के संबंध में आपत्ति है। कृपया इस प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591 सेक्टर 16-17 हिसार से संपर्क करें।

AP-2026

grtr mhll erIA ifvlpmt AQirtl p~f Bvn, As.e.As.ngr[ jnqk scn



plt n: 2409, sktr-64 As. e. As. ngr d Altl Smt. Gurnam Kaur W/o Late Sh. Bhagwant Singh dl mq imql 04-03-2022 n h gel h[ akq mkn sbDl Altl Smt. Gurnam Kaur W/o Late Sh. Bhagwant Singh vl ApxI mq q pihl rijstrf vslAq Apx bt Sh Paramjeet Singh Pannu d n klql gel h j ik vslk n: 364, bhl n: 3, imql 04-08-2015 rhl sb-rijstrr, mhll ivK rijstrf h[

hx Altl d mq aprkq akq klql gel rijstrf vslAq d ADr q Sh. Paramjeet Singh Pannu S/o Late Sh. Bhagwant Singh vl plt n: 2409, sktr-64 As. e. As. ngr dl mlklAq Apx nm qbdll krn lel dsqvj ies dPqr ƒ pS klq ge hn Aq ieh ks imlK APsr, gmfw, As.e.As ngr d dPqr ivc ivcr ADln h[ ies lel mlklAq qbdll krn q pihl sB Am Aq Ks ƒ sicq klq jdw h ik imqk Altl vl klql gel rijstrf vslAq sbDl iks ƒ kel ieqrj hv q ah ies ivigApn dl imql q 15 idn d Adr-Adr Apx ieqrj imlK APsr (h) gmfw mhll ps ilKql rp ivc d skd h[ insicq imql Aq sm q bAd ppq ieqrj q kel ivcr nhl klq jvg Aq plt n: 2409, sktr-64 As. e. As. ngr dl mlklAq rijstrf vslAq d ADr q akq vrs d nm qbdll kr id~ql jvgl[

imlK APsr (h)
gmfw mhll

AP-2014



## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

मैं, रामरति देवी पत्नी राजकुमार निवासी गांव गुलियाना सब. तहसील राजौंद जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम रामरति देवी से बदलकर राम रति रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

मैं, Dimpal पत्नी संजीत निवासी गांव कैलरम तहसील कलायत जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम Dimpal से बदलकर Dimple Devi रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

एपी-2012

मैं, सुनंदा पत्नी सत्या प्रताप सिंह निवासी #228, फेज़ 4, मोहाली (पंजाब)। मैंने अपना नाम बदलकर सुनंदा सिंह रख लिया है

एपी-2014

I, Laxmi W/o No. JC488591A Sub Jagdish Chander R/o Vill-Mirzapur, PO-Gurukul, Distt-Kurukshetra, Haryana-136119 have changed my name from Laxmi to Laxmi Devi as per Affidavit before Notary Distt Court Kurukshetra on dated 10 Jun 2025.

I, hitherto known as VANSHIKA D/o KAPIL KUMAR R/o Plot No 64, Ward No 20, Chet Ram Colony, Krishna Nagar Gamri, TP Scheme 7-B, Thanesar, Kurukshetra, Haryana-136118 have changed my name and shall hereafter be known as VANSHIKA AGGARWAL

It is for general information that I,GAYATRI DHULL D/o VIRENDER SINGH Residence of Chand Wali Gali, Pai, Kaithal, Haryana-136043 declare that name of mine, my father and my mother have been wrongly written as GAYATRI, VARENDER and SEEMA in my 10th class and 12th Class Educational mark sheet. The actual name of mine, mine father and my mother are GAYATRI DHULL , VIRENDER SINGH and SEEMA DEVI respectively. Which may be amended accordingly.

It is for general information that I, VANDANA D/o MAHAK SINGH Ex. W/o VIKAS KUMAR R/o House No 1307, Sector 7, Kurukshetra, Haryana-136118, declare that I got divorced from my husband VIKAS KUMAR vide Family Court, Muzaffarnagar, Decree No 36/2021 Dated 15-09-2021 Further, I have changed the name of my minor Daughter VANSHEKA, aged 10 years and she will hereafter be known as VANSHIKA.

It is for general information that I, GURJANT SINGH S/O SH NARANJAN SINGH resident of Village- Garhi Langri (6), PO-Karah Sahib, Distt-Kurukshetra (Haryana) 136128, declare that name of mine has been wrongly written as GURGENT SINGH in my PPO No 231201700776. The Actual name of mine is GURJANT SINGH which may be amended accordingly.

मैं, सोखनाथ पुत्र रघबीर नाथ निवासी कराह साहिब, पोस्ट ऑफिस कराह साहिब, तहसील पेहोवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा - 136128 ब्यान करता हूँ कि मैंने अपना नाम सोखनाथ से बदलकर अजमेर रख लिया है।

AP-2019

मैं प्रदीप कुमार बंसल पुत्र अमर नाथ बंसल वासी मकान नं.453-आर, नजदीक रेड रोस पब्लिक स्कूल, मॉडल टाउन, यमुनानगर ने अपनी नाबलिग पुत्री का नाम बदलकर Shranya से Sharanya Bansal रखा है

मैं स्वाति पत्नी प्रदीप कुमार बंसल वासी मकान नं.453-आर, नजदीक रेड रोस पब्लिक स्कूल, मॉडल टाउन, यमुनानगर ने अपना नाम बदलकर स्वाति बंसल रखा है

मैं मीनू Khatik पुत्री किशोरी लाल वासी वार्ड नं 09 रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर मीनू रखा है

मैं हरबंस सिंह वासी गांव भानीखेड़ा जिला फतेहाबाद ने अपनी नाबलिग पुत्री का नाम बदलकर रश्मीत कौर से रसमीत कौर रखा है

मैं Divjyot Kour वालिया पत्नी विजय पालिया वासी मकान नं 652 सैक्टर 6 अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर Divjyot Kour वालिया से Divjyot Kaur रखा है, भविष्य संबंधित नोट करें

मैं प्रवीण गुलाटी उर्फ़ प्रवीण कुमार पुत्र विष्णु दत्त गुलाटी वासी मकान नं.56 ए, दयाल सिंह कॉलोनी करनाल एक ही व्यक्ति हूँ

मैं Sanjana पत्नी दीपक कुमार वासी गली नं 7 नजदीक विजेता स्कूल करन विहार करनाल ने अपना नाम बदलकर Sanjana से Sanjna रखा है, भविष्य संबंधित नोट करें

मैं दीपक दुरेजा पुत्र बंसी लाल दुरेजा वासी गली नं 7 नजदीक विजेता स्कूल करन विहार करनाल ने अपना नाम बदलकर दीपक दुरेजा से दीपक कुमार रखा है, भविष्य संबंधित नोट करें।

एपी-2021

मैं, Vikash पुत्र श्री राजू निवासी मकान नं. 706, धनास चंडीगढ़ घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम Vikash से बदलकर Vikas Kashyap कर लिया है।

एपी-2023

I, K POONGODI am legally Wedded Spouse of Army No: JC314948F Rank: NB/Sub Name- T Krishnan Presently Residing at 162 Br Coy, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt Panchkula, Haryana declare that I have changed My Name from K POONGODI to POONGODI T

I, NAMADEV is Father of Army No-16132906W Rank-Spr Name- Kharat Ajay Namadev Presently Posted At Unit: 21 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: A/P - Bevanur, Tal Jath, Dist-Sangli, Bevanur, Sangli, Maharashtra, 416404 decare that I have changed my name from NAMADEV to NAMADEV KHARAT. Vide Affidavit No: 48AA 901840,dated: 16/06/2025

I, SUNITA is Mother of Army No-16132906W Rank- Spr Name- Kharat Ajay Namadev Presently Posted At Unit: 21 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: A/P - Bevanur, Tal Jath, Dist -Sangli, Bevanur, Sangli, Maharashtra, 416404 declare that I have changed my name from SUNITA to SUNITA NAMADEV KHARAT. Vide Affidavit No: 48AA 901841,dated: 16/06/2025

I, NINGAPPA is Father of Army No-16133036W Rank-Spr Name-Gururaj Biradarpatil Presently Posted At Unit: 21 Engr Regt C/o 56 APO Permanent Address: Ward No:1 Yallatti TQ:Rabkavi Banahatti, Yallatti, Yallatti, Jamakhandi Bagalkot, Karnataka, Pin-587311 declare that I have changed my name from NINGAPPA to NINGAPPA PATIL. Vide Affidavit No: 48AA 901842, dated: 16/06/2025

मैं, सैन्य संख्याः 6494538डब्ल्यू रैंक- हवलदार नाम-ढाणे महेश भिकाजी वर्तमान में यूनिटः 795 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पताः गांवः मांडवे, पोस्ट मांडवे, तहसीलः सातारा, जिलाः सातारा, राज्यः महाराष्ट्र, पिन कोडः 415519 घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम गलती से नूतन महेश ढाणे के रूप में उल्लेख किया गया है जबकि मेरी पत्नी का सही नाम पवार नूतन महेश है। शपथ पत्र संख्याः 48एए 901843, दिनांकः 16/06/2025

एपी-2025

I Swinder Singh S/o Jangir Singh VPO Mastgarh, Kaithal, have changed name from Swinder Singh to Sinder Singh

AP--2022

मैं Karamjeet Singh निवासी गांव नया दीवाना, तहसील पेहोवा, कुरुक्षेत्र हरियाणा ने अपना नाम Karamjeet Singh से बदलकर Karamjit Singh रख लिया है

मैं, सुनीता पत्नी राजेन्द्र कुमार, मकान नंबर 96/10 टीवी टावर के पास, अपराही मोहल्ला जीन्द तहसील व जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम सुनीता से बदलकर इन्द्रो रख लिया है।

मैं, अनवेश पत्नी सोमबीर, मकान नंबर 395/25 भगवान नगर रोहतक रोड जीन्द तहसील व जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम अनवेश से बदलकर अनवेश कुमारी रख लिया है।

मैं, प्रवीन कुमार, पुत्र श्री कुंदन लाल, निवासी - मकान नंबर 149/17, कोर्ट कॉलोनी, हांसी, हिसार, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम प्रवीन सिंधवानी से बदलकर प्रवीन कुमार कर लिया है। भविष्य में मुझे प्रवीन कुमार के नाम से ही जाना जाए।

एपी-2026

मैं मुकेश कुमार पुत्र भीम सिंह गांव अरडाना तहसील असंध जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम मुकेश से बदलकर मुकेश कुमार रख लिया है।

मैं महिपाल वर्मा पुत्र नन्हा राम निवासी वार्ड न.14 गीता कॉलोनी तहसील असंध जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम महि पाल से बदलकर महिपाल वर्मा रख लिया है।

I, Pawan Kumar Pareek S/o Krishan Kumar Pareek R/o H.No-2, Gali No-19 A, Opposite Zara Awaas, Surat Nagar- 1, Gurgaon, Haryana - 122001, have changed my minor daughter's name from Kimaya Pareek aged 12 years to Kunjal Pareek forever

I Bala W/o Satish Kumar R/o 44, Rajpura, Gurgaon, Haryana- 122502, have changed my name to Rajbala.

I, Ravinder Singh S/o Rajbir Singh R/o House No-163, Gali No- 2, Ward No- 22, Vikas Nagar, Panipat, Haryana - 132103, have changed my minor daughter's name from Saanvi aged 07 years to Srishti forever.

AP-2028

### बेदखली सूचना

मैं, सुखबीर पुत्र माई चन्द निवासी गांव फतेहपुर तहसील पूण्डरी जिला कैथल (हरियाणा) सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री सरीती मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मैं और मेरा परिवार उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेनदेन के जिम्मेदार नहीं होंगे।

एपी-2012

मैं, कर्मवीर पुत्र श्री ज्ञानी निवासी राजाखेड़ी पानीपत। मेरा छोटा लड़का सन्नी जिनका आधार नंबर712669574333 है, जोकि गलत संगत में पड़ गया है और मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। जो भी इनके साथ लेनदेन करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा, इसमें हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी ना होगी।

एपी-2015

मैं देवांश, पुत्र श्री किशन दास, निवासी हुसैनी रोड, दुर्गा कॉलोनी, वार्ड नंबर 1, नारायणगढ़, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला घोषणा करता हू कि मेरा पुत्र विशू कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उससे किसी के भी लेन देन का मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा।

एपी-2024

में ज्ञान चन्द पुत्र अमर नाथ निवासी पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र मेरा पोता प्रदीप कुमार हमारे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण मे इसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में इसके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व लेन देन के लिए ये स्वयं जिम्मेवार होगा।

एपी-2031

मैं कमलेश पत्नी स्व. श्री मुनाराम निवासी मोरपत्ती नरवाना तह. नरवाना जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरा लड़का अशवनी व उसकी पत्नी निर्मल व रितु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उनसे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मैं शांति देवी पत्नी रज्जन लाल निवासी मोहार गांव साईं तहसील बेंदकी फतेहपुर उत्तर प्रदेश ब्यान करती हूं कि मेरा बेटा हिमांशु लाल और उसकी पत्नी काजल मेरे कहने सुनने से बाहर है. इसलिए मैं उसको अपनी समस्त चल अचल संपति से बेदखल करती हूं उनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा

मैं जगदीश सिंह पुत्र स्वर्गीय सुरेंदर सिंह निवासी मकान नंबर 1559, आदर्श नगर, नया गांव, मोहाली, घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा अजय सिंह मेरे नियंत्रण से बाहर हैं, इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं, इससे लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।

एपी-2026

मैं प्रेम पुत्र श्री रामदिया पुत्र जगदीश गांव लजवाना कलां तहसील जुलाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरी लड़की आरती मेरे कहने सुनने से बाहर है मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इसके साथ कोई भी लेनदेन करता है तो इसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। इसमें मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदार नहीं होगी।

एपी-2027

मैं, सुभाष चन्द्र पुत्र श्री जेदू राम निवासी कुम्हारान मोहल्ला नजदीक रानी तालाब जीन्द तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मेरा पुत्र सुमित व उसकी पत्नी सिमरन मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। जो कोई भी व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का लेन देन व व्यवहार रखता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकी परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एपी-2030

मैं, सतबीर पुत्र दीपचंद निवासी गांधीनगर, गोहाना, सोनीपत अपने लड़के साहिल को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ ये मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। भविष्य में इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

एपी-2026

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**अर्थ प्रकाश**
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें



### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# किसान महापंचायत में सुलझाया अधिकारियों ने बीबीपुर झील का मामला

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 16 जून।** मारकंडा हैड से बीबीपुर झील की तरफ दीवार हटाने के विरोध में भाकियू के बैनर तले हुई महापंचायत में 12 गांवों से दर्जनों की संख्या किसान पहुंचे। इसके बाद धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया। अधिकारियों द्वारा लिखित आश्वासन के बाद किसान शांत हुए और महापंचायत एवं धरने की समाप्ति की घोषणा की। सुबह किसान यूनियन के बैनर तले 12 गांवों के किसान महापंचायत में पहुंचे। इसके बाद यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने किसानों की ओर से विभाग के एक्सईएन को मौके पर बुलाने की बात अधिकारियों के समक्ष रखी गई। कुछ देर बाद अधिकारियों ने बताया कि एक्सईएन चंडीगढ़ मीटिंग में है। लिहाजा उनके निर्देशानुसार एसडीओ राकेश कुमार किसानों से बातचीत करेंगे। किसानों ने एसडीओ के सामने दो मांगे रखी पहली मांग दीवार को लेकर जो स्थिति बनी हुई है। उसे छेड़ने की बजाय इसी प्रकार रखा जाए और दूसरा यह बताया जाए की दीवार को हटाने के आदेश लिखित में थे। यदि आदेश लिखित में नहीं थे तो वो नेता कौन है। जिसके कहने पर जुबानी तौर पर यह काम किया जा रहा था। लेकिन अधिकारियों ने किसी भी नेता का नाम लेने से बचते हुए इसे रूटीन की प्रक्रिया बताया और किसानों को लिखित में आश्वासन दिया की मौके पर यथास्थिति रखी जाएगी। किसी भी प्रकार से दीवार या निकासी चैनल से छेड़छाड़ नहीं होगी। इसके बाद किसानों ने दीवार के सामने से हटी मिट्टी को दोबारा लगाने की बात कही तोवहां खड़ी मशीनों से तुरंत काम शुरू कर दिया गया और मिट्टी लगाकर झील की तरफ आने वाले तटबंधों को मजबूत किया गया। एसडीओ के लिखित आश्वासन के बाद किसान शांत हुए। एसडीओ राकेश कुमार को किसानों की ओर से भी मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें किसानों ने मांग रखी की निकासी चैनल में खड़े पेड़ों की कटाई करके इसे साफ नहीं किया जाए। क्योंकि यदि ये पेड़ और अवरोधक हटते हैं तो बाढ़ का सीधा पानी उनके खेतों की तरफ जाएगा। जिससे उनका भारी नुकसान होगा। एसडीओ ने किसानों को आश्वासन दिया कि यह उनके स्तर का मामला नहीं है। वे इसे आला अधिकारियों तक पहुंचाएंगे। तब तक काम बंद रखा जाएगा। इस मौके पर अमृतपाल बाजवा भौर, सुखविंदर भाकियू प्रधान कंवलजीत छज्जूपुर, विनोद बाखली, सुखविंद्र मुकीमपुरा, युवा उप प्रधान गुरलाल असमानपुर, मलकीत बाजवा, गुलाब मुकीमपुरा, विशाल मुकीमपुरा, पंडित देवी चंद शर्मा, भूपेंद्र एडवोकेट, सतविंदर राणा, दविंदर राणा, योगी, रजनेश, प्रदीप तंवर, साहब सिंह बाजवा, मनीष मलिक, दिलबाग मलिक, बोबी राणा व मनीष शर्मा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## सुभाष रामगढ़ बने कुरुक्षेत्र केंद्रीय सहकारी बैंक के डायरेक्टर

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** दी कुरुक्षेत्र केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक मंडल चुनाव में सुभाष चंद रामगढ़ रोड को जॉन 5 से डायरेक्टर चुना गया है। सुभाष चंद पूर्व वित्त मंत्री हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा और विधायक मनदीप चट्ठा के खेमे से हैं। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। सुभाष चंद को कुल 12 में से 8 वोट हासिल हुए। चार वोट से उन्हें विजयी घोषित किया गया।सुभाष अनाज मंडी के व्यापारी भी हैं। उनके चुने जाने से व्यापारी वर्ग में भी उत्साह है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा की बैंक की आर्थिक ऋण संबंधी योजनाओं को किसानों एवं उपभोक्ताओं तक पारदर्शिता पूर्वक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित किया जाए। उन्होंने विधायक मनदीप चट्ठा से मिलकर उनका आभार जताया।इस मौके पर शहरी प्रधान राकेश बुधवार चेयरमैन सुखबीर ग्रेवाल गोपाल कौशिक जसमेर भटयेडी जितेंद्र बबलू सहित अनेक वर्कर मौजूद थे।

# स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बनवाया आभा कार्ड

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत राज्य में 1.63 करोड़ कार्ड

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने सोमवार को अपना और अपने स्टाफ का आभा कार्ड बनवाया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के कार्यों की समीक्षा भी की।

उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य एक सहज और अंतर संचालन (इंटरऑपरेबल) योग्य डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को डिजिटल बनाना है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और अंतर-संचालनीय डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों का उपयोग करके विभिन्न हितधारकों के बीच निर्बाध डेटा साझाकरण को सक्षम बनाना है।

इस योजना की मुख्य विशेषताएं डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं का लाभ उठाना है। यह योजना कड़े डेटा सुरक्षा उपायों के साथ बनाई गई है। रोगी का डेटा केवल स्पष्ट सहमति से साझा किया जाता है। स्वास्थ्य डेटा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के पास रहता है। एबीडीएम संवेदनशील स्वास्थ्य डेटा को केंद्रीकृत रूप में संग्रहित करने के बजाय सुरक्षित आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन राज्य मिशन निदेशक संगीता तेतरवाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संयुक्त निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) कैलाश सोनी ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा में अब तक 1.63 करोड़ से अधिक आभा कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सीएचसी मुलाना को आभा कार्ड धारकों के लिए प्रदेश का पहला आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्र बनाया गया है, जो पूरी तरह कार्यात्मक है। यहां मरीज ऑनलाइन पंजीकरण कराकर इलाज करा सकते हैं। सीएचसी मुलाना में मरीजों को पंजीकरण के लिए लाइनों में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### विमान दुर्घटना मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ द्वारा अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए एक शोक सभा आयोजित की गई। संघ के प्रदेश स्तरीय कार्यालय में आयोजित शोक सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए श्रद्धालुओं, आईपीएल बेंगलुरु में विजय जुलूस के दौरान भगदड़ में मारे गए खेल प्रेमियों की आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की। इस अवसर पर मृतकों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण भी किया गया। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना के कारण भावी डॉक्टर्स भी आकस्मिक मृत्यु को प्राप्त हुए हैं जो देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। संघ के जिला प्रधान सुरेंद्र कौशिक, संरक्षक सुनील वधवा, जिला महासचिव गुलशन ग्रोवर, जिला उप प्रधान संजीव गोयल, जिला कोषाध्यक्ष राजेश भटनागर ,संगठन सचिव अनिल वर्मा , प्रेस सचिव कुलवंत बग्गा, हरिदास, राजकुमार कौशिक, अजय शर्मा, अमित गर्ग, गुरदीप गुजराल, अरविंद मोहन शर्मा ने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना,केदारनाथ चॉपर दुर्घटना और बंगलौर की विजय यात्रा में मारे गए खेल प्रेमियों के आकस्मिक निधन ने सारे देश को झकझोर कर रख दिया है। पत्रकार एकता संघ ने अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करते शोक सभा आयोजित कर दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारजनों को इस पीढ़ा को सहन करने की क्षमता प्रदान करने की कामना की।

### गुरुद्वारा मंजी साहिब में गुरमति समागम और मेडिकल कैंप आयोजित

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** गुरुद्वारा मंजी साहिब पातशाही पहली में साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश पर्व पर भव्य गुरमति समागम का आयोजन किया गया। इसमें भाई बलविंदर सिंह, भाई अमृतपाल सिंह और भाई तजिंदर सिंह ने कीर्तन व गुरबाणी विचार साझा किए। दशमेश अखाड़ा द्वारा 2 से 12 जून तक बच्चों के लिए गुरमति शिक्षण कैंप आयोजित किए गए, जिनमें दस्तार सजाना, गतका, और गुरु इतिहास की शिक्षा दी गई। लगभग 200 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा निःशुल्क होम्योपैथिक मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें करीब 170 मरीजों का इलाज किया गया। सेवाएं देने वालों में डॉ. हरप्रकाश सिंह, डॉ. निर्मलदेव सिंह, डॉ. हरजीत कौर, डॉ. जीवन लाल शर्मा सहित कई चिकित्सक शामिल रहे। होम्योपैथिक डिस्पेंसरी पिछले 8 वर्षों से नियमित रूप से संचालित हो रही है, जो सप्ताह में 6 दिन मरीजों को सेवा देती है। सिर्फ 20 रुपये में दवा उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर सुखमणि साहिब के पाठों का समापन और संगत के लिए अटूट लंगर का आयोजन किया गया। स्त्री सत्संग सभा द्वारा महिला सेवादारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। प्रधान रतन सिंह सग्गू, हरजिंदर सिंह मिड्ढा सहित कई सेवक और संगत मौजूद रही।

### अभी भी देश रक्त की कमी से जूझ रहा है: विजयपाल



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** दान की नगरी करनाल में जहाँ राजा दानवीर कर्ण सवा मन स्वर्ण दान करते थे, वहाँ रक्त दान करना महादान तो है ही, साथ ही पुण्य और महायज भी है। यह विचार सर्वजातीय महासभा के प्रधान और भाजपा नेता चौधरी विजय पाल एडवोकेट ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रकट किये उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त दान करके हम तीन लोगों की जान बचा सकते हैं। चौधरी विजय पाल वकील ने कहा है भारत में प्रतिदिन 12000 लोगों को रक्त की कमी से जान गवानी पड़ती है। हमे इस को जीरो पर लाना है और और अधिक से अधिक से लोगो को रक्त दान के लिए प्रेरित करना है। चैतीसीमिया, ल्यूकेमिया हीमोफिलिया जैसी बीमारियों के अलावा सैनिकों, दुर्घटनाओं में पायलो आदि को रक्त की आवशयकता पड़ती है। ऐन्ट्री करपशन ब्यूरो आफ इण्डिया के तीसरे रक्त दान शिवर में विश्व रक्तदान दिवस 14 जून को पुण्य और महादान दान दिवस% मनाने की मांग की चौधरी विजय पाल ने की और कार्यक्रम के राष्टीय अध्यक्ष प्राजेश जिन्दल व प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण गोयल, ओपी सचदेवा, डा. जयप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश, प्रेममूर्ति स्वामी,लखपत शास्त्री पार्षद वार्ड नं05 श्री सुभाष काम्बोज की भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रशंसा की। चौधरी विजय पाल ने कहा कि बडा से बडा वैज्ञानिक या इजीनियर सुई से सुपरसोनिक राकेट बना सकता है परन्तु एक बुन्द भी रक्त की नहीं बना सकता। केवल इन्सान ही इन्सान को रक्त दे सकता है और रक्त दान मानवता व राष्ट्र सच्ची सेवा है। उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष तक की आयु का हर स्वस्थ व्यक्ति खतदान कर सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति प्रज्जवलि करके,चौधरी विजय पाल, सुभाष काम्बर, स्वामी प्रेम सूर्ति, राजेश जिन्दल द्वारा की गई। रक्त दाता को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिये गये।

## सनातन मूल्यों को अपनाए बिना कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं बन सकता है: वर्मा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 16 जून।** करनाल में महाराष्ट्र की आन बान शान हिंदुत्व का शंखनाद करने वाले डाक्टर अभिषेक वर्मा जी और इनकी प्यारी सी बिटिया सुश्री निकोल वर्मा के प्रथम बार करनाल आगमन पर राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज जी के द्वारा रचित गीता प्रेरणा उपहार स्वरूप देकर कृष्ण उपदेशक की धरती पर स्वागत करते खुर्शीद आलम पूर्व मिडिया कॉर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार ने गीता जी देकर कहा महाराज जी एक ही सन्देश है सर्वउत्म एक ही उपहार गीता उपहार दे कर आपका दानवीर कर्ण नगरी में स्वागत करता हूं । ऐंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा अयोजित एक कार्यक्रम समारोह में शामिल होने आए थे इस अवसर पर डाक्टर अभिषेक वर्मा शिव सेना के राष्ट्रीय समन्वयक गठ बंधन एवम चुनाव प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे आपके साथ में आपकी प्यारी सी बिटिया सुश्री निकोल वर्मा भी आई थी गीता मनीष स्वामी श्री ज्ञानंद जी जी महाराज जी की गीता प्रेरणा उपहार स्वरूप प्राप्त कर बहुत ही खुश होकर बोले में आज अपने आप को बहुत भाग्यशाली मानता हूं महाराज जी के गीता प्रेरणा लेकर इस अवसर पर डाक्टर अभिषक वर्मा जी ने कहा की सनातन मूल्यों को अपनाए बिना कोई भी राष्ट्र श्काितशाली नहीं बन सकता है हम आज जिस युग में जी रहे है वहां तकनीकी और विकाश की ऊंचाई है लेकीन नैतिक मूल्यों की गिरावट भी एक समस्या है ऐसे में इमानदारी केवल आदर्श ही नहीं वल्कि क्रांति की अवस्था है।

## एसडीएम ने बाढ़ रोकथाम को लेकर ली समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 16 जून।** एसडीएम शिवजीत भारती ने आज बाढ़ नियंत्रण और आपात प्रबंधन को लेकर उपमंडल स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संभावित वर्षा और बाढ़ के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसडीएम शिवजीत भारती ने निर्देश दिए कि सभी ड्रेन, नाले एवं पुलियाओं की सफाई का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए पहले से कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने तथा कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, एनएचएआई, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग (पीडबल्यूडी), जनस्वास्थ्य एवं वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि बाढ़ जैसी आपात स्थिति में कार्यप्रणाली स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी अधिकारी अपना मोबाइल फोन बंद न रखे और सतत निगरानी बनाए रखे। एसडीएम ने कहा कि यदि वर्षा के दौरान बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल प्रभाव से राहत एवं बचाव कार्य आरंभ किए जाएं और प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि अपने स्तर पर संसाधनों और जनशक्ति की समीक्षा कर लें ताकि आवश्यकता पड़ने पर समय रहते काम किया जा सके। साथ ही, उन्होंने सामूहिक समन्वय और सहयोग पर बल देते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन एक साझा जिम्मेदारी है, जिसमें सभी विभागों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करना होगा।

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, जन स्वास्थ्य विभाग को सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 16 जून।** दनौदा कलां और दनौदा खुर्द गांवों में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। गांव के सैकड़ों निवासी जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय पहुंचे और विभागीय एक्सईएन को ज्ञापन सौंपकर जल संकट के समाधान की मांग की। ग्रामीणों की शिकायत सुनने के बाद विभाग के एक्सईएन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित जेई को आदेश दिए कि वह तुरंत गांव जाकर स्थिति का जायजा लें और समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में रामचंद्र, जोगेंद्र, शमशेर, अंकित, जयभगवान, शीलदास, चुडिया राम, बालां देवी, गुड्डी, छन्नो, सरिता और कौशल्या देवी सहित कई महिला व पुरुष ग्रामीण शामिल रहे। सभी ने मिलकर एक स्वर में पानी जैसी मूलभूत सुविधा की अनदेखी पर रोष जताया।

भारत की जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव नरेश दनौदा ने बताया कि दनौदा खुर्द स्थित भिखापत्ती की चौपाल के पास की पूरी कालोनी पानी की गंभीर समस्या से जूझ रही है। हालत यह हो चुकी है कि हर साल एक-दो घर यह क्षेत्र छोड़ रहे हैं। कभी जीवंत रहने वाली यह कालोनी अब खंडहर का रूप लेती जा रही है। उन्होंने बताया कि दनौदा कलां की अनुसूचित जाति, वाल्मीकि और सोरगर समुदाय की बस्तियों में भी पानी का गंभीर संकट बना हुआ है।

# वार्ड नं. 10 की यमुना विहार कालोनी वासियों की नहीं सुन रहा कोई परेशानी

## पार्षद व अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, शिकायत करने पर मिलता है केवल आश्वासन

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 16 जून।** वार्ड नं. 10 की यमुना विहार कालोनी के निवासियों पिछले काफी समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में सीवरेज लाइन ब्लॉक होने के कारण गंदा पानी ओवर फ्लो हो रहा है, और यह गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है जिससे क्षेत्र में गंदगी, बदबू व बीमारियों की भी समस्या हो रही है। इतना ही नहीं इस क्षेत्र में पानी की सप्लाई के लिये बिछाई गई पाईप लाईन भी टूटी पड़ी जो कि अपने आप में एक बहुत बड़ी समस्या है।

परेशान कालोनीवासी सुरेन्द्र आनंद, गुलशन नंदा, जय प्रकाश, रविन्द्र भाटिया, आशुतोष गोयल, प्रदीप माथुर आदि ने बताया कि नरग निगम हर वर्ष प्रॉपर्टी टैक्स तो वसूल कर रही है, किन्तु क्षेत्र की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। क्षेत्र में हर तरफ गंदगी फैली हुई, सीवरेज़ लाईन ब्लॉक हो रही रखी है, जिससे सीवरेज़ का गंदा पानी कालोनी की सड़कों पर बह रहा है और क्षेत्र के वातावरण को दूषित कर रहा है। सीवरेज़ के गंदे पानी के कारण चारों तरफ बदबू व बीमारियां फैल रही है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज व सरकारी कार्यालय भी उपस्थित है, जिससे बच्चों व लोगों का आना यहां लगा रहता है किन्तु विभाग इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने आगे बताया कि समस्या के लिये क्षेत्र के पार्षद व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचित किया जा चुका है परंतु कोई भी कार्यवाही करने को तैयार ही नहीं है।

### जल्द कराया जाएगा समस्या का समाधानः एस. डी. ओ.

क्षेत्र के पार्षद किरण पवन यादव ने बताया कि वह पिछली बार शिकायत मिलने पर सफाई करा दी गई थी। इस बार भी शिकायत मिली है, जिसके लिए पी. डब्लू. डी. विभाग के एस. डी. ओ. को सूचित किया गया है और उन्होंने जल्द ही कार्य कराने आश्वासन दिया है। पी. डब्लू. डी. विभाग के एस. डी. ओ. ने बताया कि इस समस्या की जानकारी उन्हें प्राप्त हो चुकी है जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

## बैंकर उधार कर्ता पर कार्रवाई करने से पहले सावधानी पूर्वक विचार करें: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 16 जून।** सरफेसी मामलों को लेकर उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने सोमवार को जिले के 15 नेशनलाइज्ड व प्राइवेट बैंकों के बैंकर के साथ बैठक कर बैंकर को उधार कर्ता के साथ सावधानी पूर्ण कार्य करने व एक्शन लेने से पहले विचार करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि बैंकर उधार कर्ता पर अनावश्यक खर्चा न थोपें। उपायुक्त ने अकाउंट रेगुलर करने और प्रस्ताव समझौता पर बैंकर को विचार करने के भी निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी स्थिति में बैंकर व उधार कर्ता केस में समझौता नहीं हो पता तो दोबारा परमिशन नहीं दी जाएगी इसके लिए बैंकर्स को सावधानीपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। विदित रहे कि सरफेसी एक्ट का मुख्य उद्देश्य बैंकों और वित्तीयसंस्थानों को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों को कम करने और ऋण वसूली प्रक्रिया को तेज करने में मदद करना है। यह अधिनियम मुख्य रूप से सुरक्षित ऋणों के मामलों में लागू होता है, जहां ऋण के बदले में संपत्ति को गिरवी रखा जाता है। सरफेसी एक्ट के प्रावधानों के कारण, उधारकर्ताओं को समय पर ऋण चुकाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि उनकी संपत्ति को जब्त होने से बचाया जा सके। इस मौके पर करीब 15 नेशनलाइज्ड व प्राइवेट बैंकों के बैंकर मौजूद रहे।

## उपचुनाव: सज्जन माजरी में सरपंच पद पर जीते जगदीश



अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराडा, 16 जून।** रविवार को अम्बाला जिले में विभिन्न गांवों में पंचायत पद के उपचुनाव हुए। इसी कड़ी में बराड़ा के गांव सज्जन माजरी में भी सरपंच पद के लिए उपचुनाव हुआ। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सज्जनमाजरी में चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। आम चुनाव की बजाए उपचुनाव में लोगों ने काफी उत्साह दिखाई दिया। गांव में तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे थे, जिनमें जगदीश जग्गा, सतीश और दर्शन शामिल थे। इनमें जगदीश जग्गा ने 166 वोट के साथ अपनी जीत दर्ज कराई। जगदीश कुमार पहले चुनाव में भी सरपंच पद पर चुनाव लड़े थे और हार गए थे। इस चुनाव के लिए जहां पंचायती विभाग के एसडीओ संदीप कौशिक को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था, वहीं बराड़ा चौकी प्रभारी विश्वबंधु अपनी टीम के साथ सुरक्षा को लेकर डटे रहे। उन्होंने पोलिंग केन्द्र के आसपास ना तो भीड़ जमा होने दी और ना ही अनावश्यक लोगों को केन्द्र में आने दिया। वहीं जीत के बाद सरपंच जगदीश के समर्थकों ने ढोल की थाप पर भंगड़ा डाला और उसे हार डालकर खुशी मनाई। सरपंच बन चुके जगदीश कुमार जग्गा का कहना है कि गांव के रूके हुए विकास कार्यों को करवाना उनकी प्राथमिकता है। ग्रामवासियों ने उन पर जो विश्वास जताया है वह उन पर खरे उतरेंगे और बिना भेदभाव के सभी के लिए कार्य किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे जैन मुनि, दिया शांति का संदेश

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 16 जून।** मानव सेवा, प्राणी सेवा, सर्व धर्म सद्भाव को समर्पित आदर्श संन्यासी जीवन जीने वाले, राष्ट्रीयता के प्रबल समर्थक भारत संत गौरव उपप्रवर्तक श्री पीयूष मुनि जी महाराज मुख्यमंत्री हरियाणा श्री नायब सिंह सैनी के आग्रहपूर्ण अनुरोध पर मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में पधारे जहां मुख्यमंत्री महोदय तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया।

गहन वार्ता के साथ आध्यात्मिक उपदेशों से भी विनम्र, मधुरभाषी, हरदिल अजीज मुख्यमंत्री जी ने लाभ लिया। मुनि जी की उत्कृष्ट आध्यात्मिक साधना और समाज सेवा का हार्दिक अनुमोदन करते हुए उन्हें सम्मानसूचक आदर की चादर से सम्मानित किया और करनाल में श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल में सी टी स्कैन, आपात सेवा यूनिट, महिला रोग विभाग के उद्घाटन एवं सेवा समर्पण हेतु अगस्त महीने में उपस्थित होने की स्वीकृति दी। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, चरित्र निर्माण जीव दया एवं प्रकृति संरक्षण को समर्पित श्री आत्म मनोहर जैन संस्थान समूह के अंतर्गत सेवारत विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं की ओर से श्री विनोद मित्तल (निक बेकर्ज), जगमोहन गर्ग (जुबिली ग्रुप), प्रेमसागर जैन (कला मंदिर), सुरेंद्र गुप्ता (दुनार), सतीश गोयल (जगदंबा), महेश सुखीजा (आर.के. एसोसिएट), अजय गोयल (अशोका राइस), प्रशांत गोयल (प्रभात), नीरज बंसल (बंसल फाइनफूड्ज), राहुल जैन (टी.आर.जे. ऑटोमोबाइल्ज), महेंद्र जैन (रिअल एस्टेट डिवैलपर्ज), कमलेश जैन (इन्वेस्टमेंट कंसलटेंट), राजीव जैन (चमन निट), रजनीश जैन (गोल्डस्टार), सुरेश जैन (सुधर्मा), वीरेंद्र जैन (वी.के. इंडस्ट्रीज), ललित जैन (जैन बायोलॉजिकल्ज), अनिल सिंगला (मदर चॉयस मसाले), मनोज जैन (अरिहंत इंडस्ट्रीज), डा. के.के. जैन, डा. मोहनलाल गर्ग, इंजीनियर विकास मित्तल आदि शिष्टमंडल में उपस्थित रहे जिन्होंने राजस्थानी पगड़ी पहनाकर अंगवस्त्र ओढ़ाकर, भगवान महावीर की प्रतिमा भेंट कर मुख्यमंत्री जी का अभिनंदन एवं बहुमान किया।

पीयूष मुनि जी ने अभिमंत्रित घंटाकर्ण यंत्र, माला से मुख्यमंत्री जी को सुख-शांति, कुशलता का आशीर्वाद दिया और श्री घंटाकर्ण रक्षासूत्र उनकी कलई पर बांधा। सारी व्यवस्थाओं का संत के गरिमापूर्ण पद के अनुरूप कुशल संयोजन संत चरणानुरागी श्री तरुण भंडारी ( राजनीतिक सचिव - मुख्यमंत्री हरियाणा ) ने किया।

# आषाढ़ मास की अष्टमी को करें माता शीतला की पूजा, मिलेगी रोगों से मुक्ति



भारतीय संस्कृति में प्रत्येक व्रत, त्योहार और देवी-देवताओं की पूजा के पीछे कोई न कोई धार्मिक, सामाजिक और वैज्ञानिक कारण अवश्य होता है। इन्हीं में से एक हैं माता शीतला, जो विशेष रूप से संक्रामक रोगों से रक्षा करने वाली देवी मानी जाती हैं। आषाढ़ मास की अष्टमी तिथि को माता शीतला की पूजा करने से रोगों का नाश होता है और घर में शांति बनी रहती है। यह व्रत विशेष रूप से उत्तर भारत के राज्यों–राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और बिहार आदि में श्रद्धा से मनाया जाता है।

**माता शीतला कौन हैं?**

माता शीतला को हिंदू धर्म में रोगों की देवी कहा गया है। उन्हें चेचक, खसरा, नेत्र रोग, और त्वचा संबंधी बीमारियों से रक्षा करने वाली देवी माना जाता है। शीतला माता के हाथ में झाड़ू, कलश और नीम की पत्तियाँ होती हैं, जो कि रोग नाशक मानी जाती हैं। माता की सवारी गधा होती है, और उन्हें ठंडा भोजन अर्पित किया जाता है, जिससे शरीर में 'शीतलता' बनी रहे।

**आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी का महत्व**

आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को माता शीतला की पूजा की जाती है। 19 जून को आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि पड़ रही है। यह व्रत मुख्यतः रोग निवारण और शारीरिक शुद्धता के लिए किया जाता है। गर्मी और वर्षा ऋतु में संक्रमणजन्य रोगों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इस समय माता शीतला की पूजा करके लोग बीमारियों से सुरक्षा की प्रार्थना करते हैं। यह पूजा वैज्ञानिक दृष्टि से भी प्रासंगिक है, क्योंकि इसमें स्वच्छता, ठंडे भोजन और प्राकृतिक औषधियों (जैसे नीम) का प्रयोग होता है।

**शीतला माता की पूजा विधि**

**1. व्रत की तैयारी:** व्रत से एक दिन पूर्व (सप्तमी के दिन) घर की सफाई की जाती है।

रात्रि को ही भोजन बनाकर रख लिया जाता है। इस भोजन को 'बासी' नहीं बल्कि 'पका हुआ ठंडा प्रसाद' माना जाता है।

अगले दिन (अष्टमी के दिन) सुबह उठकर स्नान करके पूजा की जाती है।

**2. पूजा सामग्री:**

शीतला माता की प्रतिमा या चित्र
नीम की पत्तियाँ
जल भरा कलश
ठंडा या बासी भोजन (पूड़ी, कढ़ी, चावल, हलवा आदि)
रोली, अक्षत, फूल, धूप, दीप
गाय का गोबर
मटका या मिट्टी का बर्तन

**3. पूजा की प्रक्रिया:**

व्रती सबसे पहले नीम वृक्ष के नीचे या घर में माता की प्रतिमा स्थापित करता है।

कलश स्थापना की जाती है और शीतला माता को नीम की पत्तियों से स्नान कराया जाता है।

माता को ठंडा भोजन अर्पित किया जाता है। यह भोजन कोई ताजा नहीं होता बल्कि एक दिन पहले पकाया हुआ होता है।

'ॐ शीतलायै नमः' मंत्र का जाप करते हुए माता का पूजन किया जाता है।

व्रत कथा सुनी जाती है और सामूहिक रूप से भोजन का प्रसाद वितरण किया जाता है।

**शीतला अष्टमी की व्रत कथा:** प्राचीन काल में एक गांव में माता शीतला की उपासना नहीं होती थी। एक दिन गांव में महामारी फैली और बहुत से लोग चेचक से पीड़ित हो गए। एक वृद्धा जो माता शीतला की भक्त थी, उसने गांववासियों को माता की पूजा करने की सलाह दी।

सबने अष्टमी के दिन व्रत रखा, बासी भोजन बनाया, माता को अर्पण किया और नीम की पत्तियों से पूजा की। धीरे-धीरे सभी रोग समाप्त हो गए और गांव में फिर से सुख-शांति आ गई। तभी से यह मान्यता बन गई कि जो भी सच्चे मन से शीतला माता की अष्टमी पर पूजा करता है, उसके परिवार को कभी भी भयानक रोग नहीं सताते।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण:** इस पूजा की विशेषता यह है कि इसमें जो भोजन माता को अर्पित किया जाता है, वह एक दिन पहले तैयार किया गया होता है। इसका उद्देश्य यह था कि वर्षा या गर्मी के मौसम में संक्रमण से बचने के लिए लोग अधिक साफ-सुथरा भोजन करें। इसके अलावा नीम के पत्तों का उपयोग एंटीसेप्टिक के रूप में होता है, जिससे वातावरण शुद्ध होता है।

**व्रत में क्या करें और क्या न करें**

**करने योग्य कार्य:**

माता को बासी भोजन अर्पित करें, परंतु वह शुद्ध और ढका हुआ होना चाहिए।
नीम की पत्तियों का प्रयोग जरूर करें।
व्रत कथा अवश्य सुनें या पढ़ें।
दिन भर शुद्धता और संयम का पालन करें।

**न करने योग्य कार्य:**

ताजा भोजन खाना वर्जित होता है।
व्रत के दिन भोजन पकाना निषिद्ध होता है।
साफ-सफाई के बिना पूजा न करें।
व्रत के दौरान क्रोध या अपवित्र वाणी का प्रयोग न करें।

माता शीतला के प्रसिद्ध मंदिर

**भारत में माता शीतला के कई प्रसिद्ध मंदिर हैं:**

शीतला माता मंदिर, गुड़गांव (हरियाणा)- यह मंदिर अत्यंत प्रसिद्ध है और यहां लाखों श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं।

शीतला माता मंदिर, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)- गंगा के तट पर स्थित यह मंदिर ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

शीतला माता मंदिर, झुंझुनू (राजस्थान)- यहां विशेष रूप से चैत्र और आषाढ़ मास में भारी भीड़ होती है।

## कृष्ण पक्ष अष्टमी पर किए जाने वाले ज्योतिषीय उपाय



ज्योतिष, अमन राजन

### 1. नीम की पत्तियों से नज़र दोष निवारण

माता शीतला को नीम अत्यंत प्रिय है। इस दिन नीम की 7 पत्तियों को पानी में उबालकर उस जल से स्नान करें। इससे नज़र दोष, त्वचा रोग और मानसिक अस्थिरता दूर होती है।

### 2. बासी भोजन से शनि और राहु के दोष का शमन

एक दिन पूर्व का पका भोजन (विशेषतः कढ़ी–चावल, पूड़ी) माता को अर्पित करें। इसे गरीब या किसी रोगी को दान करें। यह उपाय शनि, राहु और केतु की पीड़ा कम करता है।

### 3. नीम की डंडी से रोग निवारण तंत्र

नीम की एक छोटी डंडी लेकर माता के सामने रखें। पूजा के बाद उसे रोगी व्यक्ति के सिर से 7 बार घुमाकर घर के बाहर पीपल के नीचे रख दें। यह उपाय पुराने बुखार, चर्म रोग और मानसिक तनाव में लाभकारी होता है।

### 4. झाड़ू चढ़ाने से ग्रह पीड़ा दूर

माता को झाड़ू चढ़ाना अत्यंत शुभ माना जाता है। यह झाड़ू चढ़ाकर घर के किसी कोने में रख दें। इससे घर में दरिद्रता, गृह क्लेश और रोगों का नाश होता है।

### 5. 'ॐ शीतलायै नमः' मंत्र का जाप

इस मंत्र का 108 बार जप करें 'ॐ ह्रीं शीतलायै नमः।' इस मंत्र से मानसिक शांति, रोगों से मुक्ति और सौभाग्य प्राप्त होता है।

### 6. कन्याओं को भोजन कराना

7 या 9 कन्याओं को बासी भोजन (ठंडा प्रसाद) करवाना शुभ होता है। इससे चंद्र और शुक्र ग्रह मज़बूत होते हैं, तथा विवाह में विलंब या वैवाहिक जीवन की बाधाएँ दूर होती हैं।

### 7. घर के चारों कोनों में नीम की पत्तियाँ

पूजा के बाद नीम की पत्तियों को घर के चारों कोनों में रखें। यह उपाय नकारात्मक ऊर्जा और संक्रमण से रक्षा करता है। साथ ही राहु–केतु की अशांति भी शांत होती है।

### 8. काले कुत्ते या काले गाय को रोटी देना

इस दिन काले कुत्ते या गाय को एक पूड़ी अथवा रोटी खिलाना शनि और राहु के दोष से बचाता है।

# ब्रेन ट्यूमर से डरें नहीं समझदारी से बढ़ाएं कदम, समय पर पहचान बचा सकती है जान

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 16 जून।** दिमागी स्वास्थ्य के लिहाज़ से 'ब्रेन ट्यूमर' एक ऐसा नाम है जो अक्सर डर और चिंता पैदा कर देता है। इस शब्द का जक्रि होते ही लोगों के मन में कई सवाल उठते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि हर ब्रेन ट्यूमर खतरनाक नहीं होता। कई ट्यूमर इलाज योग्य और बेनाइन (गैर-कैंसरयुक्त) होते हैं। यदि हम इसके बारे में बुनियादी जानकारी रखें तो डर कम होता है और सही समय पर उचित निर्णय लेना आसान हो जाता है। जागरूकता और समय पर कार्रवाई से बड़े फर्क की संभावना होती है। ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क या उसे ढकने वाले टिशूस में बनने वाला एक असामान्य सेल समूह होता है। ये ट्यूमर बेनाइन (गैर-कैंसरयुक्त) या मैलिग्नेंट (कैंसरयुक्त) हो सकते हैं। दोनों ही प्रकार के ट्यूमर मस्तिष्क के हिस्सों को दबाकर या उनके कार्य को प्रभावित कर लक्षण पैदा कर सकते हैं।

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के न्यूरोसर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. अनिल कुमार कंसल ने बताया कि ÷हर ब्रेन ट्यूमर की पहचान अलग-अलग लक्षणों से होती है, जो ट्यूमर के स्थान, प्रकार और आकार पर निर्भर करते हैं। इसके कुछ सामान्य चेतावनी संकेतों में बार-बार या बढ़ते सिरदर्द, बिना पूर्व इतिहास के दौरे, धुंधली या दोहरी दृष्टि, बोलने या सुनने में बदलाव, बिना कारण उल्टी या मतली, संतुलन या चलने में कठिनाई, अंगों में कमजोरी या सुन्नपन और स्मृति या व्यक्तित्व में बदलाव शामिल हैं। इन लक्षणों को नजरअंदाज न करते हुए समय पर डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी होता है। यदि आप या आपके आसपास किसी व्यक्ति में ये लक्षण दिखाई दें, तो घबराएं नहीं, लेकिन देर किए बिना डॉक्टर से मिलें ताकि समय रहते जांच और इलाज हो सके।÷ ब्रेन ट्यूमर मुख्य रूप से दो श्रेणियों में विभाजित होते हैं–प्राथमिक ट्यूमर, जो मस्तिष्क में ही उत्पन्न होते हैं जैसे मेनिंजियोमा, ग्लिओमा और पिट्यूटरी एडेनोमा, तथा द्वितीयक या मेटास्टेटिक ट्यूमर, जो शरीर के किसी अन्य हिस्से से मस्तिष्क में फैलते हैं।

## 2551 वें निर्वाण कल्याणक वर्ष के उपलक्ष 22वां पाठ आयोजित

# समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है णमोकार: वीर दीपक जैन

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 16 जून।** जैन मिलन यमुनानगर-जगाधरी द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2551 वें निर्वाण कल्याणक वर्ष के उपलक्ष में णमोकार महामंत्र की श्रृंखला का 22 वां पाठ जगाधरी निवासी राजेश लोंगोवाल जैन परिवार के सौजन्य से तेरापंथ भवन जगाधरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिलन उपप्रधान वीर अटल जैन ने की तथा कार्यक्रम का संचालन मिलन महामंत्री वीर देवेन्द्र जैन ने किया। उपाध्यक्ष वीर राकेश जैन ने संबोधित करते हुये बताया कि णमोकार मंत्र तीन लोक में अनुपम व संसार में सर्व पापों का नाशक है। संसार का उच्छेदक सर्व सिद्धिदायक, शिव सुख उत्पादक, केवलज्ञान उत्पादक महामंत्री है। इस नमस्कार महामंत्र का एक एक पद अत्याधिक प्रभावशाली नवग्रह शांति में णमोकार मंत्र वर्णानुसार कार्यकारी है। आगम में अरिहंत परमेष्ठी का रंग श्वेत है, सिद्ध परमेष्ठी का रंग लाल है, आचार्य परमेष्ठी का वर्ण पीला है, उपाध्याय परमेष्ठी का रंग हरा (नीला) है व साधू परमेष्ठी का रंग काला (श्याम) है। वीर आशीष जैन ने णमोकार मंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि णमोकार महामंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्म स्वरूप का दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षय स्वरूपी मंत्र है। उन्होंने कहा कि यह लोकोत्तर मंत्र है, यह मंत्र णमोकार मंत्र बहुत आत्म सहायक है। आत्म विशुद्धि और मुक्ति के लिए नियमित रूप से णमोकार मंत्र का जाप करना चाहिए। वीर दीपक जैन ने बताया कि लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्व कार्य सिद्धि कारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है। णमोकार मंत्र के स्मरण से रोग, दरिद्रता, भय तथा विपत्तियां दूर होती है। मन चाहे काम आसानी से बन जाते है, अत~ यह निश्चित रूप में माना जा सकता है कि णमोकार महामंत्र हमें जीवन की समस्याओं, कठिनाइयों, चिंताओं व बाधाओं से पार पहुंचाने में सबसे बड़ा आत्म सहायक है।

## पंचांग

**मंगलवार, 17 जून, 2025**

सूर्योदय 05:20 ए एम सूर्यास्त 07:28 पी एम चन्द्रोदय 11:56 पी एम चन्द्रास्त 10:49 ए एम शक सम्वत 1947 विश्वावसु विक्रम सम्वत 2082 कालयुक्त गुजराती सम्वत 2081 नल अमान्त महीना ज्येष्ठ पूर्णिमान्त महीना आषाढ़ वार मंगलवार पक्ष कृष्ण पक्ष तिथि षष्ठी - 02:46 पी एम तक नक्षत्र शतभिषा - 01:01 ए एम, जून 18 तक योग विष्कम्भ - 09:34 ए एम तक करण वणिज - 02:46 पी एम तक द्वितीय करण विष्टि - 02:13 ए एम, जून 18 तक प्रविष्टे/गते 3 सूर्य राशि मिथुन चन्द्र राशि कुम्भ राहुकाल 03:56 पी एम से 05:42 पी एम गुलिक काल 12:24 पी एम से 02:10 पी एम यमगण्ड 08:52 ए एम से 10:38 ए एम अभिजित मुहूर्त 11:56 ए एम से 12:52 पी एम दुर्मुहूर्त 08:09 ए एम से 09:06 ए एम दुर्मुहूर्त 11:25 पी एम से 12:04 ए एम, जून 18 अमृत काल 05:53 पी एम से 07:28 पी एम वर्ज्य 08:22 ए एम से 09:57 ए एम

## भविष्य फल



**मेष:** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। आप अपने घर का निर्माण कार्य शुरू कर सकते हैं और आपको सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचने के लिए रहेगा। आपके ऊपर काम का प्रेशर थोड़ा अधिक रहेगा, लेकिन फिर भी आप निर्णय सोच समझकर ही लें। कार्यक्षेत्र में आपको अपने जूनियर्स का पूरा साथ मिलेगा।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में बदलाव लाने के लिए रहेगा, क्योंकि आपके मनमाने व्यवहार के कारण परिवार के सदस्य भी परेशान रहेंगे।

**कर्क:** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में कुछ कामों को लेकर उथल–पुथल लगी रहेगी।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। ससुराल पक्ष से भी आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। बिजनेस की योजनाओं में भी आप अच्छा खासा धन लगा सकते हैं।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में मन मुताबिक काम ना मिलने से आपको टेंशन भी अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में थोड़ा कमजोर रहने वाला है। जो विद्यार्थी कहीं बाहर जाकर पढ़ाई करने की सोच रहे हैं, तो उनके मन की इच्छा पूरी हो सकती है।


**धनु:** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी सोच समझ से कामों को पूरा करने की आवश्यकता है।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मौज–मस्ती भरा रहने वाला है। आपकी संतान की कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती हैं।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कोई पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**मीन:** आज आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है, लेकिन आपके कामों में कुछ व्यवधान आएंगे।

# निराकार व निरंकार में केवल भाषा का ही अंतर है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

परब्रह्म को निरंकार कह कर हम किसी नए मत का प्रचार नहीं कर रहे हैं। जिसे वेदों-शास्त्रों में 'निराकार' कहकर पुकारा गया है, हम उसे ही 'निरंकार' के नाम से याद करते हैं। निराकार और निरंकार में केवल भाषा का ही अंतर है। अर्थ दोनों का एक ही है। यह निरंकार प्रभु पत्ते-पत्ते, डाली-डाली में समाया हुआ है। कोई जगह ऐसी नहीं जहां यह शक्ति विद्यमान न हो। आज तक जितने भी पीर-पैगम्बर-अवतार हुए हैं और हमारे जितने भी धर्म-ग्रन्थ हैं, सभी यह बताते हैं कि यह यनिरंकार, यह दातार हमारे अंग-संग है। हमारी आंखों से भी नजदीक है। यह परमात्मा, जिसे अपने-अपने समय पर सन्तों-महापुरुषों ने भिन्न नाम से याद किया ङ्क किसी ने इसे 'अल्लाह' का नाम दिया, किसी ने इसे 'गॉड' कहकर पुकारा और किसी ने इसे 'वाहे गुरु' का नाम दिया। यह परमात्मा एक ही है। इस निराकार, परब्रह्म परमात्मा को सद्गुरु की कृपा से जो जान लेता है, इसी का ध्यान करता है, इस शक्ति के मुकाबले प्रकृति की किसी अन्य शक्ति को महत्ता नहीं देता, वही निरंकारी है। निरंकार-प्रभु को जानने-मानने वाले इन भक्तों के संगठन को 'सन्त निरंकारी मिशन' के नाम से जाना जाता है।

सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी परमात्मा का कोई आकार नहीं। इसीलिए इसे निरंकार (निराकार) कहा जाता है, वह स्वयं सारी सृष्टि का मालिक है, सारी ताकतों का मालिक है, सर्वत्र समाया हुआ है। कण-कण में है, हर जगह मौजूद है, पत्ते-पत्ते में है, डाली-डाली में है। जिसके बारे में कहा गया है- ज़मी ज़मा के विखे समस्त एक ज्योत है। न घाट है न वाद है, न वाद-घाट होत है।

फिर भी हमारे मन में अज्ञानता के कारण इसकी गैरहाज़री है। इस कारण हम एक-दूसरे से ख्वामखाह की बहस में पड़ जाते हैं।

यह एक ही ताकत है, एक ही सत्ता है। कोई इसे बिठ्ठल कर रहा है, विठोबा कह रहा है, कोई परमात्मा तो कोई निराकार कह रहा है। कोई वाहेगुरु, कोई अल्लाह तो कोई राम कह रहा है। अनेक नाम इस प्रभु के है, पर सत्ता एक ही है। इस एक को न जानने के कारण ही, हम दूसरे को ख्वामखाह बेगाना मान बैठते हैं और संकीर्णताओं में पड़ जाते हैं। एक ही ताकत है, एक ही मालिक है और एक ही नूर हर एक में वास कर रहा है। ऐसे इस एक को एक कर के जाने, एक कर के मानें, तब ही सही मायनों में हम एक हो पायेंगे।


इसी परमात्मा की महिमा गाते हुए सन्त कहते हैं कि हे प्रभु! तू बेअंत है, तू बेमिसाल है। तेरी कृपा से ही हम सजे हुए हैं। तेरी कृपा से ही हमें सब कुछ प्राप्त हो रहा है। सृष्टि की, सारी कायनात की तू ही रचना करने वाला है, तूही पालना करने वाला है। इसका अन्त भी तेरे ही हाथ में है। जैसे आप जानते हैं कि ब्रह्मा, विष्णू, महेश - ये तीनों ही रुप परमात्मा के हैं। 'GOD' में अगर हम 'त्र' को जनरेटर (GENERATOR) कह दें तो भाव है कि जो पैदा करने वाला है। अगर हम 'OPERATOR' कह दें तो भा है कि जो संचालन करता है, जो ऑपरेट करता है, जो चलाता है। 'D' को हम अगर DESTROYER कह दें तो प्रलय करता है। कहने का भाव कि यह प्रभु के गुण हैं। लेकिन आज इन्सान केवल नामों तक ही सीमित रह गया है। जिसके सब नाम हैं, उस परमात्मा को जानना ही वास्तविक ज्ञान है।

**मेरे पापा मेरी शान....**

ऐसे होते हैं पापा
हर घर की अनमोल पूंजी व
पहचान होते है पापा,
हर घर की हिम्मत, आस व
अभिमान होते है पापा ।
हर घर की खुशियों का एहसास
होते है पापा,
हर घर की उन्नति का प्रयास होते
है पापा ।
हर घर की रौनक व शान होते है
पापा,
हर घर की खुशी व बच्चों की जान
होते हैं पापा ।
बचपन में बच्चों को खुश रखने
वाला खिलौना होते हैं पापा ,
नींद में अपनी गोद में सुलाने वाला
बिछौना होते हैं पापा ।
हर घर की शौहरत व मान होते है
पापा ,
हर घर के रिश्तों की पहचान होते
है पापा ।
हर घर की हंसी, खुशी व मुस्कान
होते है पापा ,
बच्चों के दिल की धड़कन, बच्चों
की जान होते है पापा ।
हर घर जिम्मेदारियों की गाड़ी के
सारथी होते हैं पापा ,
मुश्किलों में हिम्मत व जिंदादिली से
आगे बढ़ने वाले महारथी होते हैं
पापा ।
हर घर का गौरव व हर घर का
सम्मान होते है पापा,
हर घर में बच्चों की खुशियों का
संसार व अभिमान होते है पापा ।
हर घर की आन, बान व शान होते
हैं पापा ,
हर घर की आन, बान व शान होते
हैं पापा ।।

प्रस्तुति – सुमन दत्ता
अध्यापिका– डी ए वी स्कूल,
सैक्टर– 8, पंचकुला

# पहला सुख निरोगी काया को जीवन में अपनाये: मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक



जीवन में सुख और दुख का सिलसिला चलता रहता है. व्यक्ति कभी बहुत अच्छा समय जीता है तो कभी उसे बहुत चुनौतीपूर्ण जीवन जीना पड़ता है. ज्यादातर लोग सुख के बाद आए दुख को सह नहीं पाते और इसके कारण या तो डिप्रेशन में आने लगते हैं, या जल्दबाजी में कोई न कोई गलत कदम उठा लेते हैं। चाहे कितनी ही मुश्किल आ जाए, हिम्मत मत हारिए और ठोस रणनीति बनाकर चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़िए. ध्यान रखिए अगर किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करनी है, तो उसके लिए आपको सही रणनीति जरूर बनानी पड़ेगी. दिशाहीन होकर चलने वाले को मंजिलें नहीं मिला करतीं। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 तुलसी सभागार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषसंत ने आगे कहा मुसीबत के समय में आपको सिर्फ अपना ही नहीं, बल्कि अपने परिवार के लोगों का भी विशेष खयाल रखना चाहिए. उनका साथ निभाना चाहिए और उनकी सुरक्षा का पूरा खयाल रखना चाहिए. यदि परिवार के लोगों पर कोई मुसीबत आ गई है, तो आपको प्राथमिकता के साथ उन्हें उस मुसीबत से बचाना चाहिए। पहला सुख निरोगी काया है. यानी खुद की सेहत का बेहतर खयाल रखें और खुद को निरोगी बनाकर रखें. तभी आप किसी भी योजना में सफलता से पार जा सकते हैं. यदि आप बीमार होंगे, तो चाहकर भी काम को बेहतर तरीके से नहीं कर पाएंगे. धन का हमेशा संचय करके रखिए. मुसीबत के समय धन ही आपका वो मित्र होता है, जो सबसे ज्यादा साथ देता है. यदि आपके पास धन नहीं है, तो आपके लिए समस्याएं कहीं ज्यादा विकराल हो जाएंगी।

मनीषीसंत ने कहा जीवन में आगे बढने के लिए सही और गलत का निर्णय लेता है हमारा विवेक। उसी के माध्यम से लक्ष्य को पाया जा सकता है। सिर्फ मनोरंजन प्रदान करने वाले कार्यो में हमारा मन खूब रमता है। यह जानते हुए भी कि उस कार्य से हमारे जीवन लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती, फिर भी यदि हम वह कार्य लगातार करते जाते हैं, तो यह हमारा अविवेक है। वहीं यदि हम किसी विशेष कार्य को करने का निर्णय लेने से पहले यदि उसके परिणाम और दुष्परिणाम पर सोच-विचार करते हैं, तो ऐसा हम सिर्फ अपने विवेक की मदद से कर पाते हैं। भौतिक सुख-साधन अनित्य हैं और एकमात्र ईश्वर ही सत्य है। रुपये-पैसों से हमें क्या मिलता है? दाल-रोटी, कपड़े और रहने के लिए जगह-बस इतना ही और कुछ नहीं। निश्चित तौर पर रुपये से ईश्वर नहीं मिलते हैं। इसलिए रुपये कमाना कभी हमारे जीवन का उद्देश्य नहीं हो सकता है। यदि हम इस विचार पर अपनी सहमति जताते हैं और उसी के अनुरूप कार्य करते हैं, तो इसे हम विवेक-विचार कहते हैं।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया कहा यदि हम किसी भौतिक साधन या व्यक्ति के प्रति आसक्त हैं, तो हम यह विचार कर देखें कि वास्तव में वह क्या है? क्या कालक्रमानुसार, इनका विनाश नहीं होगा या क्या वे नश्वर नहीं हैं? विवेक अर्थात सत्-असत् का विचार और वैराग्य अर्थात संसार की वस्तुओं के प्रति विरक्ति या उदासीनता। यह एकाएक प्राप्त नहीं होता है। इसके लिए हमें रोज अभ्यास करना पड़ता है।

**गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण 1551 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लोकार्पण और शिलान्यास के लिए तैयार**

# औद्योगिक अपशिष्ट के निस्तारण के लिए होगी सीईटीपी की स्थापना

अर्थ प्रकाश/ विजय कुमार निगम

**गोरखपुर/लखनऊ।** औद्योगिक नक्शे पर तेजी से उभर रहे गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 1551 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लोकार्पण और शिलान्यास के लिए तैयार हैं। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों इन विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। लोकार्पण और शिलान्यास की इन परियोजनाओं में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप 760 करोड़ रुपये के निवेश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। इसके साथ ही लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे प्लास्टिक पार्क में ही केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (सीपेट) का स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी कामन फसिलिटी सेंटर) का शिलान्यास भी प्रस्तावित है।

उत्तर प्रदेश का यह पहला प्लास्टिक पार्क होगाः केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने प्लास्टिक के विश्व व्यापार में भारत की साझेदारी को बढ़ाने एवं क्लस्टर विकास के माध्यम से प्लास्टिक पार्क योजना विकसित की है। इस योजना के तहत देश भर में 10 प्लास्टिक पार्कों को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। इसी योजना के तहत उत्तर प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे गीडा द्वारा अधिग्रहित ग्राम नरकटहा की 88 एकड़ भूमि पर बसाया जा रहा है। गीडा में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत प्लास्टिक पार्क परियोजना की कुल लागत 69.58 करोड़ रुपये है, जिसमें लागत का 25 प्रतिशत अनुदान केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

गीडा में विकसित हो रहे इस परियोजना में 92 प्लास्टिक उत्पाद की इकाइयों हेतु विभिन्न क्षेत्रफल के आवंटन हेतु उपलब्ध



प्रतीकात्मक फोटो।

भूखंडों में से करीब पांच दर्जन भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। उद्यमियों के रुझान एवं दो वर्षों में ही आवंटन के दृष्टिगत यह भारत की सर्वाधिक सफल प्लास्टिक पार्क परियोजनाओं में से एक सिद्ध हुआ है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में कई यूनिट्स में उत्पादन भी शुरू हो चुका है। इन्हीं उत्पादनरत कंपनियों में से120 करोड़ रुपये के निवेश की तीन इकाइयों का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी के हाथों से प्रस्तावित है। इसमें प्लास्टिक पैकेंजिंग की प्रमुख कंपनी टेक्नोप्लास्ट पैकेंजिंग प्राइवेट लिमिटेड है। इस कंपनी ने 96 करोड़ रुपये के निवेश से 250 लोगों को रोजगार दिया है। इसके अलावा ओम फ्लैक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 17 करोड़ रुपये के निवेश से 50 को रोजगार तथा 7 करोड़ रुपये के निवेश से 25 लोगों को रोजगार देने वाली कंपनी गजानन पॉलीप्लास्ट का भी लोकार्पण होना है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप गीडा के सेक्टर-27 में तीन निजी कंपनियों एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, ग्रीनटेक भारत प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएमजी ग्रुप) और कपिला कृषि उद्योग को भूमि आवंटित की गयी है। इससे 640 करोड़ रुपये का निवेश एवं 1200 व्यक्तियों का प्रत्यक्ष एवं

### आवासीय योजना के तहत आवंटन पत्र का वितरण भी प्रस्तावित

गीडा के सेक्टर 11 में 400 करोड़ रुपये की कालेसर आवासीय योजना के आवंटन पत्र का औपचारिक वितरण भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में होने वाले कार्यक्रम में प्रस्तावित है। 110 एकड़ भूमि में विकसित इस योजना में प्रकाशित 242 भूखंडों के सापेक्ष कुल 496 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका आवंटन, ई–लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। इस आवासीय परियोजना से गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण को लगभग 48.27 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित हुआ है।

अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन प्रस्तावित है। इन तीनों इकाइयों का भी शिलान्यास सीएम योगी के हाथों प्रस्तावित है।

प्लास्टिक पार्क में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सीपेट) द्वारा 16 करोड़ रुपये की लागत से स्किल ट्रेनिंग सेंटर और कामन फैसिलिटी सेंटर बनाया जाना है। इसके लिए गीडा द्वारा सीपेट को पांच एकड़ भूमि निशुल्क दी गई है। गीडा प्रबंधन इसका शिलान्यास भी मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कराने की तैयारी में है। इसके साथ ही गीडा में औद्योगिक इकाइयों के अपशिष्ट उपचार हेतु अड़िलापार में 11.15 एकड़ क्षेत्रफल के 93.52 करोड़ रुपये की लागत से सीईटीपी (कामन एफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इस प्लांट का शिलान्यास भी होना है। गीडा क्षेत्र में 281 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी होना है। इसमें गीडा क्षेत्र में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं जैसे सड़क, नाली, पुलिया, स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत तंत्र के निर्माण से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

**शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सीएम पुष्कर सिंह धामी की पहल**

# टॉपर्स को मिलेगा विशेष सम्मान, सीएम के निर्देश पर बनेंगे एक दिन के डीएम और एसपी

**प्रदेश की प्रमुख नदियों पर होंगे 'नदी उत्सव'**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए दो महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी टॉपर्स को एक दिन के लिए सांकेतिक जिला मजिस्ट्रेट (ष्ठरू) और पुलिस अधीक्षक (स्क्क) की भूमिका दी जाएगी। इस प्रेरणादायी कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रशासनिक अनुभव देना, उनमें आत्मविश्वास जगाना और उच्च लक्ष्य की ओर प्रेरित करना है। यह योजना जल्द ही जिलों में लागू की जाएगी और इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 'नदी उत्सव' आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं। राज्य की प्रमुख नदियों के नाम पर यह उत्सव जनसहभागिता के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य नदियों की सफाई, स्वच्छता, पुनर्जीवन और संरक्षण को जन अभियान का रूप देना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नदियां केवल जलस्रोत ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जीवनशैली का हिस्सा हैं। 'नदी उत्सव' के माध्यम से आम जन को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। धामी सरकार की यह पहल न केवल मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की ओर भी एक सशक्त प्रयास है।




### विजनिंग अभ्यास सभी सरकारी विभागों के लिए मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिएः आनन्द बर्द्धन

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने कहा कि विजनिंग अभ्यास सभी सरकारी विभागों के लिए मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वर्तमान के लिए एक योजना नहीं है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक निवेश है। उन्होंने दीर्घकालिक नीति को आकार देने और लागू करने में सरकारी अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेतु आयोग, यूएनडीपी के साथ मिलकर इसके परिभाषित मापदंडों और मापने योग्य परिणामों को महत्वपूर्ण ढांचा प्रदान करेगा। सेतु आयोग के सीईओ श्री शत्रुघ्न सिंह ने एक व्यापक आर्थिक परिप्रेक्ष्य पेश किया। उन्होंने पूंजी निवेश, वैश्विक तकनीकी अपनाने और समावेशी विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे उत्तराखण्ड के निम्न–मध्यम आय वाले राज्य से उच्च आय वाले राज्य में परिवर्तन की कुंजी बताया। इस अवसर पर सचिव नियोजन डॉ. श्रीधर बाबू अद्दांकी ने विजनिंग अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों की चर्चाओं को मार्गदर्शन और प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य क्षेत्रों में विभिन्न बेंचमार्क प्रस्तुत किए। यूएनडीपी के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य वर्ष 2047 तक प्रदेश को विकसित करने के लिए क्रॉस–सेक्टोरल कार्य समूहों द्वारा चिन्हित 218 से अधिक 卐सिग्नल्स – उभरते संकेतक और रुझान卐 को संरचना और प्राथमिकता निर्धारित करना था। ये सिग्नल्स जलवायु परिवर्तन, बुनियादी ढांचा विकास, अर्थव्यवस्था और रोजगार, स्थानीय स्व–शासन को सशक्त बनाने, वित्त, सुरक्षा, शांति और न्याय जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करते हैं, जो एक व्यापक और दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

# आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बनने की दिशा में बढ रहा है भारत : शाह

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नयी दिल्ली 16 जून।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत आपदाओं के प्रबंधन में क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कर विश्व में अग्रणी देश बनने की दिशा में बढ रहा है। शाह ने सोमवार को यहां राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों तथा आपदा मोचन बलों के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों में राहत तथा आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी एजेंसियों की विभिन्न कार्यशालाओं को एक ही बैठक के तहत लाकर संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के साथ एक वैचारिक मंच बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इससे कमियों को दूर करने और पूरे देश को आपदा से लड़ाई के लिए तैयार करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इससे सभी हितधारक और एजेन्सियां मिलकर अच्छे तालमेल से काम कर पाती हैं।

गृह मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण पूरा विश्व आपदाओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए राष्ट्रीय गठबंधन (सीडीआरआई) के योगदान के कारण



भारत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है।

श्री शाह ने कहा कि जब भी भारत के आपदा प्रबंधन का इतिहास लिखा जाएगा तो मोदी सरकार के ये दस वर्ष परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने क्षमता, गति, दक्षता और सटीकता के चारों क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि न सिर्फ क्षमता को बढ़ाया गया बल्कि उसे संवर्धित कर तहसील तक पहुंचाने का काम किया गया है। गति का भी ध्यान रखा गया है क्योंकि समय पर आपदा से लोगों को बचाना सबसे महत्वपूर्ण होता है। आधुनिक तकनीक और समर्पित स्वभाव वाले आपदा मोचन बल के कारण दक्षता में भी वृद्धि हुई है और सटीकता के साथ पूर्वानुमान तथा अग्रिम सूचना पहुंचाकर समाज को जागृत कर उसे आपदा प्रबंधन में राहत और बचाव के काम में जोड़ने में सफलता प्राप्त की गयी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर दृष्टिकोण में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। इससे 'ज़ीरो कैजुअल्टी' के लक्ष्य को सफलता के साथ हासिल किया गया है। इसके साथ ही अब दृष्टिकोण राहत केन्द्रित से बदलकर समग्र और एकीकृत बना है। उन्होंने कहा कि अब केन्द्र सरकार, राज्य सरकारें और स्थानीय इकाइयां एक इकाई के रूप में आपदाओं का सामना करने के लिए आगे आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दस वर्ष में देश का हर युवा इस मदद की भावना के साथ आपदाओं से लड़ने के लिए तैयार होगा।

श्री शाह ने कहा कि भारत ने पूर्व चेतावनी प्रणाली के विकास में बहुत कुछ हासिल किया है, यथासमय पूर्व तैयारी को कैलेंडर के साथ जोड़ा गया है। सक्रिय निवारण और शमन में वैज्ञानिक तरीके से पद्धति को तैयार किया गया है और आपदा जोखिम के न्यूनीकरण में भी बड़ी सफलता प्राप्त की गयी है। उन्होंने कहा कि भारत ने 'न्यूनतम कैजुअल्टी' के लक्ष्य पर चलते हुए 10 वर्षों में 'जीरो कैजुलल्टी' के लक्ष्य को हासिल कर पूरे विश्व को अचंभित किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन के लिए हर क्षेत्र में बजट को बढाया गया है। पन्द्रहवें वित्त आयोग में 14वें आयोग के अनुपात में बजट में 4 गुना वृद्धि की गयी है। राष्ट्रीय स्तर पर भी 68 हज़ार करोड़ रूपए से पहली बार राष्ट्रीय आपदा जोखिम प्रबंधन कोष की रचना की गयी है। उन्होंने कहा कि अंतराज्यीय मॉक ड्रिल को वार्षिक कार्यक्रम बनाया जायेगा। उन्होंने कहा , ÷ स्टार्ट-अप इंडिया को भी हम आपदा राहत तकनीक के विकास के साथ जोड़ना चाहते हैं। एक लाख कम्युनिटी वॉलंटियर्स को तैयार करने का काम भी हमने किया है और इसमें 20 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसके साथ ही, 470 करोड़ की लागत से हमने युवा आपदा मित्र योजना भी बनाई है।÷गृह मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन तथा ग्लोबल वॉर्मिंग ही आपदाओं का मूल कारण हैं और इसे ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण पर अधिक जोर दिये जाने की जरूरत है।

## भारतीय टीम के साथ आज फिर से जुड़ेंगे गौतम गंभीर

**लंदन 16 जून।** भारत बनाम इंग्लैंड के बीच शुक्रवार को शुरु होने वाले टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम के प्रमुख कोच गौतम गंभीर कल फिर से दल के साथ जुड़ जाएंगे। गौतम गंभीर अस्पताल में भर्ती मां के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण 11 जून को इंग्लैंड से दिल्ली लौट आए थे। गंभीर की अनुपस्थिति में रायन टेन डेशकाटे, सहायक कोच सितांशु कोटक और गेंदबाजी कोच मॉर्ने मोर्कल ने टीम की तैयारी की निगरानी की। इंडिया ए के कोच ऋषिकेश कानितकर भी उनके साथ थे। ऐसा माना जा रहा है कि गंभीर की मां के स्वास्थ्य में अब सुधार है और वह मंगलवार को भारतीय टीम के साथ जुड़ जायेंगे।

पहले टेस्ट को देखते हुए गंभीर को टीम प्रबंधन के साथ मिलकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे। जसप्रीत बुमराह को पांच टेस्ट में से तीन टेस्ट खेलने है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि वह कौन से तीन मैचों में खेलेंगे। इसके अलावा साई सुदर्शन और वापसी कर रहे करुण नायर के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए विकल्पों पर विचार करना होगा।ध्रुव जुरेल और अभिमन्यु ईश्वरन भी अच्छी फॉर्म में हैं।

नीतीश कुमार रेड्डी और शार्दुल ठाकुर के बीच भी चयन को लेकर भी फैसला लेना होगा।

# बायरन तंबाकू खरीद हेतु 150 करोड़ आर्थिक सहयोग दे : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/ बोम्मा रेड्डी



**अमरावती (आंध्र प्रदेश )।** मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश में वाणिज्यिक फसल उगाने वाले किसानों और जलीय कृषि से जुड़े लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ एक महत्वपूर्ण चर्चा की। राज्य के अपने दौरे के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने सीएम के कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने एचडी बर्ले तंबाकू की खरीद, कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क में कमी, एक्वा निर्यात पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ और आम के गूदे पर जीएसटी में कमी जैसे मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की मौजूदा स्थिति और किसानों को हो रही परेशानियों के बारे में बताया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इन मुद्दों के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी और केंद्र से सहयोग मांगा।

**एचडी बर्ले तंबाकू खरीद के लिए 150 करोड़ का मांगाः** मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि इस सीजन में एचडी बर्ले और व्हाइट बर्ले तंबाकू की खेती करने वाले किसानों को कीमतों में गिरावट के कारण गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही खरीद उपाय शुरू कर दिए हैं और 300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 20 मिलियन किलोग्राम तंबाकू खरीदने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि बापटला, गुंटूर, पालनाडु और प्रकाशम जिलों में एपी मार्कफेड के माध्यम से सात खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि खरीद के लिए तंबाकू बोर्ड के माध्यम से 150 करोड़ रुपये प्रदान किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल 1.31 लाख हेक्टेयर में तंबाकू की खेती की गई है - जो पिछले साल की तुलना में अधिक है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू की अंतरराष्ट्रीय मांग में कमी के कारण कीमतों में गिरावट आई है, जिसका किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने तम्बाकू उत्पादन और विपणन को पूरी तरह से तम्बाकू बोर्ड के दायरे में लाने के लिए संशोधनों का आग्रह किया।

**कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क पुनर्विचार करेंः** मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कच्चे पाम तेल पर आयात शुल्क में कमी से घरेलू किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने से पाम तेल किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

**जलीय किसानों के लिए सहायता मांगीः** मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि आंध्र प्रदेश में 8 लाख जलीय किसान जलीय उत्पादों के निर्यात पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क के कारण पीड़ित हैं। उन्होंने अनुरोध किया कि केंद्र जलीय उत्पादों पर 27 प्रतिशत शुल्क को कम करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत करे।

**आम के गूदे पर जीएसटी कम करेंः** मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से आम के गूदे पर जीएसटी 12प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आम की जेली (आम रसा) पर जीएसटी वर्तमान में 5 प्रतिशत है, और आम के गूदे पर भी इसी तरह की दर लागू होनी चाहिए। जीएसटी में कमी से आम के किसानों और गूदे के उद्योग दोनों को फायदा होगा। यह मुद्दा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ध्यान में लाया जा चुका है कहा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री के अनुरोधों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि तंबाकू, पाम ऑयल और आम की खेती करने वाले किसानों की मदद के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

# 11 वर्षीय युवती को सड़क क्रास करते समय कार चालक ने जोरदार टक्कर मारी, युवती की हालत गंभीर

अर्थ प्रकाश/ संदीप सिंह बावा

जीरकपुर । पटियाला रोड पर स्थित राम पुर कला गांव के नजदीक एक 11 वर्षीय युवती को सड़क क्रास करते समय एक कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसका कारण युवती को गंभीर चोटें आई है। जख्मी हालात में घायल युवती के भाई ने लोगों की मदद से उसे ढकोली सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टरों ने उसकी हालात को गंभीर देखते हुए सैक्टर 32 जीएमसीएच सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस घायल युवती हिमांशी के भाई राम गोपाल शर्मा की शिकायत अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अज्ञात कार चालक के खिलाफ 281, 125(बी), 324 (4) के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में घायल 11 वर्षीय युवती हिमांशी के भाई ने बताया कि वह नजदीक कोल्ड स्टोर मोतिया अमेलिया जीराकपुर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता कि 8 साल पहले मौत हो गई थी और उनकी मां के बाजु में भी रोड डली हुई है। जिस कारण घर के सारा खर्च कि जिम्मेवारी उसी की है और उसकी चार बहने भी है जिनमे में से सबसे छोटी बहन हिमांशी (11) है, वह राज मिस्त्री के साथ मजदूरी का काम करता है और उसकी बहने भी उसके साथ काम करती है। घर में कोई ना होने के कारण वह अपनी छोटी बहन हिमांशी(11) को भी साथ ले जाते है। सुबह करीब पौने 11 बजे उसकी बहन पानी लेने के लिए जा रही थी और वह भी उसके पीछे पीछे जा रहा था। जैसे ही उसकी बहन हिमांशी एक सड़क क्रास कर दूसरी सड़क को क्रास करने लगी तो छत गांव की तरफ टोल प्लाजा की तरफ जा रही एक सिल्वर कलर की कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान उसकी बहन उछल कर गाड़ी के फंट शीशे पर जा गिरी और कार थोड़ी दूर जाकर रुकी तो उसकी बहन बोनट से नीचे गिर गई। इस दौरान उसका दोस्त रोबिन भी वहां आ गया जो उनके साथ ही काम कर रहा था और फ़ास्टटैग लगाने वाला धनवंत सिंह जोकि सामने बैठा था उसने सब देखा और उसको बहन को उठाने में उनकी मदद की। इस दौरान कार चालक मौका देख कर वहां से फरार हो गया। जिसके बाद वह अपने दोस्त रोबिन व लोगों की मदद से अपनी बहन को ढकोली सरकारी अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसकी हालात को गंभीर देखते हुए उसे सैक्टर 32 सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। लापरवाही व तेज रफ्तार कार चलाकर उसकी बहन को घायल करने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**जिलाधिकारी नेहा शर्मा की सख्ती**

# मानकविहीन नाला निर्माण पर ठेकेदार का कार्यादेश निरस्त

अर्थ प्रकाश/ टीडी पांडेय

गोंडा, 14 जून 2025। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में कर्नलगंज स्थित मोहल्ला बालकराम पुरवा के कम्पोजिट विद्यालय (जूनियर हाई स्कूल) में आयोजित ग्राम चौपाल 3.0 के दौरान एक बड़ी अनियमितता पर त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की गई। नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के वार्ड नं0-11, मौर्य नगर में सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अंतर्गत हो रहे नाले के निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही ठेकेदार के कार्यादेश को निरस्त करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी के आदेश पर नगर पालिका कर्नलगंज के द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

नगर पालिका द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उक्त कार्य मास्टर इंटरप्राइजेज, प्रो0 श्री मोहम्मद इबरार, मेंहदी हाता, कर्नलगंज के पक्ष में एल-1 निविदा के तहत स्वीकृत किया गया था। आगणन के अनुसार नाले का निर्माण सीमेंट-कांक्रीट (ष्टष्ट) से किया जाना था, किंतु ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य ईंट से प्रारंभ कर दिया गया। मौके पर मौजूद अवर अभियंता द्वारा कार्य को तत्काल रुकवा दिया गया, बावजूद इसके ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पुनः शुरू नहीं किया गया।

चौपाल के दौरान स्थानीय सभासद श्री अंकुर मौर्य द्वारा इस अनियमितता की शिकायत की गई, जिसे जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए जांच कराई और निर्माण कार्य में भारी लापरवाही तथा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर ठेकेदार का कार्यादेश निरस्त कर दिया गया। साथ ही अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही एल-2 निविदादाता ताजुद्दीन कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर को कार्य का जिम्मा सौंपते हुए कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है।

# विधायक रंधावा ने की लुधियाना पश्चिम में अनुसूचित जाति समुदाय के साथ चुनावी बैठक

अर्थ प्रकाश/ संदीप बाबा

**जीरकपुर।** डेरा बस्सी विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने अन्य साथी विधायकों के साथ लुधियाना पश्चिम से आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा के पक्ष में प्रचार करते हुए गोपाल नगर गली नंबर 14, वार्ड नंबर 63 में एमसी घुमन जी की मौजूदगी में चुनावी बैठक की और सैकड़ों लोगों ने विभिन्न पार्टियों को अलविदा कहकर आम आदमी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा सभी वर्गों के लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई है, जिसे पंजाब के लोग अच्छी तरह से जानते हैं। विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार ने शहीद-ए-आजम स. भगत सिंह और बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी की तस्वीरें लगाकर उन महान शख्सियतों को श्रद्धांजलि दी है जिनसे हमारी आने वाली पीढ़ियां हमेशा मार्गदर्शन लेती रहेंगी। विधायक ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 साल हो गए हैं,



लेकिन देश के सभी उच्च न्यायालयों में किसी भी राज्य के वकील या सरकारी वकील की भर्ती के लिए एससी/एसटी के लिए कोई आरक्षण नहीं था। उन्होंने कहा कि खुद को पिछड़े वर्गों का हितैषी कहने वाली पिछली सरकारों ने कभी भी उनके पक्ष में आवाज नहीं उठाई, वे केवल वोट पाने के लिए एससी समुदाय का इस्तेमाल करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने 2017 में राज्य के उच्च न्यायालयों में एससी/एसटी के लिए आरक्षण की मांग की थी, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि हमारी पार्टी 2017 के अधिनियम में संशोधन लेकर आई थी और उस समय पहली बार सीनियर एडवोकेट जनरल या अतिरिक्त एडवोकेट जनरल या सीनियर डिप्टी एडवोकेट जनरल या डिप्टी एडवोकेट जनरल, असिस्टेंट एडवोकेट जनरल या एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड के 58 पदों को भरने के लिए आरक्षण दिया गया था। जो पंजाब के एससी और पंजाब के अनुसूचित जनजातियों के पक्ष में लिया गया एक ऐतिहासिक बड़ा फैसला है।




# हिसार में ट्रक से टकराई कार, 4 की मौत

## मरने वालों में 3 एक ही परिवार से, राज्यसभा सांसद सुरजेवाला के गांव से आए थे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**हिसार, 16 जून।** हरियाणा में हिसार जिले के बरवाला क्षेत्र में सोमवार को एक कार का टायर फटने से वह ट्रक से जा टकराई, जिसमें एक ही परिवार के 3 सदस्यों सहित 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी लोग अस्पताल से दवाई लेकर लौट रहे थे।

मरने वाले सभी लोग एक ही गांव के रहने वाले थे। इनकी पहचान जींद के नरवाना उपमंडल के गांव सुरजाखेड़ा के निवासी महावीर सिंह (75), उनकी पत्नी रोशनी देवी (70), भतीजा संदीप उर्फ मीकू (40) और इसी गांव के सुनील कुमार (40) के रूप में हुई है। सुरजाखेड़ा कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला का गांव है।

जानकारी के अनुसार, महावीर सिंह को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत थी। उन्हें दवाई दिलाने के लिए सोमवार को उनका भतीजा संदीप हिसार ले गया था। इनके साथ महावीर की पत्नी रोशनी और गांव का युवक सुनील भी था। ये सभी कार से हिसार के आधार हॉस्पिटल गए थे।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया है कि दोपहर बाद सभी लोग गांव सुरजाखेड़ा लौट रहे थे। इनकी गाड़ी जब बरवाला बाईपास पर पहुंची तो यहां अचानक कार का एक टायर फट गया। टायर फटने से गाड़ी बेकाबू हो गई और सड़क के दूसरी ओर जा पहुंची।

वहां सामने से आ रहे एक ट्रक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया।



### परिवार में अब सिर्फ पति-पत्नी और बच्चे बचे

इस सड़क हादसे में पूरा परिवार उजड़ गया। संदीप के माता-पिता की मौत के बाद से उसकी देखभाल उसके ताऊ-ताई ने ही की। संदीप भी ताऊ-ताई की अपने माता-पिता की तरह सेवा करता था। यही कारण रहा की ताऊ महावीर की तबीयत खराब होने पर वह खुद उन्हें दिखाने हिसार आया था। अब परिवार में न संदीप है, और न उसके ताऊ-ताई। इस हादसे के बाद परिवार में संदीप की पत्नी और उसके 2 बच्चे ही बचे हैं।

### मौके पर भीड़ जमा हुई, जाम लगा

हादसा होते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई और जाम लग गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थोड़ी देर में पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को समझा। पुलिस ने लोगों से भी पूछताछ की। हालांकि, कार पूरी तरह दब गई थी, इसलिए उससे शव बाहर निकालने मुश्किल थे।

### ट्रक के नीचे फंस गई थी कार

पुलिस के अनुसार, जोरदार टक्कर के कारण कार भी ट्रक के नीचे फंस गई थी। इसलिए, उसे भी नहीं निकाला जा सका। इसके लिए क्रेन बुलाई गई। थोड़ी देर में क्रेन आई और कार को ट्रक के नीचे से खींचा गया। इसके बाद शव निकाले गए। कार में चार लोग सवार थे। उन सबकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को बरवाला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहां से पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे की सूचना मृतकों के परिजनों को भी दे दी गई थी। इस सूचना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

### ताऊ-ताई की कोई संतान नहीं, संदीप इकलौता था

मृतकों के परिजनों के मुताबिक, संदीप रोडवेज में कंडक्टर था। वह घर का इकलौता वारिस था। वह शादीशुदा था और उसके 2 बेटे हैं। एक बेटा कोटा में प?ाई कर रहा है और दूसरा बेटा हिसार में ही प?ता है। जबकि, उसके ताऊ महावीर की कोई संतान नहीं है। संदीप के माता-पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है।

# छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई ने सीएम आवास पर किया कूच

चंडीगढ़ पुलिस ने बीच रास्ते में घेरा, हुई धक्का मुक्की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 16 जून।** हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई हरियाणा ने सोमवार को चंडीगढ़ में विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास की तरफ कूच किया। चंडीगढ़ पुलिस ने थोड़ी दूरी पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इस बीच पुलिस तथा कार्यकर्ताओं के बीच काफी धक्का-मुक्की भी हुई।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव के नेतृत्व में आज एनएसयूआई कार्यकर्ता चंडीगढ़ के सेक्टर-नौ स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर एकत्र हुए। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि एचएयू कुलपति डॉ. बलदेव राज कंबोज का तत्काल इस्तीफा लिया जाए। छात्रों पर जानलेवा हमला करने वाले प्रोफेसर को हत्या के प्रयास के तहत तुरंत गिरफ्तार किया जाए। यूनिवर्सिटी कैलेंडर में किए गए संशोधन और प्रोस्पेक्टस में एलडीवी के नियमों में किए गए बदलाव को तुरंत वापस लिया जाए। विरोध में भाग लेने वाले किसी भी छात्र पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई न की जाए। जिस दर से छात्रों की फीस बढ़ाई जा रही है, उसी अनुपात में छात्रवृत्ति में भी वृद्धि की जाए।

अविनाश यादव ने कहा कि इस आंदोलन में वह पूरी तरह से छात्रों के साथ है। कांग्रेस मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास की तरफ कूच किया। चंडीगढ़ पुलिस ने कुछ दूरी पर ही बेरीकेडिंग करके उन्हें रोक लिया। जहां पुलिस तथा कार्यकर्ताओं के बीच काफी देर तक धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने कुछ युवाओं को हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिया।

# पुलिस लाइन में सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने किया योग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पुलिस लाइन पंचकूला में सोमवार आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सहयोग से एक विशेष योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अनुभवी योग प्रशिक्षिका रेनू मेहता द्वारा योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान के माध्यम से उपस्थित पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रहने के लिए उपयोगी अभ्यास कराए गए। सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने भाग लेकर मानसिक व शारीरिक रूप से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की अगुवाई पुलिस उपायुक्त पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने की। बता दे डीसीपी सृष्टि गुप्ता द्वारा कार्यभार संभालने के बाद पुलिस विभाग में नई ऊर्जा व कार्यक्षमता को बढ़ावा देने हेतु सोमवार सुबह योग सत्र की शुरुआत की गई है, ताकि पुलिसकर्मी अपने तनाव को दूर कर स्वस्थ मानसिकता के साथ बेहतर सेवा दे सकें। रेनू मेहता पिछले 21 वर्षों से संस्था से जुड़ी हैं और सेना, पुलिस व अन्य सुरक्षा बलों के लिए नियमित योग व स्वास्थ्य कार्यशालाएं संचालित कर रही हैं। इस सत्र में दीपा कुमारी और गायत्री मित्तल ने भी योग शिक्षिका के रूप में सक्रिय सहयोग दिया। योग सत्र के बाद पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और सकारात्मक पहल करते हुए पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस लाइन परिसर में सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया। इस दौरान एक ही सत्र में लगभग 100 पौधे लगाए गए। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने सभी कर्मियों को पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता को अपनाने और पुलिस परिसर को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के निर्देश दिए।



















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)